सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 10 जून, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 158, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**आठ कंपनियों की पूंजी 3.28 लाख करोड़ बढ़ी**

पिछले सप्ताह 10 सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनियों में आठ ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 3.28 लाख करोड़ रुपये जोड़े। } 14

**मोदी ने महात्मा गांधी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की**

प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्मारक राजघाट पर अपने शपथ ग्रहण समारोह से पहले रविवार सुबह श्रद्धांजलि अर्पित की। } 16

# नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार बने देश के प्रधानमंत्री

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। अठारहवीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गड़करी, निर्मला सीतारमण, जे पी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, एस जयशंकर, मनोहर लाल खट्टर, पीयूष गोयल सहित कई अन्य नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली। मंत्री पद की शपथलेने वाले में 30 कैबिनेट मंत्री, 5 स्वतंत्र प्रभारवाले राज्यमंत्री और 36 राज्य मंत्री शामिल हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने पांच साल बाद ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में वापसी की है।

मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। नेहरू 1947 से स्वतंत्रता के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने।

साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नीत राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। इसके बाद राजग की बैठक में मोदी को पिछले दिनों भाजपा और राजग संसदीय दल का नेता चुना गया था। नेता चुने जाने के बाद मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

शपथ लेने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा जनता दल (सेक्यूलर) के एच डी कुमारस्वामी सहित राजग के घटक दलों के कई पमुख नेता भी शामिल थे। शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई शीर्ष नेता भी शामिल हुए। इस अवसर पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के कई शीर्ष नेता मौजूद थे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे, बांग्लादेश की राष्ट्रपति शेख हसीना और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। विदेशी नेताओं में मुइज्जू की यात्रा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह भारत और मालदीव के बीच संबंधों में जारी तनाव के समय हुई है। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद सभी नेता राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगे। क्षेत्रीय समूह दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) देशों के नेताओं ने मोदी के पहले शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था, जब उन्होंने भाजपा की शानदार चुनावी जीत के बाद प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था। मोदी जब 2019 में लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने तो उनके शपथ ग्रहण समारोह में बिम्सटेक देशों के नेता शामिल हुए थे। यह यात्रा अद्वितीय भारत-नेपाल संबंधों को दर्शाती है तथा हमारे बहुमुखी संबंधों को और अधिक गति प्रदान करेगी।



तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते नरेन्द्र मोदी



प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिवादन करते नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री के साथ 30 कैबिनेट, 5 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और 36 राज्यमंत्रियों ने ली शपथ**



तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर लखनऊ में आतिशबाजी कर जशन मनाते लोग फोटोः समीर भटनागर

### राजनाथ, अमित शाह, नड्डा व गडकरी बने कैबिनेट मंत्री



राजनाथ सिंह



अमित शाह



जे.पी. नड्डा



नितिन गडकरी

### शिवराज, निर्मला, जयशंकर व खट्टर बने केन्द्रीय मंत्री



शिवराज सिंह चौहान



निर्मला सीतारमण



एस. जयशंकर



मनोहर लाल खट्टर

## मोदी को तीसरी बार पीएम बनने पर योगी ने दी बधाई



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरी बार पदभार ग्रहण करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, वेद लाहोटी रहे अव्वल

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे रविवार सुबह घोषित कर दिए गए जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

इस बार परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी मद्रास के अनुसार, आईआईटी बंबई जोन की द्विजा धर्मेशकुमार पटेल को 360 में 322 अंक मिले और वह छात्राओं में शीर्ष स्थान पर रहीं वहीं देशभर में वह सातवें स्थान पर रहीं। शीर्ष 10 स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से चार आईआईटी मद्रास से हैं। परीक्षा में दूसरे स्थान पर आदित्य (दिल्ली जोन) और तीसरे स्थान पर भोगलपल्ली संदेश (मद्रास जोन) रहे। रिदम केडिया



(आईआईटी रूड़की जोन), पुट्टी कुशल कुमार (आईआईटी मद्रास), राजदीप मिश्रा (आईआईटी बंबई जोन), कोदुरी तेजेश्वर (आईआईटी मद्रास ज़ोन), ध्रुवी हेमंत दोशी (आईआईटी बंबई जोन) और अल्लादाबोना एसएसडीबी सिधविक सुहास (आईआईटी मद्रास जोन) ने इसी क्रम में अगली रैंक हासिल की है। आईआईटी मद्रास जोन से सबसे अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके बाद आईआईटी दिल्ली जोन और आईआईटी बॉम्बे जोन हैं। शीर्ष 500 सफल अभ्यर्थियों में से 145 आईआईटी मद्रास जोन के हैं, इसके बाद 136 आईआईटी बॉम्बे जोन से और 122 आईआईटी दिल्ली जोन के हैं। कुल सात विदेशी अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, जबकि 179 भारतीय प्रवासी नागरिक (ओसीआई) भी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। आईआईटी-जेईई एडवांस्ड में दोनों परीक्षा में कुल 1,80,200 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 48,248 उत्तीर्ण हुए। कुल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में 7,964 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। ज्वाइंट सीट एलोकेशन (जेओएसएए) काउंसलिंग सोमवार से शुरू होगी।

## घाटी में श्रद्धालुओं पर आतंकी हमला, 10 की मौत

### जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में गोलीबारी के बाद खाई में गिरी बस, 36 घायल

**एजेंसी**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को संदिग्ध आतंकवादियों की गोलीबारी के बाद तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में जा गिरी। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। इस बारे में डीसी रियासी विशेष महाजन ने पुष्टि की।

अधिकारियों ने शुरुआती जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि श्री शिव खोड़ी मंदिर जा रहे तीर्थयात्रियों की बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में हमला हुआ। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान शुरू किया गया और पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के जवान घटनास्थल पर पहुंच



गए हैं। एसएसपी रियासी मोहिता शर्मा का कहना है, शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि आतंकवादियों ने शिवखोड़ी से कटरा जा रही यात्री बस पर गोलीबारी की। गोलीबारी के कारण बस चालक ने बस से संतुलन खो दिया और बस खाई में गिर गई। घटना में 33 लोग घायल हो गए। बचाव अभियान पूरा हो चुका है। यात्रियों की पहचान की अभी पुष्टि नहीं हुई है, वे स्थानीय नहीं हैं।" बता दें श्री शिव खोड़ी गुफा जिला रियासी में स्थित मंदिर के आधार शिविर रनसू से लगभग 4.0 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां देश के अलग-अलग हिस्सों से श्रद्धालु भगवान शिव का दर्शन करने के लिए आते हैं। गुफा की विशिष्ट विशेषता प्राकृतिक रूप से निर्मित 4 फीट ऊंचा 'शिवजी महाराज लिंगम' है। गुफा के अंदर पत्थरों पर अंकित अन्य प्राकृतिक देवता भी मौजूद हैं। ये देवता हिंदू देवताओं के 33 करोड़ देवताओं के प्रतीक हैं। श्री शिव खोड़ी श्राइन बोर्ड का गठन 2003 में किया गया था। इसके बाद 11 फरवरी 2008 को जम्मू-कश्मीर राज्य विधानमंडल ने श्री शिव खोड़ी तीर्थ के बेहतर प्रबंधन, प्रशासन और शासन के लिए एक अधिनियम पारित किया, जिसका नाम था 'जम्मू और कश्मीर श्री शिव खोड़ी तीर्थ अधिनियम ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- यूपी में अब तक 6 हजार से अधिक युवाओं के उद्यम स्वीकृत (पृष्ठ-02)
- परिषदीय विद्यालयों में स्काउट और गाइड को प्रभावी ढंग से होगी लागू (पृष्ठ-02)
- यात्री वाहनों का निर्यात 2.68 लाख इकाई बढ़ा (पृष्ठ-14)
- हिमालयन मिनरल वाटर के खिलाफ दिवाला कार्रवाई शुरू (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने इक्विटी से 14,800 करोड़ निकाले (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** मृदुभाषी, कुशल प्रशासक और बेहतरीन जमीनी नेता की है छवि

## भाजपा संगठन को मजबूत करने का श्रेय राजनाथ को

नयी दिल्ली। एक रणनीतिकार और जमीनी स्तर से जुड़े एक सर्वोत्कृष्ट नेता राजनाथ सिंह को नब्बे और उसके बाद के दशकों में हिंदी पट्टी के राज्य उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठनात्मक नेटवर्क का विस्तार करने का श्रेय दिया जाता है।

भौतिकी के प्रोफेसर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली दूसरी सरकार में देश के रक्षा मंत्री तक का महत्वपूर्ण सफर तय करने वाले राजनाथ भाजपा के ऐसे मजबूत स्तंभ हैं जिनकी पहचान कुशल प्रशासक और राजनीतिक शुचिता का सम्मान करने वाले परिपक्व नेता के रूप में होती है। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य के चंदौली जिले से आने वाले सिंह को एक उदारवादी चेहरे के रूप में जाना जाता है और पार्टी लाइन से हटकर नेताओं के बीच उनका व्यापक सम्मान है। मधुरभाषी और नपा तुला बोलने वाले सिंह प्रतिद्वंद्वियों पर कमोबेश निजी हमले करने से परहेज करते हैं। पार्टी में उनके कद का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लाल कृष्ण आडवाणी के बाद वह ऐसे नेता हैं जिन्होंने दो अलग-अलग कार्यकाल के लिए पार्टी की कमान संभाली है। राजनाथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की राजनीतिक विरासत को इस लिहाज से आगे बढ़ा रहे है कि उन्होंने वाजपेयी के संसदीय क्षेत्र



लखनऊ से लगातार चार बार विजय प्राप्त की। उन्होंने वाजपेयी सरकार में कृषि मंत्री का प्रभार भी संभाला था। आडवाणी तीन बार (1986 से 1990, 1993 से 1998 और 2004 से 2005) पार्टी अध्यक्ष रहे, जबकि सिंह 2005 से 2009 तक अध्यक्ष रहने के बाद 2013-14 में भी भाजपा अध्यक्ष रहे। उन्हीं के अध्यक्ष रहते पहली बार प्रधानमंत्री पद के लिए नरेन्द्र मोदी के नाम पर मुहर लगी थी। संघ के साथ उनके बेहतर रिश्ते का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आडवाणी के जिन्ना प्रकरण के बाद संघ ने सिंह को ही पार्टी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद उन्होंने दूसरी बार पार्टी की कमान तब संभाली थी जब एक मामले में नितिन गडकरी का नाम सामने आया था। साधारण किसान परिवार में जन्मे सिंह ने मामूली कार्यकर्ता से लेकर पार्टी के अध्यक्ष और देश के गृह मंत्री जैसे अहम पद का जिम्मा संभाला है। वह सियासत में कदम रखने से पहले मिर्जापुर के कॉलेज में व्याख्याता हुआ करते थे। भाजपा में सफलता की सीढ़ी संघ है और सिंह का राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ से गहरा नाता है। वर्ष 1964 में 13 वर्ष की अवस्था में ही वह संघ से जुड़ गए। व्याख्याता बनने के बाद भी संघ से उनका जुड़ाव बना रहा। राजनाथ ने हाल में एक टीवी साक्षात्कार में आपातकाल के दौरान जेल में रहने के दौरान उनकी मां के निधन का उल्लेख किया था। वह यह बताते समय भावुक हो गये थे कि तत्कालीन जेल प्रशासन ने उन्हें उनकी मां के अंतिम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शेयर बाजार में 4 जून को हुई भारी गिरावट पर याचिका दायर

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर आग्रह किया गया है कि चार जून को चुनाव परिणाम के दिन शेयर बाजार में आई भारी गिरावट पर केंद्र और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया जाए।

वकील विशाल तिवारी की याचिका में सरकार और सेबी को अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति के सुझाव पर विचार करने के लिए तीन जनवरी को दिए गए आदेशों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिए जाने का भी आग्रह किया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि केंद्र और सेबी को विशेषज्ञ समिति के सुझावों पर रचनात्मक रूप से विचार करना चाहिए तथा नियामक ढांचे को मजबूत करने, निवेशकों की सुरक्षा और प्रतिभूति बाजार का कामकाज व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कार्वाई करनी चाहिए। याचिका में कहा गया, "ऐसा कहा जाता है कि लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के संबंध में एग्जिट पोल की घोषणा के बाद शेयर बाजार में तेजी आई, लेकिन जब वास्तविक नतीजे घोषित हुए तो बाजार गिर गया। इसमें कहा गया है, शेयर बाजार में अस्थिरता फिर से उभरी है। समाचार रिपोर्ट के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अखिलेश का पीडीए फॉर्मूला 2027 में काम करेगा या नहीं !

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी के पीडीए फार्मूले ने जबरदस्त काम किया। पिछले लोकसभा चुनाव में सिर्फ पांच सीटें जीतने वाली समाजवादी पार्टी इस बार आश्चर्यजनक रूप से 37 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही। इस बार उसने कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और शानदार प्रदर्शन

- यूपी के विधानसभा चुनाव में बचे हैं सिर्फ ढाई साल

किया। लेकिन इस प्रदर्शन के साथ ही एक सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि क्या अखिलेश यादव का यह पीडीए फार्मूला 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी काम करेगा? यूपी के विधानसभा चुनाव में अब ढाई साल का वक्त बचा है।

**मुलायम के रहते जीती थीं 34 सीटें :** सपा को उत्तर प्रदेश में इतनी बड़ी कामयाबी तब भी नहीं मिली थी जब पार्टी की कमान इसके संस्थापक मुलायम सिंह यादव के हाथ में थी। मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा ने 2004 के लोकसभा चुनाव में अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया था और तब उसने 34 सीटें जीती थी। पीडीए का मतलब है। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक। यूपी में पिछड़े समुदाय की आबादी 45 प्रतिशत, दलित समुदाय की आबादी 21.5 प्रतिशत और मुस्लिम समुदाय की आबादी 20 प्रतिशत है। कुल मिलाकर पीडीए की आबादी यूपी में 86.5 प्रतिशत है।

**यूपी में किस समुदाय से बीजेपी के कितने सांसद :** लोकसभा चुनाव में सपा ने टिकट बंटवारे के दौरान भी पीडीए के फार्मूले का विशेष ध्यान रखा। अखिलेश यादव ने इस बात पर भी जोर दिया कि पार्टी पर मुस्लिम-यादव समीकरण की छाप ना दिखाई दे। इसलिए उन्होंने यादव समुदाय से सिर्फ पांच नेताओं को टिकट दिया। अखिलेश ने ओबीसी समुदाय की अन्य जातियों को आगे बढ़ने का मौका दिया और यही नहीं दो सामान्य सीटों पर दलित समुदाय से आने वाले नेताओं को उम्मीदवार बनाया। इनमें से एक फैजाबाद सीट पर अवधेश प्रसाद को जीत मिली है जबकि दूसरी सीट मेरठ में सुनीता जाटव सिर्फ साढ़े दस हजार वोटों के अंतर से चुनाव हारी हैं। सपा



के हिस्से में 62 सीटें आई थीं।

लोकसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस और टीएमसी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस को उसने 17 सीटें दी थी और टीएमसी को एक सीट दी थी। पार्टी ने खुद 62 सीटों पर चुनाव लड़ा था। सपा और कांग्रेस की संयुक्त सूची में 33 उम्मीदवार ओबीसी 19 दलित और 6 मुस्लिम समुदाय से थे।

**आरक्षण खत्म करने का लगाया आरोप :** अखिलेश ने चुनाव प्रचार के दौरान बीजेपी पर संविधान को खत्म करने और आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया

**सपा के 86 प्रतिशत सांसद पीडीए से हैं**

| समुदाय | कितने सांसद जीते |
|---|---|
| ओबीसी | 20 |
| दलित | 8 |
| मुस्लिम | 4 |
| सामान्य | 5 |

था। कांग्रेस और सपा के नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान कई बार कहा कि भाजपा 400 सीटें इसलिए मांग रही है क्योंकि वह संविधान को बदल सके और दलित और पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर सके। इसने दलित और पिछड़ी जातियों को सपा के पक्ष में लामबंद किया और पार्टी को 2019 के चुनाव के मुकाबले कहीं बड़ी जीत मिली। कुछ ऐसा ही कांग्रेस के साथ हुआ और 2019 में सिर्फ रायबरेली सीट पर जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस इस बार 6 सीटें जीतने में कामयाब रही। कांग्रेस और सपा की यह सोशल

**बीजेपी के किस समुदाय से कितने सांसद जीते**

| समुदाय | कितने सांसद जीते |
|---|---|
| ओबीसी | 10 |
| दलित | 8 |
| मुस्लिम | 0 |
| सामान्य | 15 |

इंजीनियरिंग निश्चित रूप से भाजपा के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है।

**जातीय जनगणना का मुद्दा :** अखिलेश यादव ने पीडीए के साथ ही जाति जनगणना का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। इसके तहत उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ओबीसी समुदाय को उसका पूरा हक मिलना चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी जातीय जनगणना का समर्थन किया और इसे चुनावी घोषणा पत्र में भी शामिल किया।

**काम नहीं कर पाया भाजपा का हिंदुत्व कार्ड :** पूरे देश में और विशेषकर उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान बीजेपी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के मुद्दे को चुनाव प्रचार के केंद्र में रखा था। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर के उद्घाटन में मुख्य यजमान थे और पार्टी ने अपनी राज्य सरकारों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों, विधायकों, बड़े पदाधिकारियों को राम मंदिर का दर्शन करवाया था। चुनाव प्रचार के दौरान यह माना जा रहा था कि उत्तर प्रदेश में राम लहर है और बीजेपी पिछली बार मिली 62 सीटों से आगे चली जाएगी लेकिन अखिलेश यादव ने पीडीए के फार्मूले का बार-बार जिक्र किया और चुनाव नतीजे स्पष्ट रूप से बताते हैं कि पीडीए के सामने बीजेपी का राम मंदिर कार्ड कमजोर पड़ गया। अखिलेश यादव ने पिछले साल उत्तर प्रदेश में घोसी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के दौरान अबकी बार पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सरकार का नारा दिया था। इस नारे ने उस वक्त भी काम किया था और समाजवादी पार्टी को जीत मिली थी।

**बीजेपी ने पिछड़े समुदाय के नेताओं को जोड़ा :** अखिलेश यादव के पीडीए के जवाब में बीजेपी ने हिंदुत्व के कार्ड के साथ ही पिछड़े समुदाय के नेताओं को पार्टी से जोड़ा था। सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और सपा के पूर्व विधायक दारा सिंह चौहान को भाजपा ने योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया। दारा सिंह चौहान को विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी पार्टी ने विधान परिषद का सदस्य बनाया। पार्टी को उम्मीद थी कि राजभर और चौहान के साथ आने से उसे पूर्वांचल में जीत मिलेगी लेकिन पूर्वांचल की 26 सीटों में से बीजेपी को 10 सीटों पर जीत मिली है जबकि 2019 में उसे 18 सीटें मिली थीं। बीजेपी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में असर रखने वाली राष्ट्रीय लोकदल के जरिए जाट वोटों को साधने की कोशिश की। ओबीसी समुदाय से आने वाली अनुप्रिया पटेल और संजय निषाद पहले से ही पार्टी के साथ थे। अगर कांग्रेस और सपा 2027 के विधानसभा चुनाव में भी मिलकर मैदान में उतरते हैं और सपा पीडीए के फार्मूले पर ही टिकटों का बंटवारा करती है तो उत्तर प्रदेश के चुनाव मैदान भयंकर संघर्ष देखने को मिल सकता है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी सपा गठबंधन और एनडीए के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ था। हालांकि सरकार बीजेपी की बनी थी लेकिन तब भी सपा गठबंधन ने एनडीए को कड़ी टक्कर दी थी। उस चुनाव में सपा ने अपनी सीटों की संख्या बढ़ाई थी जबकि बीजेपी की सीटें घटी थी। 2017 में 312 सीटें जीतने वाली बीजेपी को 2022 में 255 सीटें मिली थी जबकि सपा 2017 में मिली 47 सीटों से 2022 में 111 सीटों पर पहुंच गई थी।

## एक साल से ज्यादा नहीं चल पायेगी मोदी सरकार : संजय सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**प्रयागराज/लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को दावा किया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही नई सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी।

यहां सर्किट हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सिंह ने कहा, यह जो सरकार (मोदी सरकार) बनने जा रही है, इसकी आयु छह महीने से लेकर एक साल की है। इससे ज्यादा यह सरकार नहीं चलेगी। राजग की एक सरकार 13 दिन चली, एक 13 महीने चली और मौजूदा सरकार छह महीने से लेकर एक साल के अंदर गिर जाएगी। उन्होंने दावा किया, इनके घटक दलों की जो अपेक्षाएं इनसे हैं, ये वैसा कुछ करने वाले नहीं हैं। पार्टियों को तोड़ने का इनका रवैया है और उससे ये बाज नहीं आएंगे। ये



राजनीतिक दलों को तोड़ेंगे।

सिंह ने कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और जनता दल (यू) को अपना लोकसभा अध्यक्ष बनवाना चाहिए और अगर ऐसा न हुआ तो आपकी पार्टी के कितने सांसद टूटकर इनसे (भाजपा) मिलेंगे, इसका कोई भरोसा नहीं है। नीट की परीक्षा को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए आप नेता ने कहा, नीट की परीक्षा में जो धांधली हुई है, उसकी जांच होनी चाहिए और जो लोग भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा, इस धांधली से 24 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद हुआ है। कोटा में एक छात्रा ने और पटना में एक नौजवान ने आत्महत्या कर ली। दिलचस्प है कि 67 बच्चे 720 अंक प्राप्त कर एक साथ टॉप कर रहे हैं। सिंह ने कहा, आम आदमी पार्टी 11 जून को पूरे उत्तर प्रदेश में इसके खिलाफ आंदोलन और प्रदर्शन करेगी।

## बिजली कर्मी के घर भी लगेगा मीटर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार बिजली चोरी को पूरी तरह से रोकना चाहती है। बीते वर्ष से यह मांग हो रही थी कि बिजली कर्मियों के घर भी बिजली मीटर लगाया जाय। नियामक आयोग ने भी इस पर मोहर लगाया था। जिस पर कुछ दिन के लिए रोक लगा दिया गया था। यूपी पॉवर कारपोरेशन और अन्य ऊर्जा निगमों में कार्यरत कर्मचारियों और सेवानिवृत्त हो चुके सभी कर्मचारियों को बिजली मीटर लगाना अनिवार्य होगा। बिना बिजली मीटर यह चोरी मानी जाएगी। इन सभी पर घरेलू सामान्य उपभोक्ताओं के अनुसार ही बिल भुगतान करना होगा। विद्युत नियामक आयोग के निर्देश के बाद यूपी पॉवर कारपोरेशन ने इसके आदेश जारी कर दिए। ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों और पेंशनरों को एक फिक्स चार्ज के आधार पर बिजली कनेक्शन दिया जाता है। एलएमवी-10 श्रेणी में रखा जाता था और अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी रैंक के अनुसार प्रतिमाह एक निर्धारित फिक्स चार्ज देना होता था। नियामक आयोग ने ऐसे सभी कर्मचारियों-पेंशनरों को बिना मीटर लगाए, बिजली न दिए जाने के आदेश वर्ष 2017 में दिए थे लेकिन उसका अनुपालन नहीं हो सका। 3 सितंबर को आयोग ने इस वर्ष के टैरिफ दरों को जारी करते हुए इस संबंध में दोबारा निर्देश दिए।

## यूपी में अब तक 6 हजार से अधिक युवाओं के उद्यम स्वीकृत

### इंडस्ट्री के लिए 25 लाख और सेवा क्षेत्र के लिए 10 लाख रुपये देती है योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शुरू की गई सीएम योगी आदित्यनाथ की फ्लैगशिप स्कीम 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' (एमवाईएसवाई) और 'मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना' (एमएमजीआरवाई) ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश में अब तक 6 हजार से अधिक युवाओं के छोटे बड़े उद्यमों को मुख्यमंत्री युवा

- योगी सरकार में स्वरोजगार के लिए 5648 चयनित युवाओं को वितरित की जा चुकी है धनराशि
- युवाओं को स्वरोजगार के लिए अबतक 14821 लाख रुपए प्रदान कर चुकी है योगी सरकार

स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया जा चुका है। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुए 723 इकाइयों में से 605 को धनराशि प्रदान की जा चुकी है। हाल ही में प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सामने प्रस्तुत की गई राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की



त्रैमासिक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

**7500 यूनिट्स को धनराशि प्रदान करने का लक्ष्य :** उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक समीर रंजन पांडा के अनुसार योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को उद्यम शीलता के लिए प्रोत्साहित करने और अन्य युवाओं के लिए रोजगार का अवसर प्रदान करना है। इसके अंतर्गत राज्य सरकार युवाओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने व्यवसाय का सफलतापूर्वक संचालन कर सकें। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 7500 यूनिट्स को धनराशि प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष अबतक 6259 इकाइयों को सरकार की ओर से स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं अबतक 5648 इकाइयों को धनराशि वितरित की जा चुकी है। इसमें शुरूआत में कुल मार्जिन मनी 14550 लाख रुपए तय की गई थी, जिससे अधिक अबतक 16360 लाख रुपए को स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि 14821 लाख रुपए युवाओं को वितरित भी किये जा चुके हैं। बात करें मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना की तो इसमें भी 800 इकाइयों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 90 प्रतिशत से अधिक यानी 723 इकाइयों को स्वीकृति मिल चुकी है और लक्ष्य का 76 प्रतिशत यानी 605 यूनिट्स को लाभान्वित किया जा चुका है।

**युवाओं के उद्यम के सपने को साकार कर रही योजना :** बता दें कि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई एक फ्लैगशिप योजना है। इस योजना को सितंबर 2018 में प्रारंभ किया गया था। योजना का उद्देश्य प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को उनके उद्यम के सपने को साकार करने के लिए वित्तीय सहायता और अन्य सहयोग प्रदान करना है। इसके अंतर्गत राज्य सरकार पात्र आवेदकों को इंडस्ट्री लगाने के लिए रु. 25 लाख तक और सेवा क्षेत्र के लिए रु. 10 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराती है। इस योजना की नोडल एजेंसी डीआईसी, कानपुर है।

**पात्रता के लिए 18 साल से ऊपर होनी चाहिए उम्र :** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत पात्र

- मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में भी 90 प्रतिशत खातों को किया जा चुका है स्वीकृत
- 76 प्रतिशत खातों को मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत दी जा चुकी है धनराशि

लाभार्थी को उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए, जिसकी उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम हाई स्कूल होना चाहिए और वह किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिफॉल्टर नहीं होना चाहिए। सभी स्रोतों से उसकी (ओबीसी, अल्पसंख्यक और सामान्य वर्ग) वार्षिक आय 2 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए वहीं एससी-एसटी श्रेणी के लिए ये लिमिट ढाई लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों में लोकप्रिय हैं राहुल गांधी : रविकांत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी के सामाजिक न्याय एजेंडा की सफलता पर विमर्श के विषय पर गोष्ठी का आयोजन रविवार को हुआ। इस अवसर पर सम्मानित बुद्धिजीवियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो.

- उप्र कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी के सामाजिक न्याय एजेंडा की सफलता पर विमर्श के विषय पर गोष्ठी सम्पन्न

रविकांत ने कहा कि यह राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के एजेंडे की जीत है पिछड़ा अति पिछड़ा, दलित, सामाजिक न्याय महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर इंडिया गठबंधन के साथ आया उन्होंने कहा अद्भुत तरीके से राहुल गांधी दलितों पिछड़ों और




अल्पसंख्यकों में बहुत लोकप्रिय है इसलिए इस समाज को जोड़े रखना हमारे लिए एक चुनौती रूप है।

प्रो. अजय आर्य ने कहा हमें सामाजिक न्याय के विमर्श को और ताकत देना होगा राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के एजेंडे के चलते पिछड़ों दलितों को संगठन में भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह ने कहा देश उसका होता है जिसके पास सत्ता और संपत्ति होती है इसीलिए सत्ता में भागीदारी के लिए हमें जागरूक रहना होगा। चर्चित समाजसेवी ताहिरा हसन ने कहा सामाजिक न्याय की आवाज को हमें घर-घर तक पहुंचाना होगा यह केवल चुनावी मुद्दा नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिछड़ा विभाग के अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा राहुल गांधी जी ने शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक के मुद्दों को देश का मुद्दा बनाया उन्होंने कहा मोदी सरकार ने पाखंडवाद, मनुवाद, और जातिवाद को स्थापित किया जबकि देश के लोकतंत्र को सामाजिक न्याय और समावेशी विचारधारा को ध्वस्त करने का कार्य किया गया। अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा सामाजिक न्याय और संविधान के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी को जीत मिली है इसलिए हमें अपने मुद्दों पर चिंतन मंथन करते रहना होगा इस जीत का श्रेय शोषित, वंचित, गरीब मजदूर को जाता है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ राहुल राजभर ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा सीएसडीएस के आंकड़ों के अनुसार 2019 के लोकसभा चुनाव में अति पिछड़ा समाज कांग्रेस को जहां महज 3 प्रतिशत का समर्थन दिया था। वहीं इस बार के चुनाव में 18 प्रतिशत तक अति पिछड़ों ने कांग्रेस का साथ साथ दिया जो राहुल गांधी के सामाजिक न्याय एजेंडे से प्रेरित है।

## जनता ने समाजवादियों पर भरोसा जताया है : अखिलेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद लोगों में आशा का संचार व्याप्त हुआ है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से देश भर से लोगों के मिलने और बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। अखिलेश यादव से रविवार को बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, समर्थकों, विभिन्न वर्गों के लोगों ने मिलकर जीत की बधाई दी।

04 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद से ही समाजवादियों में अविस्मरणीय उत्साह और उल्लास छलकने लगा था। जैसे ही समाजवादी पार्टी के 37 लोकसभा सदस्यों की जीत की खबरें आईं इस ऐतिहासिक जीत से सम्पूर्ण प्रदेश में भाजपा अवसाद में है। अखिलेश यादव से जहां नवनिर्वाचित सांसदों के अतिरिक्त विधायकों सहित अधिवक्ताओं, शिक्षकों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों ने बड़ी संख्या में आकर भेंट किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा जो जीते हैं वे तो बधाई के पात्र है पर ऐसे सांसद प्रत्याशी भी है जो हारे नहीं हराये गये हैं। उनकी भी सक्रिय भूमिका रहेगी।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जो सार्थक और सकारात्मक परिवर्तन आया है, उससे देश की राजनीति भी बिना प्रभावित हुए नहीं रहेगी। पीडीए की कुशल रणनीति के चलते एनडीए गठबंधन को शिकस्त मिली। पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग के सभी समाज के लोग एकजुट होकर समाजवादी पार्टी कांग्रेस इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने में लगे रहे। भाजपा की समाज को बांटने की

- पीडीए की कुशल रणनीति के चलते एनडीए गठबंधन को मिली शिकस्त
- सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लोकसभा में ऐतिहासिक जीत पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

बहुमत से विजयी बनाया। लोकसभा चुनाव परिणामों ने संकेत दिया है कि सन 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में अब समाजवादी पार्टी की ही सरकार बनेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत के पीछे ऐसे असंख्य लोग हृदय से धन्यवाद और बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने सक्रिय रहकर चुनाव के कुशलता से सम्पन्न कराने और सार्थक परिणाम तक पहुंचाने का काम किया। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव की यह जीत समाजवादियों के संघर्ष की जीत है। संविधान और लोकतंत्र की जीत है। बाबा साहब अम्बेडकर, डॉ. राममनोहर लोहिया के विचारों और नेताजी मुलायम सिंह यादव के संघर्ष की गाथा है।

राजनीति को जनता ने पूरी तरह नकार दिया। सबसे बड़ी बात यह हुई कि फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट पर वर्षों से काबिज भाजपा सांसद को जनता ने नकारते हुए समाजवादी पार्टी के दलित नेता अवधेश प्रसाद को हाथोंहाथ लेकर विजयी बनाया। जनता ने मैनपुरी से डिम्पल यादव को भारी

अन्याय पर न्याय की जीत है। हजारों किसानों के शहादत की जीत है। नौजवानों की उम्मीदों की जीत है। झूठ पर सच की जीत है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादियों को अपनी इस संघर्ष यात्रा को बहुत आगे तक ले जाना है। जनता ने समाजवादियों पर भरोसा जताया है। इस भरोसे को और मजबूत करना है। ईमानदारी से जनता की सेवा करनी है। किसानों, नौजवानों, महिलाओं, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाले हर अन्याय अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़नी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है।

## परिषदीय विद्यालयों में स्काउट और गाइड प्रभावी ढंग से होगी लागू

### कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में स्थापित की जायेंगे स्काउट एंड गाइड की यूनिट, कक्षा एक से 5 तक के विद्यालयों में स्थापित प्रत्येक यूनिट में होंगे 24 सदस्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की शारीरिक एवं मानसिक योग्यताओं का पूर्ण विकास करने के लिए योगी सरकार कक्षा एक से कक्षा 8 तक के प्राथमिक विद्यालयों में स्काउट

- कक्षा 6 से 8 तक के विद्यालयों में प्रत्येक यूनिट में होंगे 32 सदस्य
- नये सत्र से पहले इन यूनिटों की स्थापना करने के दिये निर्देश
- यूनिट के गठन की जानकारी निदेशालय स्तर पर उपलब्ध करायी जायेगी

एवं गाइडिंग को प्रभावी ढंग से संचालित करने जा रही है। इसी क्रम में पूरे प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में स्काउट एंड गाइड की यूनिटें स्थापित की जाएंगी। नए सत्र से पहले इन यूनिटों की स्थापना करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि कब/बुलबुल तथा स्काउट/गाइड कार्यक्रमों द्वारा बच्चों में उच्च कोटि की नैतिकता, अनुशासन, राष्ट्रीय एकता की भावना तथा चरित्र निर्माण आदि गुणों का विकास होता है। अभी अधिकतर जगह पर कक्षा छह से आठ के विद्यालयों में यह यूनिटें स्थापित हैं। अब कक्षा एक से पांच के विद्यालयों में भी इस यूनिट की स्थापना की जाएगी।

**नये सत्र से पहले होगा पंजीकरण व नवीनीकरण :** शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल द्वारा सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा है कि कक्षा एक से पांच तक के




परिषदीय विद्यालयों में कम से कम एक यूनिट का पंजीकरण अवश्य होगा। प्रत्येक दल में 24-24 सदस्य होंगे। इसी प्रकार कक्षा 6 से कक्षा 8 तक संचालित प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में भी कम से कम एक यूनिट स्थापित की जाए, जिसमें 32-32 सदस्य होंगे। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर दलों की संख्या उसी अनुपात में बढ़ाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त पूर्व से पंजीकृत यूनिट का नवीनीकरण भी अवश्य कराया जाए। ये भी निर्देश दिया गया है कि नए दलों का पंजीकरण व पुराने का नवीनीकरण नए सत्र से पहले कराया जाए।

**यूनिट लीडर के रूप में शिक्षकों का होगा प्रशिक्षण :** उन्होंने कहा है कि ऐसे परिषदीय विद्यालय जहां यूनिट लीडर के रूप में शिक्षक प्रशिक्षित नहीं हैं, उनका भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण कराया जाए। 7 दिवसीय यह प्रशिक्षण आवासीय होगा। शुरुआत में इसके लिए हर जिले से 50-50 शिक्षकों को नामित किया जाए। इसके साथ ही डीबीटी की राशि से छात्र-छात्राओं के लिए एक सेट स्कूली ड्रेस और एक सेट स्काउट गाइड ड्रेस अभिभावकों से तैयार कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त स्काउट गाइड का कम से कम एक बैंड प्रत्येक जनपद ब्लॉक स्तर पर तैयार किया जाए तथा इस बैंड की प्रतियोगिता भी जनपदीय तथा अंतर्जनपदीय स्तर पर आयोजित की जाए। यही नहीं भारत स्काउट गाइड संस्था द्वारा जिले एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित की जाने वाली बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता (2024-25) एवं जनपद/प्रादेशिक स्तर पर सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग कराया जाए। साथ ही कक्षा छह से आठ तक स्काउट गाइड का निर्धारित पाठ्यक्रम समय सारिणी के अनुसार चलाया जाए।

## बुन्देलखण्ड विवि में आयोजित हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय ने राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 का सफलतापूर्वक आयोजन रविवार को किया। इस वर्ष परीक्षा में प्रदेश के 51 जिलों से 223384 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें 102016 महिलाएं, 121367 पुरुष और एक ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी शामिल थे।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान एवं भाषा की परीक्षा में लगभग 90 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में अभिरुचि परीक्षा एवं विषय योग्यता की परीक्षा भी इसी प्रतिशत के साथ संपन्न हुई। दोनों पालियों की परीक्षाएं शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुईं। विश्वविद्यालय ने आधुनिक सर्विलांस सिस्टम का प्रयोग करते हुए परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनीटरिंग की। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रियल टाइम बायोमेट्रिक अटेंस सिस्टम के माध्यम से अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गयी, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

**दो अभ्यर्थियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज :** परीक्षा के दौरान, प्रयागराज और आगरा में कुल 22 अभ्यर्थियों की पहचान संदिग्ध पाई गई, जिनमें से दो के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज की गई। शेष अभ्यर्थियों की जांच के बाद उन्हें परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी गई। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय और उनकी टीम ने निरन्तर मॉनीटरिंग करते हुए परीक्षा को सफल बनाया।

# नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई, की आतिशबाजी







## प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश विकास की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचेगा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व पूर्व सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी भाजपा मनीष गुप्ता ने नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री को पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मनीष गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा तथा उत्तर प्रदेश के विकास में भी पूरा सहयोग मिलेगा। पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री ने देश को बहुत अच्छे से चलाया है। मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नई सरकार देश को आगे ले जाएगी। हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ सकते हैं।

## ढोल नगाड़ों के साथ ऊर्जा मंत्री के आवास पर पहुंचे कार्यकर्ता

**लखनऊ।** देश के 20वें प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही पूरे देश में जश्न का माहौल शुरू हो गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने ढ़ोल-नगाड़ो के साथ आतिशबाजी की और खुशी से झूम उठे, उन्होंने जमकर मिठाईयां भी बाँटी। रविवार को प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के लखनऊ स्थित 14 कालिदास आवास पर और मऊ जिले में उनके पैतृक आवास काझाखुर्द में भी बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने पहुंचकर आतिशबाजी करते हुए मोदी के नाम का जयकारा लगाया। भाजपा कार्यकताओं ने रविवार शाम को आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यकताओं ने जमकर मोदी के समर्थन में नारेबाजी भी की। कहा कि करोड़ों देशवासियों का आशीर्वाद मोदी के साथ है, उनके नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छुएंगा और बिना किसी भेदभाव के सभी के दुख दर्द को दूर करने के लिए हमेशा आगे बढ़कर कार्य करने की उनकी प्रवृति से देश की सभी समस्याओं का समाधान भी होगा। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं और पदाधिकारियों में आनंद पाण्डेय मण्डल अध्यक्ष, मृदुल यादव मण्डल उपाध्यक्ष, सचिन सोनकर नगर मंत्री युवा मोर्चा, गौरव राय, अजय बारी, आलोक विश्वकर्मा, विपिन राय, अजय, मनमोहन, पंकज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## नरेन्द्र मोदी को देश भर के बिजली इंजीनियरों की हार्दिक बधाई

**लखनऊ।** तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने पर ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देशभर के बिजली इंजीनियरों की ओर से हार्दिक बधाई दी है।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद ग्रहण करना बहुत गौरव की बात है। उन्होंने आशा प्रकट की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सार्वजनिक क्षेत्र में पावर सेक्टर और सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि बिजली इंजीनियर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 24 घण्टे अबाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए कटिबद्ध हैं।

## पीएम व राजनाथ के शपथ लेने से व्यापारियों में खुशी की लहर

**लखनऊ।** नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह के तीसरी बार केबिनेट मंत्री पद की शपथ लेने पर व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश युवा महामंत्री योगेंद्र सिंह और नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से विश्व के पटल पर हिंदुस्तान का गौरव व लोकप्रियता बढ़ी है। उनके कुशल नेतृत्व में देश का व्यापार जगत नई ऊंचाइयों को छूएगा। इसके साथ लखनऊ लोकसभा सदस्य राजनाथ सिंह की ओर से कैबिनेट मंत्री की शपथ लेने से लखनऊ का गौरव बढ़ा है। वहीं आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह लखनऊ के गौरव है तथा उन्होंने आम जनता एवं राजधानी सहित देश के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में विशेष भूमिका निभाई है। उनके तीसरी बार केन्द्रीय मंत्री बनने पर लखनऊ की जनता एवं व्यापारियों की समस्याओं का सुगमता पूर्वक समाधान होगा। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के मंत्री पद की शपथ लेने पर हर्ष व्यक्त किया। संजय गुप्ता ने राजनाथ सिंह के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने पर कहा राजनाथ सिंह लखनऊ के गौरव हैं। उन्होंने आम जनता एवं राजधानी सहित देश के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में विशेष भूमिका निभाई है और समाधान किया है।

# जेईई एडवांस में राजधानी के मेधावियों ने लहराया परचम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिगं संस्थान आईआईटी में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा जेईई (एडवांस) में फिटजी लखनऊ के छात्र अंशुमान मिश्रा ने ऑल इण्डिया रैंक 371 अर्जित करके लखनऊ शहर के टॉपर रहे। वही शहर में क्रमशः युग शर्मा ऑल इण्डिया रैंक 606, आरोह राय

- जेईई एडवांस का रिजल्ट जारी

ऑल इण्डिया रैंक 868, ऋषित राय ऑल इण्डिया रैंक 925, श्रेयांश चतुर्वेदी ऑल इण्डिया रैंक 1103, अतुल देव ऑल इण्डिया रैंक 1249, सानवी पुरवार ऑल इण्डिया रैंक 1605, शाश्वत बाजपेयी ऑल इण्डिया रैंक 1879, समर सिंह यादव ऑल इण्डिया रैंक 1881, अग्रीम सिंह ऑल इण्डिया रैंक 1985 रैकं रही।

फिटजी लखनऊ के छात्रों द्वारा प्रतियोगी परीक्षा जेईई (मेंस) एवं जेईई (एडवांस) में हर वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। शहर के प्रतिष्ठित संस्थान फिटजी ने इस वर्ष छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा, अभ्यास के लिए प्रतिदिन मॉक टेस्ट, ऑनलाइन टेस्ट सीरिज के माध्यम से उत्साहवर्धन जारी रखा। परिणाम के तहत 15000 के अंदर 90 चयन हुए है। संस्थान के केन्द्राध्यक्ष एनके दुबे ने बताया कि इस वर्ष आईआईटी में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास द्वारा आयोजित की गयी। संस्थान के कुशल प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी संस्था के छात्रों एवं छात्राओं तथा अभिभावकों ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए ऑनलाइन कक्षाओं, ऑनलाइन टेस्ट सीरिज एवं बच्चों के लिए मॉक टेस्ट आदि का समर्थन किया निस्संदेह यह दृढ़ इच्छाशक्ति एवं ठोस सिस्टम से ही संभव है। उन्होंने संस्थान के सफल सभी छात्र, छात्राओं एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सब एक विकसित सोच एवं सिस्टम का परिणाम है। उन्होंने बताया कि जोसा की बेबसाइट पर काउंसिलिंग की प्रक्रिया 10 जून से शुरू होगी। सभी सफल छात्र एवं छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने सबका धन्यवाद किया। जेईई एडवांस में सफल ज्यादातर छात्रों ने सफलता के लिए अपने गुरुजनों एवं अपने माता-पिता के के मार्ग दर्शन पर चलकर सफलता हासिल की।



### बहन-भाइयों से प्रेरित होकर करना चाहते हैं इंजीनियरिंग : अंशुमान मिश्रा



जेईई एडवांस की परीक्षा परिणाम में ऑल इंडिया रैंक 371 अर्जित करने वाले अंशुमान मिश्रा ने बताया कि उनके बहन-भाइयों से प्रेरित इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। उन्होंने सीबीएसई बोर्ड से 10वीं की परीक्षा डीपीएस इंदिरा नगर से 96 प्रतिशत और 12वीं की परीक्षा डीपीएस गोमती नगर से 98 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। उन्होंने बताया कि साइंस में इंट्रेस्ट होने के कारण इंजीनियरिंग करने का लक्ष्य तय किया। उन्होंने कभी घंटों में तय करके पढ़ाई नहीं की बल्कि लक्ष्य तय करके ही पढ़ाई की है। इनके पिता रवि शंकर मिश्रा असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर हैं और मां सुषमा मिश्रा गृहिणी है।

### मैथ्स में इंट्रेस्ट होने के कारण करना चाहती हैं इंजीनियरिंग : सानवी पुरवार



जेईई एडवांस की परीक्षा परिणाम में ऑल इंडिया रैंक 1605 अर्जित करने वाली सानवी पुरवार ने बताया कि मैथ्स में इंट्रेस्ट होने के कारण इंजीनियरिंग करना चाहती है। इन्होंने लार्मार्टिनियर गर्ल्स कालेज से आईसीएसई में 99.4 प्रतिशत अंक हासिल किये थे और अब सेंट जेवियर्स कान्वेंट कालेज से आईएससी की परीक्षा में 97.25 प्रतिशत अंक हासिल किये है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन करीब आठ घंटे की पढ़ाई करती है। इनके पिता डॉ. अनुपम पुरवार आंख के डॉक्टर है और मां डॉ. सारिका अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं।

### इंजीनियरिंग करना चाहते हैं : युग शर्मा



जेईई एडवांस की परीक्षा परिणाम में ऑल इंडिया रैंक 606 अर्जित करने वाले युग शर्मा ने बताया कि वह भविष्य में इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। स्कूल के अलावा कोचिंग करने के साथ वह करीब 6 घंटे की स्वयं से पढ़ाई करते है। इन्होंने हाईस्कूल स्टेलामेरी स्कूल से सीबीएससी बोर्ड से 98 प्रतिशत अंकों के साथ पास किया था और एमजी कान्वेंट से सीबीएससी बोर्ड से 12वीं की परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। इनके पिता राजकुमार शर्मा बिजनेस मैन है और मां पूजा शर्मा गृहिणी है।

### टॉप फाइव आईआईटी में दाखिला चाहते हैं : ऋषित राय



जेईई एडवांस की परीक्षा परिणाम में ऑल इंडिया रैंक 925 अर्जित करने वाले ऋषित राय ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम से खुश हैं। वह करीब 8 घंटे की पढ़ाई करते है। वह टॉप फाइव आई आईटी में दाखिला लेना चाहते हैं। इन्होंने सीएमएस से आईसीएसई बोर्ड से 98.6 प्रतिशत अंक अर्जित किये है और बाराबंकी के एसबी कॉलेज से सीबीएससी बोर्ड से 12वीं की परीक्षा 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित किये है। इनके पिता राकेश कुमार पीडब्ल्यूडी में इंजीनियर है और मां बिन्दु राय गृहिणी है।

### कम्प्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग करना चाहते हैं : आरोह राय



जेईई एडवांस में आरोह राय ने ऑल इण्डिया रैंक 868 हासिल की है। उन्होंने बताया कि वह करीब पांच से छह घंटे प्रतिदिन पढ़ाई करते है और परीक्षा के समय पढ़ाई का समय बढ़ा देते हैं। इन्होंने सीबीएसई बोर्ड से वाराणसी के संदीप स्कूल से 10वीं की परीक्षा में 98 प्रतिशत और इंटर लखनऊ में डीपीएस गोमती नगर से 93 प्रतिशत अंकों से पास किया है। उन्होंने बताया कि वह कम्प्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। इनके पिता शैलेन्द्र कुमार बीएसएनएल में इलेक्ट्रानिक इंजीनियर है और मां संगीता राय गृहिणी है।

## जेईई एडवांसः सीएमएस के 43 छात्र चयनित, श्रेयांश चतुर्वेदी की रैंक 1103

**लखनऊ।** सीएमएस के सर्वाधिक 43 मेधावी छात्रों ने इस वर्ष प्रतिष्ठित जेईई एडवांस परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सीएमएस महानगर कैम्पस के छात्र श्रेयांश चतुर्वेदी ने ऑल इण्डिया 1103 रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है जबकि 14 स्कूल के छात्रों ने 5,000 से नीचे एवं 24 छात्रों ने 10,000 से कम ऑल इण्डिया रैंक अर्जित की है। इस प्रकार, कुल 43 स्कूल के छात्रों ने 24000 से नीचे की ऑल इण्डिया रैंक अर्जित की है। अब ये मेधावी छात्र आईआईटी दिल्ली, आईआईटी मुंबई, आईआईटी रूड़की, आईआईटी खड़गपुर जैसे देश के अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कालेजों में पढ़ाई करके सुनहरे भविष्य के सपने को साकार करेंगे।




स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने स्कूल के इन होनहार छात्रों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रो. किंगडन ने स्कूल शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया जिनके अथक परिश्रम की बदौलत स्कूल छात्र प्रतिवर्ष आईएएस, इंजीनियरिंग, मेडिकल व अन्य व्यावसायिक सेवाओं में भारी संख्या में चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

सीएमएस के जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि जेईई एडवांस परीक्षा में 10,000 से कम ऑल इण्डिया रैंक अर्जित करने वाले 24 स्कूल छात्रों में श्रेयांश चतुर्वेदी, तनिष्क सोनकर, गौरव वर्मा, स्वप्निल सिंह, अनिकेश अग्रवाल, मधुरम वत्सल, किंजल सिंह, आदेश विक्रम, रमन वत्सल मिश्रा, पुष्कर अवस्थी, यशार्थ सेंगर, अमोघ अनंत, उमंग वर्मा, शशांक रंजन, पार्थ अग्रवाल, वैभव वर्मा, कृष्ण अग्रवाल, अनंत त्रिपाठी, अक्षिता सिंह, तन्मय सिंह, गौरव गुप्ता, अर्णव त्रिपाठी, दक्ष गोगना एवं आशी श्रीवास्तव शामिल हैं। इन सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व स्कूल के शांतिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा में स्कूल छात्रों की अभूतपूर्व सफलता पर स्कूल परिवार गौरवान्वित है। स्कूल अपने छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग व मार्गदर्शन देता है। यही कारण है कि विद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर रहे हैं।

### माता-पिता के आशीर्वाद और कड़ी मेहनत मिली सफलता : ईशान अग्रवाल



राजधानी के ईशान कृष्ण अग्रवाल ने देश की प्रतिष्ठित जेईई एडवांस परीक्षा में 346वीं रैंक हासिल की है। आईआईटी की इस प्रवेश परीक्षा में शीर्ष 500 में स्थान हासिल करना ईशान की असाधारण योग्यता और दृढ़ता का प्रमाण है। मूल रूप से गोरखपुर के रहने वाले ईशान की प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा अयोध्या में हुई। उनके पिता एमपी अग्रवाल आईएएस हैं और वर्तमान में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के पद पर कार्यरत हैं। वह अयोध्या के जिलाधकारी व मंडलायुक्त भी रहे हैं। ईशान अपनी शैक्षणिक यात्रा में हासिल इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय अपने पिता एमपी अग्रवाल और मां अर्चा अग्रवाल को देते हैं, जिन्होंने उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन और संसाधन प्रदान किया। वह कहते हैं कि ईश्वर की कृपा और माता-पिता के आशीर्वाद से उन्हें कड़ी मेहनत के लिए ताकत मिलती रही। ईशान के बड़े भाई अमोघ विक्रम अग्रवाल ने भी जेईई एडवांस परीक्षा 2020 में देश में 468वीं रैंक हासिल की थी। अमोघ ने आईआईटी दिल्ली से इस साल स्नातक किया है।

# पांच जिलों में शांतिपूर्वक हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 का सफलतापूर्वक आयोजन रविवार को हुआ। इस परीक्षा में लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे चार जिलों के सम्बद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इस वर्ष परीक्षा में 12857 अभ्यर्थियों ने आंवटन कराया था जबकि प्रथम पॉली में 10932 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया और 1925 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरी पॉली में 10868 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया और 1989 अनुपस्थित रहें।



प्रथम पाली में सामान्य ज्ञान एवं भाषा की परीक्षा और द्वितीय पाली में अभिरूचि परीक्षण एवं विषय योग्यता की परीक्षा संपन्न हुई। दोनों पालियों की परीक्षायें शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुईं। विश्वविद्यालय ने आधुनिक सर्विलांस सिस्टम का प्रयोग करते हुए परीक्षा केन्द्रों की लाइव मॉनीटरिंग की। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रियल टाइम बायोमेट्रिक अटेनेन्स सिस्टम के माध्यम से अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की गयी, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई। लखनऊ में 7328, सीतापुर में 979, हरदोई 1549, लखीमपुर खीरी 1717 और रायबरेली 1284 अभ्यर्थी आवंटित हुए। वहीं यदि जिलेवार अभ्यर्थियों की उपस्थिति की बात की जायें तो प्रथम पॉली में लखनऊ में 6114 उपस्थित और 1214 अनुपस्थित रहें, सीतापुर में 825 उपस्थित और 154 अनुपस्थित रहें, हरदोई में 1322 उपस्थित और 227 अनुपस्थित रहें, लखीमपुर खीरी में 1535 उपस्थित और 182 अनुपस्थित रहें और रायबरेली में 1136 उपस्थित और 148 अनुपस्थित रहें। वहीं दूसरी पॉली में लखनऊ में 6054 उपस्थित और 1274 अनुपस्थित रहें, सीतापुर में 822 उपस्थित और 157 अनुपस्थित रहें, हरदोई में 1318 उपस्थित और 231 अनुपस्थित रहें, लखीमपुर खीरी में 1538 उपस्थित और 179 अनुपस्थित रहें और रायबरेली में 1136 उपस्थित और 148 अनुपस्थित रहें।

## डीआरएम ने किया गोमतीनगर स्टेशन का निरीक्षण

**लखनऊ।** ग्रीष्मकाल के दौरान सुरक्षित ट्रेन परिचालन तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार के परिप्रेक्ष्य में आज पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा0) राजीव कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (परि0) विक्रम कुमार तथा शाखाधिकारियों के साथ गोमतीनगर रेलवे स्टेशन यार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने गोमतीनगर स्टेशन स्थित पैनल रूम का निरीक्षण किया तथा प्वाइंट एवं क्रॉसिंग रजिस्टर, सतर्कता आदेश रजिस्टर एवं कॉशन ऑर्डर रजिस्टर आदि को देखा। तत्पश्चात मण्डल रेल प्रबंधक ने पुश ट्रॉली के माध्यम से गोमतीनगर - मल्हौर के मध्य गोमतीनगर यार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने यार्ड में कर्व, प्वाइंट एवं क्रॉसिंग, रेल लाइन को देखा।

## दमा से बचाव के लिए आसन और प्राणायाम लाभदायक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश एवं मार्गदर्शन से लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन एवं इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योग साइंसेज के तत्वाधान में फैकल्टी के योग हाल में योगाभ्यास शिविर का आयोजन सुबह 6:00 बजे से किया गया।



इस शिविर में दमा से बचाव के लिए कौन से आसन और प्राणायाम लाभदायक हैं, इनका अभ्यास प्रतिभागियों को कराया गया। को-ऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि दमा के लिए हस्तउत्तानासन, अर्धकटिचक्रासन, गोमुखआसन, भुजंगासन, सर्पासन उपयोगी हैं। तथा भ्रामरी प्राणायाम, उद्गीथ प्राणायाम, अनुलोम- विलोम प्राणायाम लाभकारी हैं। प्रातः कालीन शिविर का संचालन डॉक्टर रामकिशोर के द्वारा किया गया। सुबह 9:00 बजे से योग से संबंधित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फैकल्टी के सीमा यादव, वसुधा तिवारी, कुमार अजय, आयुष शर्मा, श्वेता श्रीवास्तव, सपना कश्यप, श्वेतालिका, सुखेंद्र सिंह, ममता मिश्रा, अर्चना वर्मा, प्रिया मिश्रा आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# मूर्ति कारीगर ने फेसबुक लाइव बनाकर जहर खाकर दी जान

- पुलिस और मालिक समेत उसकी पत्नी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




फाइल फोटो

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में प्रताड़ना से तंग आकर मूर्तिकार ने फेसबुक लाइव कर जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। जिसने लाइव आकर पुलिस और मालिक समेत उसकी पत्नी पर बकाया 25 हजार रुपये मांगने पर अपने साथियों साथ मिलकर उसकी पिटाई के साथ चाकू से कई वार करने के आरोप लगाये है। उसने पुलिस पर पिता को चौकी पर बैठा कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर ठाकुरगंज पुलिस तीन नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। मुख्य आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। ठाकुरगंज के शेखपुर निवासी पूजा सिंह भारतीय के मुताबिक पति रजनीश उर्फ गोलू रावत मूर्तिकार थे। वह ठाकुरगंज हुसैनबाड़ी में रामू राव भारतीय के यहां मूर्ति बनाने का काम करीब पांच साल से कर रहे थे। पूजा ने बताया कि रजनीश की 25 हजार रुपये मजदूरी रामू पर बकाया थी। बीस दिन पहले रजनीश रामू के घर बकाया रुपये मांगने गए थे। रुपये मांगने पर रामू ने अपनी पत्नी और पांच साथियों के साथ मिलकर पिटाई कर दी थी। विरोध पर चाकुओं से कई वार किए थे। जिससे उसकी आंख और सिर में गंभीर चोट आ गई थी। इसके बाद रामू धमकाता रहा था कि अब रुपये मैं नहीं दूंगा बल्कि तुम मुझे दोगे। जिसको लेकर वह परेशान चल रहा था। रविवार देर शाम रजनीश ने फेस बुक लाइव पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसे बलरामपुर अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**दहशत में आकर दी जान;** फेसबुक पर लाइव आकर रजनीश ने कहा कि पुलिसकर्मी उसे फोन कर परेशान कर रहा है। पुलिसकर्मी घर आए और पिता लक्ष्मी नारायण को साथ ले गए हैं। उन्हें चौकी पर बिठाया है। उसे पता है कि पिता को पुलिसकर्मी परेशान कर रहें होगे। अगर वह चौकी गया तो उसे बहुत मारेंगे। रामू की कई पुलिसकर्मियों से जान पहचान है। वह तंग आ चुका है उसके पास जान देने के सिवा कोई चारा नहीं है।

**आरोपी ने दिया था प्रार्थना पत्रः** डीसीपी दुर्गेश कुमार ने बताया कि रामू राव ने रिंग रोड चौकी पर बीती 20 मई को रजनीश पर 25 हजार रुपये बकाया होने की बात कही थी। जब पुलिस ने उसे बुलाया तो उसकी पत्नी ने बाहर जाने की बात कही थी। जिसके बाद बीती आठ जून को रामू राव ने दुबारा से प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर चौकी पर तैनात दो आरक्षी रजनीश के घर गये थे। जहां पर कुलदीप को चौकी बुलाया गया था। जिसकी जगह उसके पिता चौकी पर पहुंचे थे। जिनसे बात कर उन्हें भेज दिया गया था। शनिवार को फेसबुक लाइव कर खुदकुशी का वीडियो सामने आने पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है। रामू और उसकी पत्नी के साथ ही एक सिपाही पर भी आरोप है ऐसे में सिपाही की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

**फेसबुक लाइव पर बतायी परेशानीः** हैलो फ्रेंड्स मैंने जो वीडियो डाली है, उसे देखें। जो प्रॉब्लम हुई है, जो इश्यूज हुए हैं, मेरे पीठ पर वार हुआ है। मेरे सिर पर गुम्मे मारे गए हैं। उस बंदे ने मेरे पर एफआईआर कराई है, ठाकुरगंज थाने में। इसलिए कराई है, उसको पैसा न देना पड़े। वह 420 इंसान है लेकिन मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कांस्टेबल अपनी पॉवर का फायदा उठा रहे हैं, मुझे टॉर्चर कर रहे हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस वीडियो को ज्यादा से ज्यादा शेयर करें, ताकि अधिकारियों तक यह बात पहुंचे और उन्हें सजा मिले।

## ऊंचे ताड़ी के पेड़ से गिरकर हुई थी मजदूर की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र में मृत मिले उमेश चौधरी की मौत ताड़ी के पेड़ से गिरने से हुयी। पत्नी के आरोप पर पुलिस ने मृतक मजदूर के मालिक समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मृतक उमेश चौधरी की पत्नी मीना देवी निवासी ग्राम कुजापी पोस्ट कुजापी चन्दौती जनपद गया ने बताया कि उसके पति विगत काफी वर्षो से श्रीराम कश्यप निवासी ग्राम गढ़ी संजर खां मलिहाबाद के यहां काम करते थे। बीते दिनों मोबाइल फोन से रामजी ने बताया गया कि उनके पति का मृत्यु हो गयी है। जिसका पोस्टमार्टम कराके एम्बुलेंस से शव को घर भेज दिया गया है। पति की मृत्यु का कारण पूछा तो रामजी ने बताया कि उनके पति रात को शराब पीकर सो गये थे। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। शक होने पर जब उसने अपने पति के कार्य स्थल गढ़ी संजर खां मलिहाबाद पर आई तो वहां के लोगों ने बताया कि आपके पति को रामजी ने ऊंचें ताड़ी के पेड़ पर चढ़ाकर ताड़ उतरवाया जा रहा था। कोई सुरक्षा उपकरण न होने के कारण पेड़ से नीचे गिर गये थे। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। जिनके भरण पोषण के एकमात्र जरिया उनके पति उमेश चौधरी ही थे।

**ईंट-भट्ठे पर पथाई का काम करने वाले मजदूर ने दी जानः** सैरपुर कोतवाली क्षेत्र में ईंट-भट्ठे पर पथाई का काम करने वाले मजदूर ने फांसी लगाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि सदानन्द भोई निवासी ग्राम पथरला बसना जिला महासमुद्र राज्य छत्तीसगढ़ के अनुसार उसका बड़ा भाई देवेन्द्र भी अपनी पत्नी मोहिनी के साथ एकता ईट भट्ठा ग्राम पल्हरी में ईट पथाई का कार्य करता था। बीते शनिवार को वह व उसका भाई शराब पीने मुबारकपुर गये थे। जिसके बाद वह कहीं चला गया था। उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह बालियान ने बताया कि मृतक देवेन्द्र की उम्र करीब 40 वर्ष है। मृतक शराब पीने आदी था। जिसने अपनी झोपड़ी में लगे बांस से गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा कर जान दे दी। मृतक के 2 बच्चे हैं।

**फांसी से लटका मिला मजदूर का शवः** काकोरी थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में कई दिन पुराना मजदूर का शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार मृतक लक्ष्मण प्रसाद रावत निवासी ग्राम डूडावल थाना महोली जिला सीतापुर उम्र 32 वर्ष का शव ग्राम भलिया के पास नहर के किनारे एक पेड़ से लटका मिला है। शव करीब 8 से 10 दिन पुराना लग रहा है। शव में बड़ी मात्रा में कीड़े पड़ गये है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक लक्ष्मण भलिया गांव निवासी लाल सिंह चौहान के यहां नौकरी करता था। स्थानीय लोगों ने हत्या कर शव लटकाये जाने की आंशका जता रहे हैं।

# तेज रफ्तार पिकप की टक्कर से महिला समेत दो की मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव के पास रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार पिकप गाड़ी ने बाइक सवार दंपति को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार दंपति व पिकप में बैठे तीन मजदूर भी घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी गोसाईंगंज ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बाइक सवार महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकी गंभीर रूप से घायल पति को इलाज के लिए ट्रामा रिफर किया गया है। उधर पिकप सवार तीन लोगों को इलाज के लिए सिविल भेजा गया था। जहां जहां इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई।

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार फैजुल्लागंज थाना मड़ियांव निवासी सुनील कुमार (39) अपनी पत्नी सुनीता (37) के साथ रविवार की सुबह बाइक से गोसाईंगंज की ओर जा रहे थे। कबीरपुर गांव के पास सुल्तानपुर मार्ग पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकप गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने पत्नी सुनीता को मृत घोषित कर दिया। घायल पति को ट्रामा रिफर कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक टक्कर मारने के बाद आलू लदा पिकप अनियंत्रित होकर पलट गया। पिकप पलटने के बाद चालक मौके के फरार हो गया। पिकप पर सवार रमेश, फकीर व मुनमुन भी बैठे थे। जो पिकप पलटने से घायल हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए सिविल भेजा गया है। जहां इलाज के दौरान फकीरे (60) निवासी सदरपुर करोरा की भी मौत हो गई। तथा रमेश व मुनमुन की हालत नाजुक बनी है।

**काफी देर तक लगा रहा जामः** पिकप पलटने से आलू की बोरिया पूरी रोड पर विखर गई। जिससे करीब आधा घंटे जाम लगा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से बोरियों को किनारे हटाया जिसके बाद यातायात संचालित हो सका। पुलिस के मुताबिक रमेश व मुनमुन मंडी में पल्लेदारी का काम करते थे।

**बस की टक्कर से युवक की मौतः** राकेश सिंह निवासी ग्राम माढरमऊ कला खुर्दही बाजार ने बताया कि बीते दिनों उनका पुत्र ऋषभ सिंह अपनी मोटर साइकिल से अपने रेस्टोरेंट जा रहा था। अमूल डेरी के पास सड़क पर खड़ी बस से टकरा कर घायल हो गया था। जिससे उसकी मौत हो गयी थी।

**मैट्रो स्टेशन के नीचे मिला अधेड़ का शवः** कृष्णा नगर कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर स्थित मैट्रो स्टेशन के नीचे रविवार सुबह एक अधेड़ का शव मिलने से हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। भोला खेडा चौकी इंचार्ज महेश सिंह ने बताया कि रविवार सुबह करीब आठ बजे थाने से चंद कदमों की दूरी पर स्थित कृष्णा नगर मैट्रो स्टेशन के नीचे एक 48 वर्षीय अधेड़ का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला था। शव की पहचान नहीं हो सकी है। लोगों के अनुसार मृतक इधर-उधर भीख मांगकर जीवन यापन कर रहा था और वह मानसिक विक्षिप्त था। मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कार की ठोकर से बाइक सवार मासूम की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कार की टक्कर से बाइक पर मां और पिता के साथ जा रहे मासूम की मौत हो गयी। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

रवि निवासी ग्राम कटरा रहीमाबाद अपनी पत्नी रेनू और मासूम बेटे रौनक 3 वर्ष को लेकर मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल गणेशपुर महमूदाबाद सीतापुर जा रहे थे। अनीपुर बाराही देवी मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार मारुति वैन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार रवि उसकी पत्नी और उनके तीन वर्षीय बेटा रौनक घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मासूम रौनक की हालत गंभीर देखते हुए परिजन उन्हें ट्रामा सेन्टर ले जा रहे थे। जिसकी रास्ते में ही मौत हो गयी।

## घर के बेसमेंट में लगी आग, 11 लोग झुलसे

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र देवपुर स्थित एक घर के अन्दर बने बेसमेंट में आग लग गई। देखते ही देखते आग प्रथम तल को भी चपेट में ले लिया। परिजनों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इस दौरान आग की चपेट में आने से 11 लोग झुलस गए। बताया जा रहा है कि घर में बने बेसमेंट में गोदाम था। संभवताः शार्ट सर्किट से आग लग गई।

सीएफओ के मुताबिक आग घर के अंदर बेसमेंट व ग्राउंड फ्लोर पर लगी थी। दो हौज पाइप फैलाकर आग को घेरकर बुझाना प्रारंभ किया गया। वहीं घर के अंदर फंसे हुए कुत्ते व पक्षियों को बाहर निकाल लिया गया। आग की स्थिति को देखते हुए एक फायर टेंडर आलमबाग से और मंगाया गया। फायर फायर यूनिट के अथक परिश्रम व सूझबूझ से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। आग की चपेट में आने से प्रकाश सोनी, क्षमा सोनी, अंशु वर्मा, शोभित वर्मा , तनु सोनी, मनु सोनी, अक्षत वर्मा, रुचि सोनी, आध्या वर्मा, अस्तित्व वर्मा व अर्जुन भारतीय झुलस गए। जिन्हें रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से दो लोगों को सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएफओ ने बताया कि आग लगने का स्पष्टद्द कारण नहीं पता चल सका है। जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है।

## फैक्ट्री में रखे पाइपों में लगी आग

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में स्थित सरोज फैक्ट्री के अन्दर रखे पाइपों में रविवार की दोपहर आग लग गयी। जिसे दमकल विभाग के कर्मियों ने बुझा दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि कन्ट्रोल रूप में सूचना मिली कि बंथरा में सरोज फैक्ट्री के अन्दर रखे प्लास्टिक के पाइपों में आग लग गयी है। सूचना पर एफएसओ सरोजनी नगर सुमित प्रताप सिंह समेत पांच फायर टेंडर भेजे गये थे। घटनास्थल पर पहुंच कर देखा गया कि आग वहां पर स्टोर किए गए प्लास्टिक के पाइपों में लगी थी। जो बहुत विकराल रूप से जल रही थी। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए 03 डिलीवरी लाइन से 08 हौज फैलाकर अग्निशमन कार्य प्रारंभ किया गया। करीब 1 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाकर करोड़ों रुपए की संपत्ति को बचा लिया गया। घटनास्थल के आसपास कई वेयरहाउस है। जिसमें आग फैल सकती थी। जिसकी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## सुल्तानपुर हाईवे पर जाम से राहगीर परेशान

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के खुर्दही बाजार कस्बे में राहगीर आए दिन जाम से जूझते है। सुल्तानपुर हाईवे पर रोज गाड़ियो की पार्किंग सड़क के दोनों तरफ लगी रहती है। जिसके कारण रोजाना हाईवे पर बेतरबीत खड़े वाहनों के कारण लोग दिन से आधी रात तक जाम से जूझते है। सड़क पर खड़े वाहनों से स्थानीय लोग भी परेशान है। खुर्दही बाजार निवासी शैलेन्द्र अवस्थी बताते है कि सड़क के दोनों और वाहनों की पार्किंग के कारण रोजाना जाम लगता है। लोग हाईवे पर गाड़ी खड़ी करके चले जाते है। जिससे स्थानीय दुकानदारों को भी काफी दिक्कतें होती है। इस पार्किंग से दुकानदार भी परेशान है। वही डॉ0 राजपाल सिंह बताते है कि इस पार्किंग से आएदिन लोग परेशान होनेके साथ दुर्घटना का शिकार भी होते है। सड़क पर खड़ी गाड़ियों से किसी राहगीर की गाड़ी टच भी हो जाये तो नुकसान का हवाला देकर वसूली भी करते है। स्थानीय दुकानदारों की माने तो पुलिस व एनएचआई से शिकायत करो तो एक दो दिन कार्यवाई होती है उसके बाद फिर पहले की तरह मौहाल बन जाता है।

## दूसरे के प्लाट का फर्जी एग्रीमेंट कर हड़पे 22 लाख

लखनऊ। आशियाना थाने में दूसरे के प्लाट का फर्जी एग्रीमेंट कर 22 लाख रुपए हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। सेक्टर-जे अम्बिका विहार निवासी आलोक कुमार के अनुसार अपनी कॉलोनी में ही 2160 वर्गफीट खाली प्लाट के सौदे के लिए लक्ष्मी नगर ईस्ट दिल्ली निवासी जयपाल सिंह से एक करोड़ पांच लाख रुपये में सौदा तय किया था। जिस पर उन्होंने नवम्बर 2023 में एक लाख रुपए ऑनलाइन एडवांस भुगतान किया था। जिसके एक माह बाद 22 लाख रुपए का भुगतान कर प्लाट का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराया था। जिसके बाद वह प्लाट के दस्तावेज मांगते रहे लेकिन आरोपित दस्तावेज नहीं दे सका। बाद में उन्हें जानकारी हुआ कि वह प्लाट उसके नाम पर ही नहीं है। जिसपर पीड़ित अपना पैसा वापस मांगने लगा। लेकिन आरोपित उन्हें टरकाता रहा और फिर धमकी देने लगा। जिसकी शिकायत उन्होंने उच्च अधिकारियों से की है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## रंगदारी न मिलने पर ऑटो चालक को पीटा

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रंगदारी का रुपया नहीं देने पर आटो चालक की पिटाई कर दी गयी। जिसे जान से मारने की धमकी देकर दबंग फरार हो गए है। ट्राफिक लाइन सदर निवासी प्रदीप कुमार के अनुसार वह आटो रिक्शा चालक है और अवध नगर तेलीबाग से आटो रिक्शा चलाकर अपना परिवार का पालन पोषण करता है। आरोप है कि बीती 6 जून को वह बाराबिरवा नहर चौराहे पर अपनी आटो पर बैठा था। इस दौरान धरम व सर्वेश नामक दो युवकों ने हफ्ता न देने की रंगदारी देने पर उसके संग गाली गलौज की। विरोध पर मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

## चोरी के माल के साथ गिरफ्तार

**लखनऊ।** आशियाना पुलिस ने चोर को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि पकड़े गये चोर की पहचान राज गौतम निवासी मोहम्मदीनगर सेक्टर एम थाना आशियाना के रूप में हुयी। आरोपी ने किला मोहम्मदी सेक्टर एम में रहने वाले काली किशोर दीक्षित के मकान में बीते माह में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुखऊपुर अशरफपट्टी, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25** **दिनांक-09.06.2024**

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुखऊपुर अशरफपट्टी, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 10.06.2024 से दिनांक 17.06.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सुखऊपुर अशरफपट्टी पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 17.06.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | दिलशाद के चक से सहाबुद्दीन के घर तक नाली निर्माण कार्य | 5,35,444 रुपये। | ईंट प्रथम श्रेणी, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- सुखऊपुर अशरफपट्टी, वि.ख.- दोस्तपुर**
**जनपद-सुलतानपुर**

# गर्भवती महिला फंदे से लटकी मिली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गर्भवती महिला की संदिग्ध हालतों में शुक्रवार की सुबह फंदे से लटकी मिली। जिसे इलाज के लिये पति ने लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान शाम को विवाहिता की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूलरूप से जनपद उन्नाव सोहरामऊ ग्राम शेखपुरा निवासी राधा गुप्ता के अनुसार वह मूल रूप से नौबस्ता कानपुर की रहने वाली है। उसने बताया कि उसकी 23 वर्षीय बहन पूजा का विवाह बीती 16 जनवरी 2022 को सोहरामऊ उन्नाव निवासी रितेश गुप्ता से हुआ था। वह पेशे से चालक है। उसकी बहन पूजा आठ माह की गर्भवती थी। वह तीन बहनों में दूसरे नम्बर की थी। जबकी छोटी बहन अन्नू है। बडी बहन राधा गुप्ता का आरोप है कि उसकी बहन पूजा ने उससे बीती 6 जून को वीडियो काल कर बातचीत किया था। लेकिन रात में उसकी बहन ने अपने घर में लगे पंखे के हुक के सहारे फांसी लगा लिया। जिसकी जानकारी उसे उसके बहन के पति ने दी थी। उसे संदेह है कि उसकी बहन ने आत्महत्या नही की है। जिसकी शिकायत उसने सोहरामऊ उन्नाव थाने में किया था। लेकिन पुलिस ने उसकी बहन पूजा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारवाई का आश्वासन दिया है।

**स्कूटी सवार ने हेलमेट से महिला को पीटाः** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में मामूली टक्कर के बाद स्कूटी सवार ने हेलमेट से महिला की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गयी। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है। कृष्णा नगर के सिन्धु नगर निवासी प्रीति लाल ने बताया कि वह और उसका पति गिरीश दोनो निजी कम्पनी में सफाई कर्मचारी है। गिरिश ने बताया कि बीते शनिवार की शाम अपनी बाइक से निलमथा मे रहने वाले रिस्तेदार के यहां मिलने गये थे। वहां से घर लौटते समय देर रात करीब दस बजे सेक्टर-6 पेट्रोल पम्प के सामने स्कूटी सवार युवक ने बाइक मे टक्कर मार दिया। जिससे गिरीश कुमार घायल हो गए। प्रीति लाल के विरोध करने पर स्कूटी सवार युवक ने हेल्मट से महिला पर हमला कर दिया। प्रीति के नाक पर एक के बाद एक हमले कर दिया। जिससे नाक और मुंह से खून बहने लगा। किसी तरह अपने आपको संभालते हुए उसने आरोपी युवक को पकड़ा लिया। लेकिन वह भीड़ का लाभ उठाकर छुड़ाकर भाग गया। साउथ सिटी चौकी इंचार्ज के मुताबिक घायल महिला प्रीति लाल को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल पहुचायां गया था। प्रथामिक उपचार के बाद पीडित महिला की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर स्कूटी चालक की तलाश की जा रही है।

## कोटेदार समेत तीन घरों में चोरी

लखनऊ। चोरों ने चिनहट व इटौंजा थाना क्षेत्र में कोटेदार समेत दो घरों को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात और नगदी पार चोरी कर ली। चिनहट के राजनगर कंचनपुर मटिहारी निवासी सौरभ गुप्ता के अनुसार बीती पांच जून को वह घर बंद करके आफिस गये हुये थे। जबकी उसके परिजन अपने गृह जनपद आजमगढ़ में थे। इस दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब बीस लाख की ज्वेलरी और पंद्रह हजार रुपया चोरी कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुवेर्दी के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पड़ताल की जा रही है। उधर बनौगा निवासी आकाश सरकारी राशन की दुकान चलाते हैं। आकाश के मुताबिक शनिवार रात सुबह सोकर उठे तो देखा कि पीछे वाले कमरे का ताला टूटा था। अलमारी में रखे 25 हजार रुपये और जेवर गायब थे। गांव के ही सिद्धनाथ के घर का ताला तोड़ चोर 15 हजार नगदी, ढाई लाख के जेवर चोरी कर ले गए। सिद्धनाथ परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। सुबह उठने के बाद नीचे गए तो पता लगा कि घर में चोरी हो चुकी है। इंस्पेक्टर इटौंजा के मुताबिक जांच जारी है।

# डीजीपी ने अपराध नियंत्रण को लेकर की समीक्षा बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक ने कानून-व्यवस्था, अपराध नियन्त्रण व यातायात प्रबन्धन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। जिसमें लोकसभा निर्वाचन निर्बाध व सकुशल सम्पन कराने में अधिकारियों की कार्यवाही पर प्रशंसा की गयी। उन्होंने अधिकारियों को निंदेश दिये कि अगामी 01 जुलाई से लागू होने वाली नयी भारतीय न्याय सहिंता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने हेतु प्रशिक्षण आवश्यक उपकरणों की खरीदरी तथा व्यापक प्रचार-प्रसार पर ध्यान दिया जाये। इस सम्बन्ध में मुख्यालय स्तर से निर्गत सभी कार्ययोजनाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। नये माफियाओं तथा पेशेवर अपराधियों का चिन्हाकंन कर उनके विरूद्ध योजनाबद्ध तरीके से प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की जाये तथा पूर्व में पंजीकृत माफिया गैंग के सभी सदस्यों के विरूद्ध सफल अभियोजन, सम्पत्ति जब्तीकरण व अन्य विधिक कार्यवाही की जाये। महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धी अपराधों को अत्यधिक गम्भीरता से लेते हुए संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध त्वरित वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। महिला सुरक्षा हेतु कार्यो की समीक्षा कर पुलिस बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। आगामी धार्मिक आयोजनों के दृष्टिगत पीस कमेटी की गोष्ठी कर ली जाये तथा धर्मगुरूओं, आयोजको, शान्ति समितियों, सभ्रान्त नागरिकों, डिजिटल वालेन्टियर्स एवं सिविल डिफेन्स का सक्रिय सहयोग लिया जाय। एसटीएफ द्वारा विकसित त्रिनेत्र ऐप 2.0 की पुलिस के सभी अधिकारी जानकारी रखें तथा उसका आवश्यक्तानुसार उपयोग करें। इसमे अधिक से अधिक गिरफ्तार अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों का आडियों, वीडियों व फोटो अपलोड किया जाये। गम्भीर प्रवृत्ति के अपराधों में संलिप्त फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अधिक से अधिक पुरस्कार घोषित कर अविलम्ब गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। चैन स्नैचिंग के अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर सर्तक दृष्टि रखी जाय। सोशल मीडिया पर रिस्पान्स टाइम और अधिक तेज किया जाये तथा आपत्तिजनक पोस्ट, अफवाहों का तत्काल संज्ञान लेते हुये अफवाहों का खण्डन कराया जाय एवं वैधानिक कार्यवाही की जाये। यातायात नियन्त्रण हेतु स्थानीय प्रशासन व नगर निगम आदि से अपेछित सहयोग प्राप्त कर दुर्घटनाओं में कमी लाया जाये। एनालाइजर, आईटीएमएस तथा तकनीकी उपकरणो की मदद से यातायात नियमो का उल्लघंन करने वालो पर प्रभावी कार्यवाही की जाये। पीडब्लूडी, एनएचएआई तथा नगर विकास विभाग की संस्थाओं के साथ ब्लैक स्पाट, सड़क जाम के कारणो का निवारण कराये।

## पेट्रोल पम्प मैनेजर से दबंग कार चालक ने की अभद्रता

**लखनऊ।** कार चालक ने पेट्रोल डलवाने के बाद फ्यूल न पड़ने की बात को लेकर हंगामा किया। जिसके बाद पम्प को जलाने की धमकी देकर साथियो संग आफिस में घुसकर मैनेजर से अभ्रदता की। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि शारदा नगर रतन खंड में संचालित बीपीसीएल पेट्रोल पम्प मैनेजर अमरेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक बीती 6 जून की दोपहर स्विफ्ट डिजायर कार चालक फ्यूल लेने पेट्रोल पम्प पर आया था। जहां सात सौ रुपए का फ्यूल अपनी गाड़ी में डलवाया। फ्यूल लेने के बाद भी कार चालक फ्यूल न डाले जाने की बात कहकर कर्मचारियों से अभद्रता करने लगा। कार में बैठे अपने अन्य साथियों के साथ झगड़े पर उतारू हो गया। कर्मचारियों के विरोध पर कार चालक अपने साथियो के साथ मैनेजर कक्ष में घुस गया।

# 17 को मनाया जायेगा कुर्बानी का प्रतीक ईद-उल-अजहा का पर्व



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व 17 जून को मनाया जाएगा। शुक्रवार को सुन्नी और शिया दोनो चांद कमेटी ने जिलहिज्ज का चांद दिखने की तस्दीक की। मरकजी चांद कमेटी फरंगी महल की बैठक मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में हुई। वहीं शिया चांद कमेटी की अध्यक्षता मौलाना सैयद मौलाना सैफ अब्बास ने की।

मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि बैठक में फैसला किया गया कि चांद देखने की तस्दीक हो गई है। इसकी बुनियाद पर ईद उल अजहा 17 जून को होगी। मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि बकरीद 17 जून को और ईद ए गदीर एक जुलाई को मनायी जाएगी। वहीं इदारा ए शरिया फरंगी महल से मरकजी रूइयत ए हिलाल कमेटी के अध्यक्ष मुफ्ती अबुल इरफान मियां फरंगी महली ने चांद नहीं देखे जाने की तस्दीक करते हुए ईद उल अजहा 17 जून को मनाए जाने की घोषणा की।

**क्यों दी जाती है कुबार्नी:** इस्लामिक मान्यताओं के मुताबिक एक बार अल्लाह ने पैगंबर हजरत इब्राहीम की परीक्षा लेनी चाहिए। इसलिए उन्होंने हजरत इब्राहीम को ख्वाब (सपने) के जरिए अपनी एक प्यारी चीज कुर्बान करने के लिए कहा। जब हजरत इब्राहीम उठे तो वह इस सोच में पड़ गए कि आखिर उनके लिए सबसे प्रिय चीज क्या है? बता दें कि हजरत इब्राहीम अपने इकलौते बेटे इस्माइल को सबसे अधिक प्रेम करते थे। वहीं एक चीज है जिसे वह सबसे अधिक प्रेम करते थे। लेकिन अल्लाह की मांग को पूरा करने के लिए वह अपने बेटे को कुर्बान करने के लिए तैयार हो गए। जब वह अपने बेटे को लेकर कुर्बान करने के लिए जा रहे थे, तो उन्हें एक शैतान मिला। जिसने हजरत इब्राहीम से कहा कि आप अपने बेटे को क्यों कुर्बान कर रहे हैं इसके बदले किसी जानवर की कुबार्नी दे दें। हजरत इब्राहीम साहब को शैतान की ये बात अच्छी लगी। लेकिन उन्होंने सोचा कि ये तो अल्लाह के साथ धोखा करना है और उनके द्वारा दिए गए हुक्म की नाफरमानी होगी

। इसलिए वह बिना कुछ सोचे अपने बेटे को लेकर आगे बढ़ गए। उस जगह वह पहुंच गए जिस जगह पर बेटे की कुबार्नी देनी थी। लेकिन पिता के मोह ने उन्हें ऐसा करने से रोका। ऐसे में उन्होंने अपने आंखों में पट्टी बांध ली, जिससे पुत्र मोह अल्लाह के राह में बाधा न बने। इसके बाद उन्होंने कुबार्नी दे दी। लेकिन ऐसे ही उन्होंने अपनी आंखों से पट्टी हटाई, तो वह देखकर हैरान रह गए है कि उनका बेटा इस्माइल सही सलामत है और उनकी जगह एक डुम्बा (बकरी की एक प्रजाति) कुर्बान हो गया था। इसके बाद से ही कुबार्नी के तौर पर बकरा को कुर्बान किया जाता है।

**तीन भागों में बांटा जाता है कुर्बान किया हुआ बकरा:** बता दें कि बकरीद के दिन जिस बकरे की कुबार्नी दी जाती है। उसे तीन भागों में बांटा जाता है। इसमें से पहला भाग घर-परिवार के लिए, दूसरा हिस्सा अपने किसी दोस्त या फिर करीबी को दिया जाता है और तीसरा हिस्सा किसी गरीब या फिर जरूरतमंद को दिया जाता है।

**बकरीद का महत्व :** आपने देखा होगा कि बकरीद से कुछ दिन पहले बकरा खरीदकर लोग घर ले आते हैं। जिसे वह रोजाना खाना-पीना कराते हैं। उसका पालन पोषण बिल्कुल अपने बच्चे की तरह करते हैं। इसके पीछे कारण है कि आप जब कुछ दिन पहले बकरे को ले आते हैं, तो उसका लालन-पालन करने से आपके अंदर उसके प्रति प्रेम जाग जाता है। जिस तरह हजरत इब्राहीम का अपने बेटे के प्रति प्रेम था। फिर बाद में दुआ पढ़कर अल्लाह का नाम लेकर जबह कर देते हैं।

## शहर के बाजारों के साथ ऑनलाइन भी सज गयी बकरा मण्डी



● कुर्बानी के लिए ऑनलाइन भी बिक रहे हर नस्ल के बकरे



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार 17 जून को मनाया जाएगा। मस्जिदों में विशेष नमाज की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। ईद-उल-अजहा में कुबार्नी का खास महत्व है। जिसके लिए अकीदतमंदों ने बकरों की खरीदारी शुरू कर दी है। खास बात ये है कि शहर में बाजार सजने के साथ-साथ ऑनलाइन बकरों की बाजार सज चुकी है। पिछले कुछ वर्षों में ऑनलाइन बकरे खरीदने का चलन काफी बढ़ा है।

ईद-उल-अजहा में लगातार तीन दिन तक कुबार्नी दी जाती है। जिसके लिए बकरों की खरीद फरोख्त होती है। लखनऊ में चौक, दुबग्गा, अलीगंज समेत कई स्थानों पर बकरा मण्डी लगती है। इन सभी स्थानों में अगले एक से दो दिन में बकरों की बाजार सज जाएगी लेकिन इससे पूर्व ही ऑनलाइन बाजार में बकरे खरीदने की शुरूआत हो चुकी है। कई नामी ई-कामर्स कम्पनी की वेबसाइट के माध्यम के साथ ही अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बकरों की बिक्री की जा रही है। जिसमें देसी बकरे के साथ ही अजमेरी, सिरोही, जमुनापारी, बरबरी समेत अन्य नस्लों के बकरे मौजूद हैं। ऑनलाइन प्लेटफार्म में 12 हजार से 60 हजार रुपए तक की कीमत के बकरे उपलब्ध हैं।

**एक साल का बकरा होना शर्त:** दारुल उलूम निजामिया फरंगी महली के अन्तर्गत ईद-उल-अजहा हेल्पलाइन शुरू हो गई है। इस हेल्पलाइन पर कुबार्नी, हज और उमराह से जुड़े सवाल पूछे जा रहे हैं। हेल्पलाइन शनिवार को शनिवार को कुबार्नी किस पर वाजिब है सवाल पर जवाब दिया गया कि कुबार्नी हर उस मुसलमान, आकिल, बालिग और मुकीम पर वाजिब है जो साहिब ए निसाब हो। इसके साथ ही सवाल पूछा गया कि अगर बकरा मुकम्मल एक साल का है लेकिन उसके दांत नहीं निकले हैं तो कुबार्नी सही है। इस सवाल के जवाब में उलेमा के पैनल ने कहा कि कुबार्नी है, बस बकरा एक साल का होना शर्त है। दांत निकलना जरूरी नहीं है। एक सवाल पूछा गया कि कुछ जगहों पर मशहूर है कि जानवर खरीद कर ही कुबार्नी दे सकते हैं पालतू को नहीं, क्या यह सही है। इस सवाल पर कहा गया कि यह सही नहीं है। जानवर को खरीद कर कुबार्नी दें या पाल कर, दोनों सही है। हेल्पलाइन के नम्बर 9335929670, 7007705774, 9415102947 एवं 9140427677 पर दोपहर दो से चार बजे तक सवाल पूछ सकते हैं।

# विनायक चतुर्थी व्रत आज, भक्त करेंगे बप्पा की आराधना

● भगवान गणेश सभी प्रकार के कष्टों को दूर करते हैं
● विनायक चतुर्थी पर पुष्य नक्षत्र का संयोग भी बनने जा रहा है



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस बार विनायक चतुर्थी 10 जून को मनाई जाने वाली है। यह पर्व हर माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इसके अलावा विशेष कार्यों में सफलता पाने के लिए व्रत भी रखा जाता है।

भगवान गणेश सभी प्रकार के कष्टों को दूर करते हैं। ऐसे में विनायक चतुर्थी पर सच्चे मन से बप्पा की पूजा करने से सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। ज्योतिषियों के मुताबिक, विनायक चतुर्थी पर कई शुभ योग बन रहे हैं। इनमें दुर्लभ ध्रुव योग भी शामिल है। इन योगों में भगवान गणेश की पूजा करने से कई गुना फल प्राप्त होता है।

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 9 जून को दोपहर 3.44 बजे होगी और इसकी समाप्ति 10 जून को शाम 4.14 बजे होगी। वहीं, इस दिन चंद्र दर्शन का समय 02 घंटे 47 मिनट रहेगा। चंद्रास्त का समय रात 10:54 बजे है। आप शुभ मुहूर्त देखकर भगवान गणेश की पूजा कर सकते हैं।

**ध्रुव योग:** ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर ध्रुव योग बन रहा है। यह योग शाम 4 बजकर 48 मिनट तक है। ध्रुव योग को ज्योतिषी शुभ मानते हैं। इस योग में भगवान गणेश की पूजा करने से बहुत लाभ मिलता है।

**सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग:** इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग भी बन रहा है। दोनों योग सुबह 5.23 बजे से बन रहे हैं। ये योग रात 9 बजकर 40 मिनट पर समाप्त होंगे।

**पुष्य नक्षत्र संयोग:** विनायक चतुर्थी पर पुष्य नक्षत्र का संयोग भी बनने जा रहा है। इस योग में भगवान गणेश की पूजा करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

**विनायक चतुर्थी पूजा विधि:** विनायक चतुर्थी के दिन सुबह स्नान के बाद साफ वस्त्र पहन लें और गणेश जी के सामने प्रार्थना करते हुए पूजन का संकल्प लें। गणेश जी की मूर्ति एक चौकी पर स्थापित करें और उनका जलाभिषेक करें। भगवान गणेश को चंदन का तिलक लगाएं, वस्त्र, कुमकुम, धूप, दीप, लाल फूल अक्षत, पान, सुपारी आदि अर्पित करें। कहा जाता है कि गणेश जी को मोदक और दूर्वा घास बेहद पसंद है। ऐसे में उनकी कृपा पाने के लिए विनायक चतुर्थी के दिन मोदक या लड्डू का भोग जरूर लगाएं और दूर्वा जरूर चढ़ाएं।

# गौरैया संरक्षण के लिए बांटे घरौंदा और मिट्टी के बर्तन

● घरौंदा और मिट्टी के वर्तन वितरण के साथ आओ गौरैया बचाएं अभियान का समापन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गौरैया संरक्षण और भीषण गर्मी में बेजुबान परिंदों को दाना पानी देने के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था सुरभि कल्चरल ग्रुप की ओर से रविवार को समर बिहार सेंट्रल पार्क, समर बिहार में आओ गौरैया बचाएं कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बच्चों ने कबाड़ के बेकार पड़ी चीजों दफ्ती, कोल्ड्रिंक बोलत, शादी कार्ड, अखबार, सुतली, थमाकील से बनाएं घरौंदे और मिट्टी के बर्तन का वितरण किया गया। 19 मई से 8 जून 21 दिवसीय आओ गौरैया बचाएं अभियान में 100 से अधिक बच्चों ने पौधा लगाकर, काव्यपाठ और पेंटिग और घरौंदा बनाकर इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया' मैत्री शुक्ला, गनीव सलूजा, आन्या चौरसिया, गुनगुन कौर, ऐशनी श्रीवास्तव, नित्या गुप्ता, एवलिन कौर, ईरा शर्मा ने अपनी कविताओं के माध्यम से घर की छत पर दाना पानी रखने, घर के आस पास पेड़ पौधे लगाने प्रकृति पशु पक्षियों के प्रति लगाओ का संदेश दिया। बेजुबान परिंदों को सुंदर और सुरक्षित आशियाना देने के इस अभियान मे मुख्य अतिथि पूर्व चिकित्सा अधिकारी और उपाध्यक्ष केंट मंडल, डॉ पुष्पा श्रीवास्तव, टीचर इंचार्ज कामनेषु कुमार, सीमा सक्सेना, ऋचा मक्कर, तजिंदर कौर, रविंदर कौर, पल्लवी कौशल उपस्थित रहें।

# चटख धूप में सतरंगी बोगनविलिया ने मोहा मन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एनबीआरआई के केएन कौल लॉन में चटख धूप और भीषण गर्मी में लाल, पीली, नारंगी, बैंगनी, सफेद बोगनविलिया ने सबका मन मोह लिया। धूप के बावजूद भारी संख्या में फूल-पौधे के प्रेमी बोगनविलिया महोत्सव में पहुंचे। वापस जाते समय घरों में बोगनविलिया खिलाने के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी खरीद ले गए। एनबीआरआई की तरफ से आयोजित महोत्सव का उद्घाटन राज्य सम्पत्ति अधिकारी पवन गंगवार ने किया। महोत्सव संयोजक और संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एसके तिवारी ने बताया कि इस वर्ष आम जनता, सरकारी, निजी संगठनों की भागीदारी के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हो रही हैं। महोत्सव में कुल 19 प्रदर्शकों ने 46 प्रविष्टियां प्रदर्शित की हैं। प्रतियोगिताएं आठ वर्गों में आयोजित की गई थी।

**शुभ्रा-अरुणा ने बिखेरा जलवा:** महोत्सव में एनबीआरआई द्वारा विकसित बोगनविलिया की दो दर्जन से ज्यादा किस्मों का प्रदर्शन किया। इनमें बेगम सिकंदर, शुभ्रा, डा. बीपी पाल, अजुर्ना, अर्चना, मेरी पाल्मर स्पेशल, लॉस बनोस वैरिगेटा, अरुण, डा. पीवी साने जैसे प्रजातियों की बोगनविलिया ने सबका मन मोह लिया। इसके अलावा बोगनविलिया पौधों को आकर्षक बनाये गये विभिन्न स्वरूपों मसलन बोन्साई, टोपिअरी कला आदि में भी प्रदर्शित किया गया हैं।



**नम्रता रहीं विजेता, ला मार्टिनियर को तीन पुरस्कार:** प्रतियोगिता में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली इंदिरानगर लखनऊ की नम्रता त्रिपाठी महोत्सव की ओवरआल विजेता रहीं। वहीं ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज उपविजेता रहा। ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज तीन वर्गों में अव्वल रहा। उसने दो रंग वाली और पीली बोगनविलिया में पहला स्थान स्थान हासिल किया। वहीं बहुरंगी बोगनविलिया में संतोष और ला मार्टिनियर कॉलेज संयुक्त विजेता रहे। महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण सीबीसीआईडी, लखनऊ के महानिदेशक डा. सत्य नारायण साबत ने किया। इस मौके पर सीडीआरआई लखनऊ की निदेशक डा. राधा रंगराजन और सीआईएमएपी लखनऊ के निदेशक डा. पीके त्रिवेदी समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# दो काव्यकृतियों 'गीत उनके लिये' और लक्ष्मण शक्ति' का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साहित्यिक संस्था चेतना साहित्य परिषद् के तत्वावधान में उ.प्र. प्रेस क्लब में दो काव्यकृतियों गजाधर प्रसाद अवस्थी 'गौरव' विरचित गीत संग्रह गीत उनके लिये और डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी 'दिनेश' द्वारा विरचित खण्डकाव्य 'लक्ष्मण शक्ति' का लोकार्पण भव्य सारस्वत समारोह में संपन्न हुआ।

इस समारोह की अध्यक्षता प्रो. डॉ. हरिशंकर मिश्र, पूर्व आचार्य, हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, ने की तथा मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. उषा सिन्हा, पूर्व विभागाध्यक्ष, भाषा विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि डॉ. उमा शंकर शुक्ल 'शितिकंठ', पूर्व प्रवक्ता के. के.सी. महाविद्यालय मंच पर शोभायमान रहे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बृजेश चन्द्र मिश्र, जयनारायण मिश्र परास्नातक महाविद्यालय मंच पर विराजमान रहे। मंचस्थ विभूतियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और राजेंद्र शुक्ल 'राज' की वाणी वंदना से कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ। समारोह का सुरुचिपूर्ण




संचालन संस्था के महामंत्री प्रमोद द्विवेदी 'प्रमोद' ने किया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से इस बात के लिए चर्चित हुआ कि पिता और पुत्र दोनों की कृतियों का एक साथ लोकार्पण किया गया।

रमाशंकर सिंह ने सभी अभ्यागत अतिथियों का स्वागत किया और संस्थाध्यक्ष डॉ. शिव भजन 'कमलेश ने अपने आशीर्वचन से समारोह को गति प्रदान की। दोनों कृतियों का विधिवत लोकार्पण मंचस्थ मनीषियों ने अनवरत्त करतल ध्वनि के बीच किया। तदोपरांत दोनों रचनाकारों ने अपनी लोकार्पित कृतियों से काव्यपाठ किया। तत्पश्चात पुस्तकों पर चर्चा का प्रारम्भ करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. बृजेश चन्द्र मिश्र ने दोनों कृतियों पर विस्तार से अपना समीक्षात्मक विचार प्रस्तुत किया। गीत उनके लिये के गीतों को उत्कृष्ट बताते हुए कहा कि इस संग्रह के गीतों में विषय वैविध्य तथा लालित्य दोनों तत्व हैं जो इस पुस्तक को विशिष्ट बनाते हैं। लक्ष्मण शक्ति' की विशेषता यह है कि एक छोटे से प्रसंग को लेकर कवि ने एक ऐसा अद्भुत खण्डकाव्य रच डाला जो कथ्य और शिल्प दोनों ही दृष्टियों से उत्कृष्ट है। विशिष्ट अतिथि डॉ. उमाशंकर शुक्ल 'शितिकंठ' ने दोनों ही कृतियों में काव्य तत्व की तलाश करते हुए उनकी सराहना की और पिता पुत्र दोनों को बधाई दी। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. उषा सिन्हा ने भाषा एवं काव्यात्मक अभिव्यक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि दोनों कृतियों ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। साहित्य जगत में इनकी चर्चा लम्बे समय तक होती रहेगी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. डॉ. हरिशंकर मिश्र ने दोनों रचनाकारों को बधाई देते हुए आज के अवसर को अनोखा बताया जब एक साथ पिता और पुत्र दोनों की काव्यकृतियों का विमोचन हो रहा है। उन्होंने भी दोनों ही कृतियों को अपनी-अपनी विधा में श्रेष्ठ कृति की संज्ञा देते हुए कहा कि ये कृतियाँ साहित्य जगत की अमूल्य निधि सिद्ध होंगी, ऐसा विश्वास है। उन्होंने गजाधर प्रसाद अवस्थी 'गौरव' की विशेष सराहना करते हुए कहा कि इतनी उम्र में भी सृजनशीलता में लगे रहना अभिभूत करनें वाला अनुभव है।

# शहीदी दिवस पर नगर कीर्तन सुन संगत हुए निहाल

● गुरू अरजन देव जी महाराज का 418वां पावन शहीदी दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के सम्पादक, बाणी के बोहिथ, शहीदों के सरताज सिखों के पांचवें गुरू साहिब श्री गुरू अरजन देव जी महाराज का 418वाँ पावन शहीदी दिवस दिनांक 09 एवं 10 जून 2024 को बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला व यहियागंज गुरुद्वारा में मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर आज सायं श्री रहिरास साहिब के पाठ से दीवान आरम्भ हुआ उसके उपरान्त रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने कीर्तन गायन एवं नाम सिमरन द्वारा संगत को निहाल किया। विशेष रुप से पधारे पंथ प्रसिद्ध प्रचारक ज्ञानी मान सिंह पूर्व प्रचारक श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर जी ने श्री गुरू अरजन देव जी की जीवन एवं शहादत पर गुरमति विचार व्यक्त किये। रागी जत्था भाई प्रिंसपाल सिंह जी जी पटियाला वालों ने उनां नूँ सभ जगतु करे नमसकार शबद कीर्तन गायन कर श्रद्धालुओं को निहाल किया। मंच का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया।





कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात दशमेश सेवा सोसायटी के सदस्यों द्वारा गुरु का लंगर वितरित किया गया। लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवं श्री गुरू सिंह सभा ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी, नाका हिन्डोला, लखनऊ के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने बताया कि दिनांक 10 जून 2024 को प्रातः 5.00 बजे से 3.00 बजे तक पावन शहीदी दिवस पर दीवान सजेगा। जिसके लिए आज से ही तैयारियां प्रारंभ हो गई है इस शहीदी समागम में लगभग 5,000 लोगों के शामिल होकर लंगर प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है जिसके लिए महिलाएं और पुरुष सब लंगर की तैयारियों में लगे हैं। दोपहर 12.00 बजे से गुरु का लंगर वितरित किया जायेगा। इस समागम में संगत की सेवा के लिए विशेष तौर पर कच्ची लस्सी जो दूध और शरबत से तैयार कर वितरित की जायेगी।

# महाराणा प्रताप जयंती पर पानी और जूस वितरित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मधुलिका हॉबी क्लासेज के तत्वाधान में आज रायबरेली रोड, लखनऊ में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर पानी और जूस का वितरण किया गया। महाराणा प्रताप की जयंती पर संस्था के प्रमुख अनुराग शाह, ज्योत्सना यादव, सतीश साहू सहित अन्य लोगों ने रायबरेली रोड लखनऊ के पी जी आई, तेलीबाग और वृंदावन कालोनी चौराहे पर पानी और जूस का वितरण आमलोगों में किया। इस मौके पर अनुराग शाह ने कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# नन्हे-मुन्ने सीख रहे कला की बारीकियां



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गर्मियों की छुट्टियों में समय का सदुपयोग करते हुऐ आशियाना के हुनरमंद बच्चे समर कैम्प में विभिन्न कलाओ की बारीकियां सीख रहे है। इसका आयोजन राइम एंड रिदम इंटरनेशनल स्कूल की ओर से किया गया। राइम एंड रिदम की निदेशक अन्नपूर्णा सक्सेना ने बताया कि यहाँ पर प्ले ग्रुप से 13 साल तक के बच्चे विभिन्न कलाओ में प्रशिक्षण ले रहे । इस दौरान विभिन्न विधाओं जैसे जिम्नास्टिक और स्केटिंग को अमित कुमार के द्वारा डांस को कीर्ति और दीपक, कैसियो को रोहित, क्रिकेट और अन्य खेलों की बारिकियों को बलराम सर से सीख रहे है। उन्होंने बताया कि नन्हे मुन्हे के द्वारा सीखी गई कलाओ का प्रदर्शन 19 जुलाई को गोमतीनगर नगर स्थित बौद्ध ऑडिटोरियम में समर फिएस्टा में किया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा।

# नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर राजधानी में मना जश्न






- शहर में निकली रैली, बंटी मिठाई, जमकर हुई आतिशबाजी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी की सरकार ने रविवार को शपथ ग्रहण किया। इस शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत के साथ ही शहरवासियों ने भी नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने और एनडीए की सरकार गठित होने पर खुलकर जश्न मनाया। इस अवसर पर एक ओर जहां जमकर मिठाई बांटी गयी और जगह-जगह भण्डारे का आयोजन हुआ। साथ ही आतिशबाजी से शहर सराबोर हो गया।

शहर में भाजपा कार्यकर्ता समेत आम जनमानस ने जमकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर एक ओर जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटा, जगह-जगह भण्डारे लगाया गया। इसमें केवल भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि कई संगठन, समर्थक और व्यापारियों ने खुशी मनायी गयी। दूसरी ओर शाम होते-होते शहर में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। शहर में एनडीए सरकार के पक्ष में बाइकों की रैली निकाली गयी, इस दौरान गगनभेदी नारे भाजपा सरकार के पक्ष में लगाये गये। साथ ही मोदी-योगी के भी जमकर नारे लगाये गये। बाइकों के अलावा लोगों ने पैदल मार्च निकाला, जिसमें लोगों ने भाजपा के झण्डे लिये हुए थे। इस दौरान लोगों नारे लगाने के साथ हाथ में मिठाई का डिब्बा भी लिये हुए थे और हर राहगीर को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। इसी के साथ कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने राजधानी के कई प्रमुख स्थानों ने भण्डारा बांटा गया। इसी के साथ कार्यकर्ता, व्यापारियों और आमजनों ने शाम को आतिशबाजी कर खुशी मनायी।

## भूपेन्द्र चौधरी ने पीएम को दी बधाई

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में बीते 10 वर्ष अभूतपूर्व विकास एवं जनकल्याणकारी युग के रूप में जनता-जनार्दन के सामने आये हैं। आगामी वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की मजबूत सरकार भारत के गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति के उत्थान के लिए समर्पित रहेगी एवं संपूर्ण विश्व में भारत की धाक को और भी बढ़ायेगी।

उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार आगे भी नई ताकत, अद्वितीय ऊर्जा और तीव्र गति के साथ देश की जनता की सेवा करने के साथ भारत को 2047 तक विकसित बनाने के संकल्प के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व लगातार तीसरी बार मोदी के प्रधानमंत्री बनने के अवसर का साक्षी बना है। मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार जनविश्वास के अनुरूप भारत की सांस्कृतिक पहचान एवं विकास के अपने एजेंडे को और भी प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने का काम करेगी एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को चरितार्थ भी करेगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश से शपथ लेने वाले मंत्रियों को भी अपनी शुभकामनायें देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों राजनाथ सिंह, अमित शाह एवं नितिन गडकरी, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं आज शपथ लेने वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को भी बधाई प्रेषित की।

# अकबर नगर में आज से फिर चलेगा बुलडोजर, तोड़े जायेंगे मकान

- एलडीए, पुलिस प्रशासन ने की पूरी तैयारी
- पीएम आवास आवंटित अध्यासियों को कब्जा खाली करने की दी गई चेतावनी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के बीच बने समस्त अवैध निर्माणें पर सोमवार से फिर बुलडोजर चलेगा। सुबह 7:00 बजे से ही मकान और दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू होगी। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण, पुलिस और जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है।

अवैध कब्जों को तोड़ने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण, पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन के अफसरों ने रविवार शाम को मौके पर स्थिति का जायजा लिया। यहां 8 बड़ी पोकलैंड मशीन तैनात कर दी गई हैं। इन सभी की लोकेशन भी रविवार ही तय कर दी गई। विवाद और हंगामे से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस पीएसी को तैनात किया गया है। सुबह 7:00 बजे से पहले सभी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंच जाएंगे। सबसे पहले मुख्य मार्ग पर बनी दुकानों को गिराने का काम किया जाएगा। अकबरनगर में लगभग 1100 मकान गिराए जाने हैं। यहां लोगों ने कुकरैल नदी की जमीन पर कब्जा कर अवैध ढंग से मकान बना लिया था। एलडीए ने सभी को ध्वस्तीकरण की नोटिस दी थी। इसके खिलाफ लोग सुप्रीम कोर्ट तक गए। मगर कहीं से कोई राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने भी इन मकानों को गिराने का आदेश किया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गिराने की तैयारी पूरी कर ली हैं। मकान को तोड़ने से पहले रविवार को भी लखनऊ विकास प्राधिकरण, पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने आसपास सभी मकानों को तोड़ने का सर्वे किया। मशीनों की लोकेशन भी तय कराई है, ताकि सुबह 7:00 बजे से काम शुरू कर दिया जाए। सबसे पहले यहां मुख्य मार्ग पर बनी दुकानों को ही तोड़ा जाना है।

### यह किये गये इंतजाम

- 5 कंपनी पीएसी की अतिरिक्त तैनाती, 3 कंपनी आरएएफ संभालेगी कमान
- 10 जेसीबी व 8 पोकलैंड का इस्तेमाल होगा।
- अफसरों व सुरक्षाकर्मियों के लिए 6 शिविर बनाए गए हैं।
- 3 से 4 पानी के टैंकर भी मौजूद रहेंगे।
- गर्मी से राहत के लिए बड़े कूलर भी पहुंच गए हैं।

इन दुकानों को तोड़ने के बाद ही अंदर बने मकान को गिराया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा, मुख्य अभियंता एके सिंह समेत अन्य अधिकारी व इंजीनियर, एडीसीपी रवीना त्यागी व एसडीएम समेत अन्य अफसरों ने ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू होने से पहले रविवार शाम को मौके पर पैदलगस्त किया।

**लाउडस्पीकर से दी जाती रही सूचना:** रविवार को पूरे क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से विस्थापितों को पीएम आवास में शिफ्ट होने व अकबर नगर के कब्जे को खाली करने की सूचना दी गई।

एलडीए ने गलियों व सड़क पर लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। रविवार को दिनभर सूचना दी जाती रही। साथ ही समाचार पत्रों के जरिए भी वेबसाइट से आवंटन पत्र लेकर कब्जा लेने को कहा गया है। लोगों को आवंटित भवनों का कब्जा प्राप्त करने में किसी तरह की कोई असुविधा न हो, इसके लिए भी



अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम गठित की गयी है। उक्त टीम सुबह 7:00 बजे से रात 9:00 बजे तक स्थल पर उपस्थित रहकर लोगों को सहयोग प्रदान करेगी।

**500 मीटर के दायरे में 90 फीसदी लोगों का कामकाज:** यहां रहने वाले स्थानीय निवासी इमरान रजा बताते हैं कि करीब 90 फीसदी लोगों का रोजगार 500 मीटर के दायरे में है। करीब 25 से 30 हजार की आबादी है। यहां से शिफ्ट होने के बाद उनके ऊपर सबसे ज्यादा रोजगार का संकट आ जाएगा। लेकिन यह भी जिम्मेदार लोग नहीं देख रहे है। फ्लैट भी बेचा जा रहा है। जहां कोई खरीदने वाला नहीं था। अब एलडीए अपनी तिजोरी भरने के लिए अलग अलग पॉलिसी अपना रहा है।

## ट्रॉमा सेंटर में किया ठंडे पानी का वितरण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ट्रॉमा सेंटर का नाम सुनते ही मन भयभीत हो जाता है .यहां भर्ती गंभीर मरीजों की सलामती की दुआ करते उनके परिजन ट्रॉमा सेंटर प्रांगण में बैठे रहते हैं। ना खाने पीने की चिंता और बदहोश से तीमारदार का मन सिर्फ अपने मरीज के लिए लगा रहता है .ऐसे हालात में आज दूसरी बार श्रीमती रवि सेवा केंद्र द्वारा यहां निशुल्क ठंडे पानी की बोतल व खाने के लिए बिस्कुट के पैकेट मरीजों के तीमारदारों को वितरित किए गए। प्रचंड गर्मी के इस मौसम में तपती धूप में ट्रॉमा सेंटर परिसर में बैठे तीमारदार ने ठंडा पानी पीकर राहत महसूस की. नन्हे मुन्ने बच्चे भी बिस्कुट के पैकेट पाकर बहुत खुश दिखे। उन्नाव से आई फूलमती 60 वर्षीय के पति दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे .यहां भर्ती है। हालत बहुत नाजुक है। श्रीमती रवि सेवा केंद्र के संयोजक अमित कुमार ने जब उन्हें ठंडे पानी की बोतल दी तो एक बार तो उन्हें समझ नहीं आया कि क्यों दे रहे हैं? जब उनसे उनके मरीज का हाल-चाल पूछ तो वह थोड़ी सामान्य हुई और अपने पति के बारे में बड़े दुखी मन से बताया। उन्हें ठंडा पानी पीने के लिए कहा तब फूलमती ने पानी पिया और राहत अनुभव की। श्रीमती रवि चावला सेवा केंद्र के संयोजक अमित कुमार ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर में पानी की बोतल व खाने के समान लगातार बांटा जाएगा। क्योंकि यहां लोगों को इसकी बहुत जरूरत है आज के वितरण कार्यक्रम में केनरा बैंक के सेवानिवृत वरिष्ठ अधिकारी सर्व मित्र भट्ट की सक्रिय भूमिका रही साथ ही सर्वेश सक्सेना ने भी पानी की बोतले बांटने में सहयोग किया।

## ई-रिक्शा के रूट खोलने को यूनियन ने भरी हुंकार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चारबाग, आलमबाग, सरोजनीनगर, गोमतीनगर सहित अन्य क्षेत्रों में ई-रिक्शा के वजह से सड़क पर जाम लग जा रहा है। जाम में वजह बने ई-रिक्शा के लिए 11 प्रतिबंधित रूट खोलने समेत कई मांगों को लेकर यूनियन प्रदर्शन की तैयारी में है। इसके पीछे वजह यह है कि बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक याचिका पर आदेश दिया है, जिसमें हाईवे पर ई-रिक्शा पर प्रतिबंध को गलत करार दिया है। कोर्ट के इसी आदेश को लेकर ई रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी सोमवार को डीएम और शासन के अधिकारियों से मिलकर प्रतिबंधित रूट खोलने की गुहार लगाएंगे। ई-रिक्शा डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रस्ताव बनाया है, जिसमें जाम की वजह बने ई-रिक्शा से राहत मिलने के उपाय बताए गए हैं। इस संबंध में सात बिंदुओं पर प्रस्ताव तैयार कर डीएम से लेकर शासन स्तर के अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा। एसोसिएशन अध्यक्ष ऋषि गुप्ता महामंत्री अंकित जैन ने बताया कि नेशनल हाईवे पर ई-रिक्शा संचालन पर लगी पाबंदी पर कोर्ट ने रोक लगा दी है।

## लखनऊ महिला व्यापार मंडल ने कराया कुकिंग कंपटीशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** देश के नामचीन शेफ ने लखनऊ में तरह-तरह के खाने का व्यंजन बनाया। जिसमें लिटटी चोखा, कूचा चटनी, चूरमा लडडू सहित अन्य तरह की खाना शामिल है। कार्यक्रम का संचालन लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा और वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, निहारिका सिंह प्रेसिडेंट महिला व्यापार मंडल, डॉ नित्या वर्मा महामंत्री, ज्योति आनंद कोषाध्यक्ष, स्मृति उपाध्यक्ष के द्वारा किया गया। चीफ गेस्ट हिमा बिंदु नायक सेक्रेटरी जनरल रेड क्रॉस, डॉक्टर ममता मिश्रा, शाइस्ताअंबर चेयर पर्सन ऑल इंडिया मुस्लिम वूमेन पर्सनल लॉ बोर्ड उपस्थित रहे। शेफ अलका सिंह तोमर, शेफ विनीत और शेफ सौरभ ने सभी पार्टिसिपेंट्स के खाने को चखा और विजेता घोषित किया। शेफ अलका सिंह तोमर, शेफ विनीत ने बताया कि मिलेटस से बाटी चोखा बनाकर दीप्ति गुप्ता बाटी-चोखा कूचा चटनी चूरमा लडडू बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, रोहित पंजवानी जी ने पेरी-पेटी पनीर राइस विद् वेजीज बनाकर दूसरा स्थान गीता प्रजापति ने वेज मोकिसकन टाकोज डिस बनाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। अमरनाथ मिश्र ने बताया मिलेटस से बाटी चोखा जो कि चटनी और चोखे के साथ बहुत ही स्वादिष्ट लगा उसमें चूरमा लडडू चार चांद लगा रहा था। इस पूरे प्रोग्राम में क्विज शो का आयोजन भी किया गया जिसमें बहुत सारे प्राइसेज डिस्ट्रीब्यूशन किया।

## नगर निगम ने खाली करायी 2.65 करोड़ की जमीन

लखनऊ। नगर निगम ने रविवार को सरकारी जमीन से कब्जा हटाने की कार्रवाई की। ग्राम जेहता में 33153 वर्ग फुट भूमि खाली कराई गई है। इसकी बाजारू कीमत लगभग 2 करोड़ 65 रुपये है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि जेहता में खसरा संख्या 1892 व 1894 जो नई परती खाते में दर्ज है, जो नगर निगम में निहित सम्पत्ति है। यहां भू माफिया की ओर से अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्रभारी अधिकारी संपत्ति की ओर से टीम गठित कर खसरा संख्याओं पर अवैध कब्जे को राजेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार जोन 6 की अगुवाई में पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में शान्तिपूर्ण माहौल में हटवा दिया गया। अवैध कब्जे से 33153 वर्ग फुट भूमि खाला कराई गई है, जिसकी बाजारू कीमत लगभग 2 करोड़ 65 रुपये है। इस अवसर पर अविनाश चंद्र तिवारी राजस्व निरीक्षक व सैफुल हक, अजीत तिवारी लेखपाल नगर निगम मौजूद रहे।

## गोमती नदी से जलकुंभी निकाली

लखनऊ। स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने रविवार को जलकुंभी तथा कचरे से भरी गोमती नदी में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 9 कुंतल कचरा निकाला। अपने अभियान के 313वें रविवार को स्वच्छ पर्यावरण सेना ने प्रातः 5:00बजे हनुमान सेतु निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट सफाई की शुरूआत की। संयोजक रणजीत सिंह ने बताया कि लगभग 2 घंटे चले इस अभियान में मीना पाण्डे, दिनेश दत्त पाण्डेय, महेंद्र प्रताप सिंह, अजय चौधरी, विवेक जोशी, जितेन्द्र शर्मा, सौरभ अग्रवाल, कमलेश कुमार, प्रदीप वर्मा, हरिनाम सिंह, रमेश जोशी इत्यादि स्वयं सेवकों ने मुख्यमंत्री से गोमती नदी में मिलने वाले सभी गंदे नालों को बंद कराने की गुहार लगाई।

## ऑनलाइन लगायेगा परिवहन निगम चालक-परिचालक की ड्यूटी

**लखनऊ।** परिवहन निगम में पैसा लेकर कोई चालक आराम दायक तो किसी को रात दिन कार्य करना पड़ता था लेकिन अब ऐसा नही होगा। इसके लिए परिवहन निगम आनलाईन ड्यूटी लगाने की योजना तैयार कर चुका है।

आनलाईन में रुट और चालक-परिचालक का नाम फीड करते ही बस नम्बर मिल जायेगा। इसी आधार पर महिने पर ड्यूटी चालक-परिचालक करेगें। बस ड्यूटी के फेर में लेट होने वाली बसें अब तय समय सारणी से चलेंगी। वजह ये है कि रोडवेज बस ड्राइवर-कंडक्टरों की ड्यूटी अब सॉफ्टवेयर के जरिए लगनी शुरू हो गई है। एक माह तक चले प्रयोग में 45 फीसदी सॉफ्टवेयर के ड्यूटी लगाने में सफलता मिली है। 35 फीसदी डिपो स्तर से बरती गई लापरवाही पर एमडी ने चिंता जताते हुए सॉफ्टवेयर के जरिए 100 फीसदी ड्यूटी लगाने के सख्त आदेश दिए हैं। इस संबंध में एमआईएस प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को चिट्ठी भेजकर शत प्रतिशत ड्यूटी सॉफ्टवेयर से लगाने के निर्देश दिए हैं।

## असहाय, निर्धन, बच्चों के निःशुल्क भोजन वितरण से बढ़ रहा सकारात्मक परिवर्तन

**लखनऊ।** इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा कहते है आज के समय में अकिंचन, निर्धन और असहाय बच्चों की मदद के लिए समाज में कई पहलें हो रही हैं। इनमें से एक महत्वपूर्ण पहल है निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम, इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई जो इन बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम की सफलता का मुख्य कारण समाज के सभी वर्गों की सहभागिता है। संस्था की वरिष्ठ सक्रिय सदस्य मिठू रॉय ने बताया कि निर्धन और असहाय बच्चों के लिए निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम की शुरूआत इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के कुछ स्वयंसेवकों द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य उन बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है जो आर्थिक तंगी के कारण उचित आहार नहीं पा सकते। संस्था के वरिष्ठ सदस्य आशीष श्रीवास्तव का कहना है कि इस कार्यक्रम की सफलता में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका समाज के सभी वर्गों की सहभागिता की है।

# प्रदेश में कम नहीं हो रहा गर्मी का कहर, 12 जून तक रहेगा लू का प्रकोप

- राजधानी में सूरज की तपिश व लू के थपेड़ों ने किया परेशान

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। प्रदेश के अधिकांश हिस्से भीषण लू की चपेट में हैं, जिससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 12 जून तक लू का प्रकोप जारी रहेगा और 20 जून तक मानसून के दस्तक देने की संभावना है। भीषण गर्मी और लू के कारण दिन के समय लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है, वहीं रात में भी गर्मी की तपिश कम नहीं हो रही है। गर्मी के कारण अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है और बिजली की समस्या ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल लू के थपेड़ों से निजात मिलने की संभावना नहीं है।

दोपहर के समय हीटवेव चल रही है तो रात के वक्त भी गर्मी ने चैन छीन लिया है। भीषण गर्मी में लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं जिससे की गर्मी से राहत मिल सके। हालांकि मौसम विभाग ने आने वाले चार दिन तक कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश में 30-40 किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से गर्म हवाऐं चलने का अनुमान है। यूपी में 9 जून से लेकर 12 जून तक भीषण गर्मी रहने वाली है। यहां के कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। इस दौरान जालौन, बांदा, कानपुर, हमीरपुर, प्रयागराज, मिजार्पुर, वाराणसी, झांसी, ललितपुर में हीटवेव चलने का अनुमान है। वहीं 10 जून को 5 जिलों में गर्मी का ऑरेंज अलर्ट है। 11 और 12 जून को प्रदेश के कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। वहीं, प्रतापगढ़ में दोनों दिन बारिश होने की संभावना है। प्रदेश में मानसून की एंट्री के साथ ही बारिश की शुरूआत होगी। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून जल्द ही वह उत्तर प्रदेश के दक्षिणी इलाके से राज्य में दस्तक देगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि 20 जून को दक्षिणी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मॉनसून एंट्री करेगा। इस दौरान वाराणसी, इलाहाबाद, गोरखपुर, देवरिया और आसपास के इलाकों में बारिश हो सकती है। रविवार को राजधानी लखनऊ का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री रहा। प्रदेश में सबसे अधिक गर्म शहर प्रयागराज रहा। यहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री जबकि कानपुर व वाराणसी तापमान क्रमशः 44.6 व 44.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

### इन इलाकों में लू का असर

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के मुताबिक, प्रदेश के बुंदेलखंड, पूर्वांचल, पश्चिमी यूपी और मध्य क्षेत्र में भीषण लू की स्थिति बनी हुई है। प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, रायबरेली, कन्नौज, मैनपुरी, हाथरस और आसपास के इलाकों में भीषण लू को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, मथुरा, आगरा, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के क्षेत्रों में भीषण लू का कहर देखने को मिला। जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, उन्नाव, लखनऊ, अमेठी, सुलतानपुर, अलीगढ़, हाथरस, संत कबीर नगर, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी और आसपास के इलाकों में भी लू से लोग परेशान रहे।

### सतर्कता बरतने की अपील

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, प्रदेश में अगले 5 दिनों में हिट इंडेक्स 40 से 50 के बीच रहने की संभावना है। फिलहाल भीषण लू की स्थिति जारी रहेगी। लोगों से लंबे समय तक सूरज के संपर्क में नहीं रहने की अपील की गई है, खासतौर पर खनन श्रमिकों, मजदूरों और किसानों को भीषण लू और गर्मी की स्थिति में ज्यादा देर तक सूरज के संपर्क में नहीं रहने की सलाह दी गई है। अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री का इजाफा दर्ज किया जा सकता है और अधिकांश हिस्सों में आर्द्रता का स्तर 25 से 50 के बीच बना हुआ है।

संक्षेप

## ट्रक की ठोकर से पेड़ व पोल गिरा, एक घायल

**रुद्रपुर, देवरिया।** रुद्रपुर गौरी बाजार मार्ग पर ट्रक की ठोकर से पीपल के पेड़ की एक डाल टूट कर नीचे आ गई। डाल के धक्के से स्ट्रीट लाइट के लिए लगा नगर पंचायत का एक पोल भी टूट गया। जिसकी चपेट में आकर रजाई गद्दे में रूई भरने वाला एक कामगार घायल हो गया। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को लगभग 4:30 बजे एक ट्रेलर गौरी बाजार से रुद्रपुर की तरफ जा रहा था कि खजुआ चौराहे से थोड़ी दूर पहले एक पीपल के पेड़ में ठोकर मार दिया। जिससे पेड़ की एक डाल टूटकर सड़क पर गिर गई। डाल के धक्के से नगर पंचायत का एक पोल भी टूट कर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर रजाई गद्दे में रूई भरने का काम करने वाले बिहार निवासी असगर अली उर्फ मुस्कान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुद्रपुर पहुंचाया जहां इलाज जारी है।

# नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न




**अयोध्या।** नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रिकाबगंज हनुमानगढ़ी मंदिर के पास जमकर मिष्ठान वितरण करके आतिशबाजी की ,एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करिअप्पा नगर के समरसता प्रमुख दिनेश जायसवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी का दो टर्म ऐतिहासिक रहा और तीसरे टर्म में मोदी जी विकसित भारत की नींव रखने के लिए देश को और मजबूत करेंगे ,विवेकानंद नगर के बस्ती प्रमुख अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने कहा कि नरेंद्र मोदी के हाथों में ही देश मजबूत है अब की भारत देश की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार है विजय उत्सव में प्रमुख रूप से विवेकानंद नगर के सह कार्यवाह सुनील जी, संजय पांडे ,ज्योति गुप्ता ,राम फेर गुप्ता, दीपक गुप्ता ,अर्जुन लाल गुप्ता ,आरजू गुप्ता, दिनेश जायसवाल ,पूर्व अरविंद त्रिवेदी ,दिनेश कनौजिया, शोमू मुखर्जी मौजूद रहे।

## आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन



**अयोध्या।** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रविवार को जनपद की सभी पीएचसी पर आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आम जन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और आरोग्य मेले का सफल संचालन संपन्न हुआ। जनपद की सभी पीएचसी पर आयोजित आरोग्य मेले में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा इलाज एवम स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हासिल करने आए लोगों को ईलाज किया गया और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। मेले में 70 चिकित्सकों व 239 पैरामेडिकल द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। मेले में पुरुष मरीज 593, महिला मरीज 460, बच्चे 285, द्वारा अपना उपचार लाभ प्राप्त किया गया। मेले में आयुष्मान कार्ड बने 20, हेल्प डेस्क पर स्क्रीन हुए मरीज 161, कोविड टेस्ट 0 पॉजिटिव 0, आंख के मरीज 10, बुखार के मरीज 39, सांस के मरीज 61, पेट के मरीज 115, शुगर के मरीज 74, चर्म रोग के मरीज 92, टीबी के सस्पेक्टेड मरीज 13, एनीमिया के 14, उच्च रक्तचाप के 21, प्रसव पूर्व जांच 35, कुपोषित 2 , रेफर 7 किये गये।

## पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी भाजपा पर भारी पड़ी : कमलेश

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया एवं जिला पंचायत सदस्यों क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं सभासदों की मांगों को पूरा नहीं किया जाना उत्तर प्रदेश में भाजपा पर भारी पड़ा उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहीं, श्री पांडेय ने कहा कि विगत दो वर्षों से जिला पंचायत सदस्य संघ सभासद संघ एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य संघ उत्तर प्रदेश की सरकार से अपने 6 सूत्री मांगों को लेकर लगातार सरकार एवं शासन से पत्राचार धरना प्रदर्शन आदि के माध्यम से मांग करती रही है लेकिन सरकार सदस्यों की मांगों पर कोई विचार नहीं किया जिससे आहत होकर जिला पंचायत के सदस्य क्षेत्र पंचायत के सदस्य एवं सभासद गणों ने भाजपा सरकार बनाने में बहुत रुचि नहीं दिखाई।

जबकि इसके पूर्व के चुनाव में पंचायत प्रतिनिधियों का जोरदार समर्थन भाजपा के तरफ होता था जिससे लगातार दो बार देश में और दो बार से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत की बनी लेकिन भाजपा की सरकार ने पंचायत प्रतिनिधियों के लिए कोई सम्मानजनक योजना लागू नहीं किया की पंचायत प्रतिनिधि समाज को यह बता सकें कि हमने जनता के हित में सरकार के सहयोग से यह कार्य कर रहा हूं ' श्री पांडेय ने कहा कि अति शीघ्र पंचायत प्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री जी माननीय मंत्री पंचायती राज एवं प्रमुख सचिव पंचायती राज से मिलकर पंचायत प्रतिनिधियों के 6 सूत्री मांगों जिसमें प्रमुख रूप से पंचायत प्रतिनिधियों के लिए विकास हेतु निधि निर्धारित करना , मान देय, पेंशन , टोल टैक्स पर फ्री आवागमन , प्रतिनिधियों को शस्त्र लाइसेंस आदि शामिल है शीघ्र लागू करने पर चर्चा करेगा 'श्री पांडेय ने आगे कहा कि अगर उत्तर प्रदेश की सरकार पंचायत प्रतिनिधियों की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो 2027 में उत्तर प्रदेश के संपूर्ण पंचायत प्रतिनिधि भाजपा सरकार के खिलाफ मजबूती से प्रचार प्रसार करेंगे।

# सलेमपुर में सपा प्रत्याशी की जीत पर मनायी खुशी

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । रविवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक और लोकसभा में पार्टी की जीत पर जिला कार्यालय बांस देवरिया पर बैठक जिला अध्यक्ष व्यास यादव जी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक का संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन जी ने किया सलेमपुर लोकसभा से पार्टी की जीत पर सपाइयों ने मनाई खुशी बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष श्री व्यास यादव जी ने कहा कि लोकसभा में पार्टी की एतिहासिक जीत पार्टी के कार्यकताओं नेताओ के अथक मेहनत परिश्रम का प्रतिफल है पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के कुशल रणनीति और नेतृत्व में पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है ! जनता ने बेरोजगारी और महंगाई से तंग आकर इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत से जिताया है सरकार आज नही तो कल इंडिया गठबंधन की बनेगी ! सलेमपुर लोकसभा में पार्टी की जीत पर मिठाई बांट कर बधाई दिया गया वही जिला पार्टी के कमेटी के गठन के एक साल पूरा होने पर जिला अध्यक्ष व्यास यादव जी ने पार्टी पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा लोकसभा चुनाव में बड़ी सफलता हासिल करने पर पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया !और सभी कार्यकताओं नेताओ को मिशन 2027में जुटने का आव्हान किया !

बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा बांसगांव से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मा. सदल प्रसाद जी, श्री बेचू लाल चौधरी, उद्धव नारायण सिंह, हृदय नारायण जयसवाल, कमलेश पांडेय, अरविंद साहिनी, रामप्रकाश यादव मुन्ना, वीरेंद्र गुप्ता, एन.पी. यादव, बाबूलाल यादव, श्याम बहादुर भारती, राजवंशी राजभर, बलवंत गुप्ता, पारस यादव, लक्षण निषाद, जैनुल अख्तर, चंद्रभूषण सिंह यादव, राजेश यादव, हरेंद्र त्यागी, राम आधार यादव आफताब आलम, संतोष यादव, फकरुद्दीन खां, रामबहादुर यादव, रामबली यादव, विजय गुप्ता, संगम यादव, गोपी यादव, इंद्रेश सिंह रामू, सिकंदर यादव, धर्मवीर गुप्ता, अंबिका यादव, ओमप्रकाश यादव, ओम नारायण यादव, शांति यादव, वंदना कुशवाहा, बाकेलाल यादव, मुरारी कनौजिया, रामकेवल यादव, पवन यादव, इस्माइल अंसारी, सत्यदेव यादव, हरेराम आर्या, विजय यादव, वीर बहादुर सिंह, हंशनाथ यादव, निर्भय यादव, राजू पटेल, धनेश यादव, अर्जुन यादव, अमरेंद्र यादव, संजय यादव, अशोक राजभर, शहादत हुसैन, प्रज्ञानंद चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे !

## करंट उतरने से किशोर की मौत

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमरधा निवासी कीरत सिंह पुत्र राजधर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 मई को सुबह 9 बजे जब उसका पुत्र अक्षय अपने खेत पर जा रहा था कि तभी रास्ते में मुकेश उर्फ दुष्यन्त पुत्र नारायण सिंह जो कि कटिया कनेक्शन लिये हुये है, वह अपने खेत की बाड़ी से करंट जोड़े हुये है, जिसके सम्पर्क में आने से उसके पुत्र अक्षय की मौत हो गयी और उसकी पुत्री उपासना को भी बचाव करते हुये करंट लग गया।

## बेटियों को घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली अंतर्गत ग्राम कुम्हैड़ी निवासी हजारी पुत्र गनेश कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ ग्राम गढ़ौली में मूंग की खेती की रखवाली के लिए विगत आठ दिनों से खेत पर निवास कर रहा है। बताया कि 3 जून को रात करीब 11 बजे गांव में रहने वाला महेश पुत्र भगवानदास उर्फ बोटू कुशवाहा उसके घर में घुसा और उसकी पुत्रियों को जान से मारने की नीयत से गला दबाकर गालियां देने लगा। आरोप है कि उसकी पुत्री के चिल्लाने पर मोहल्ले के सुब्बीर खान, मुरली मौके पर आ पहुंचे, जिन्हें देखकर उक्त महेश उक्त बेटियों को जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पड़ौसियों द्वारा रात में ही उसे जानकारी होने पर वह घर पहुंचा, जहां उसकी पुत्रियां काफी डरी हुयी थीं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर महेश के खिलाफ धारा 323, 504, 506 व 452 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# मारवाड़ी युवा मंच ने किया समर कैंप का आयोजन



**देवरिया** । इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन अतिथी भवन मोहन रोड में 20 मई से यह निःशुल्क समर कैंप लगातार चल रहा है जो 12 जून तक चलेगा। इस समर कैम्प में बच्चों को निःशुल्क, ड्राइंग, डान्सींग, क्राफ्ट, स्पीच, योगा, गायती मंच, इत्यादि- सिखाया जाता है जिससे इन बच्चों का शारिरिक, मानसिक, एवं आध्यातमिक विकास होता है। विवेक कमानी जी ने बताया की आगे भी मंच द्वारा विभिन्न समाज सेवा से जुडे कार्य जैसे योगा दिवस पर योग कार्यशाला, रक्त दान अन्नपूणी सेवा इत्यादिका कार्य किया जाएगा ।मारवाड़ी युवा मैच के अध्यक्ष विवेक कमानी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की मैच के द्वारा अपनी राष्ट्रीय योजना अमृत जल धारा के निमित देवारया में अब तक 200 घरों व प्रतिष्ठानों के सार्वजनिक स्थानों पर निःशुल्क पानी के मटके लगाये गये हैं जिनका लाभ दूर दराज से आगे राहगीर उठा रहे हैं। कार्यक्रम के सयोंजक आदित्य त्याठ के संयोजन में आगे भी अस्थाई त्याग लगाये जायेगे ।भीषण गर्मी को देखते हुए मंच के द्वारा शहर में खुले आसमान के नीचे लगा रहे देले, पटरी वालों से मोचीचों को बडे बडे होते भी वितरित किये जा रहे हैं जो निः शुल्क है अब तक 100 से अधिक बारे गये हातों का लाभ निर्धन गरिब ब्यवसाई उठा रहे हैं ।रमामी जी ने बताया की मारवाडी युवा मंच हर वर्ष गमीयों की छुट् ?टी में निर्धन परिवार के बच्चों के लिए निःशुल्क समर कैम्प लगाया गया ।

## इंडोनेशिया में आयोजित सेमिनार में जायेंगे अभिमन्यु पांडेय मन्नू



**कुशीनगर।** आगामी 14 एवं 15 जून को सुग्रीव यूनिवर्सिटी बाली इंडोनेशिया एवं साहित्य संचय शोध संवाद फाउण्डेशन दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संदर्भ में राम विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में अपना शोध लेख एवं कविता प्रस्तुत करने हेतु अग्रहार (साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था) के अध्यक्ष, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित कवि/साहित्यकार अवकाश प्राप्त सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय 'मन्नू' को बाली इंडोनेशिया आमंत्रित किया गया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अग्रहार के संरक्षकगण डा. उमाकांत राय, डा. प्रेम चन्द सिंह, डा. इंद्रजीत मिश्र, डा. राम नरेश दुबे, डा. आद्या प्रसाद द्विवेदी, महासचिव जितेन्द्र नाथ पाण्डेय जौहर, सचिव सत्य प्रकाश शुक्ल बाबा, संयोजक आकाश महेशपुरी, संगठन सचिव भूपेन्द्र राय गंवार, हास्य-व्यंग्य के कवि अवध किशोर अवधू, प्रज्ञा रेडियो के कार्यक्रम नियंत्रक एवं विमर्श संस्था के अध्यक्ष राज कुमार भट्ट बावरा, मधुर साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष मधुसूदन पाण्डेय, भवं भवानी के अध्यक्ष राम पति रसिया, निराला विचार मंच के अध्यक्ष पत्रकार कवि ओमप्रकाश द्विवेदी ओम, प्रखर साहित्य संगम के अध्यक्ष श्याम नारायण गुप्त, संतोष गुप्त संगम, मनंजय तिवारी निर्मल, मोहन पाण्डेय भ्रमर, वीरेन्द्र तिवारी मधुर, हरेन्द्र पाण्डेय आदर्श, लीला पाण्डेय, मंगल प्रसाद, लोककवि बनारसीदास खरवार आदि साहित्यकारों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## भाजपा को स्पष्ट बहुमत न देकर जनता ने लोकतंत्र को किया मजबूत : रामजी गिरि

**देवरिया** । इस चुनाव में देश की जनता ने भाजपा को स्पष्ट बहुमत न देकर लोकतंत्र को मजबूत करने व संविधान बचाने का काम किया है। उक्त बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कांग्रेस कार्यालय पर वार्ता करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक एक कार्यकताओं ने मजबूती व निडरता के साथ अपने अपने बूथ पर जमकर परिश्रम किया, जिसके कारण पूरे देश व जनपद में कांग्रेस व इंडिया गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में सबसे ज्यादा सीटें जीतने का काम किया। जनपद के सात विधानसभा क्षेत्र में से चार क्षेत्र में भाजपा को पराजित कर सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में जीतने व बांसगांव व देवरिया सीट पर बहुत ही कम मतों के अंतर से जीतने से पीछे रह गई है ।सीमित संसाधन व अनुकूल मौसम न रहने के बाद भी कार्यकर्ता जी जान लगाकर ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है। आम जनता ने भाजपा के सारे मनसूबे को धराशायी कर दिया है। जनपद का एक एक कांग्रेस कार्यकर्ता इसी ऊर्जा के साथ लग कर भाजपा को उत्तर प्रदेश में आगामी चुनाव में हराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अब जाति, धर्म की बात करने व नफरत फैलाने वाले से जनता सचेत हो गई है ।जो विकास की बात करेगा वही जनता का प्रिय होगा। इस दौरान डॉ धर्मेन्द्र पाण्डेय, मार्कण्डेय मिश्र, प्रियंबद कांक्षी, वशिष्ठ मोदनवाल, सत्यम पाण्डेय, बदरे आलम, डॉ याहिया अंजुम, वजीर अहमद, रोहित यादव, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## अमृतसर में रोटरी का हुआ इंटर डिस्ट्रिक्ट-इंटर क्लब मीटिंग



**कुशीनगर।** समर सीजन में दर्शनीय स्थलों के भ्रमण पर गए उत्तर प्रदेश के रोटरी क्लब कुशीनगर, डिस्ट्रिक्ट 3120 के सदस्यों ने पंजाब में रोटरी क्लब अमृतसर, डिस्ट्रिक्ट 3070 के साथ 'इंटर डिस्ट्रिक्ट-इंटर क्लब मीटिंग' का आयोजन शनिवार 8 जून को किया और अपने कार्यों की चर्चा और योजनाओं पर विचार रखे।

रोटरी क्लब अमृतसर के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गाँधी के आवास पर पहुंचे रोटरी क्लब अध्यक्ष वाहिद अली व सदस्यों ने चर्चा की। इस बैठक का उद्देश्य रोटरी सदस्यों के बीच आपसी मेलजोल एवं सामाजिक कार्यों में नए विचार, योजनाओं एवं उपलब्धि के विषय में चर्चा करना था। रोटरी क्लब अमृतसर के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गांधी ने बताया कि अमृतसर में रोटरी की पहली बैठक 22 फरवरी 1933 को हुई थी जिसकी अध्यक्षता फील्ड मार्शल जमशेदजी मानेकशॉ के पिता हॉरमुसजी मानेकशॉ ने की थी। दोनों क्लबों ने अपने रोटरी द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया तदुपरांत रोटरी फ्लैग का आदान प्रदान भी किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब अमृतसर के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गाँधी, रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली, पूर्व सह-सचिव अरुण कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

# यूपी में सपा को मिली कामयाबी पर सपाइयों ने मनाया जश्न, बांटी मिठाइयां

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । समाजवादी पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश मे 37 लोकसभा सीटें जीतने के बाद पूरे देश के पैमाने पर सपा के तीसरे नम्बर की सबसे बड़ी पार्टी बनने पर रामपुर कारखाना (339) विधान सभा क्षेत्र के सपाइयों ने वरिष्ठ नेता चंद्रभूषण सिंह यादव के नेतृत्व में गाजे - बाजे के साथ पटाखा फोड़ते हुए मिठाइयां बांट सभा कर जश्न मनाया और उत्तर प्रदेश की जनता को साधुवाद समर्पित करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दिया। डुमरी चौराहा स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित इस जश्न कार्यक्रम में ढाक-तासे के साथ सपाइयों की भीड़ पहले पूरे डुमरी चौराहे पर अखिलेश यादव- जिंदाबाद बोलते हुए जुलूस निकाली जो डा लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर उन्हे श्रद्धांजली अर्पित करने के बाद जन अभिनंदन सभा में तब्दील हो गई। सपा के वरिष्ठ नेता एवं जन अभिनन्दन सभा के आयोजक चंद्रभूषण सिंह यादव ने अपने सवा घंटे के लंबे संबोधन में विस्तार से भाजपा, सपा सहित वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर प्रकाश डाला और कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के पीडीए के पैगाम ने भाजपा का काम तमाम कर दिया ।यूपी में सपा के जन आशीर्वाद की बदौलत सर्वाधिक 37 लोकसभा सीटें जीत यूपी में पहले नंबर की और पूरे देश के पैमाने पर तीसरे नम्बर की पार्टी बनने पर खुशी जताते हुए चंद्रभूषण सिंह यादव ने प्रदेश की जनता को साधुवाद समर्पित किया और अपने अगुवा अखिलेश यादव की रणनीति और कार्य पद्धति को सराहनीय बताते हुए उनके प्रयत्नों को अभिनंदनीय बताया।

समाजवादी पार्टी की इस जन अभिनन्दन सभा की अध्यक्षता पूर्व प्रधान रामप्यारे यादव एवं संचालन पूर्व प्रधान नन्हे खान ने किया ।उक्त जन अभिनन्दन सभा में दीना चौधरी , नन्हे खान, इकबाल अहमद , सुरेश नारायन सिंह, मुरलीधर , प्रभात यादव , अरविंद यादव, संपूणार्नंद जायसवाल , मोहन गुप्ता , हरी यादव , व्यास यादव,रामप्यारे यादव , मिठाई यादव से, मुंद्रिका शर्मा, श्यामसुंदर प्रसाद , रामअशीष यादव जी, मुरलीधर , अशोक यादव , गोविंद यादव , मनोहर यादव , सचिन को प्रसाद , संतोष मद्धेशिया ,दयानंद यादव, संजय यादव , मुस्तकीम , हरिगोविन्द यादव , ब्रिजेश यादव , हरेंद्र यादव , लालमन यादव , पवनेश यादव एवं रमेश यादव आदि सैकड़ों सपाई मौजूद रह अपनी खुशी का इजहार किए।

## इनामिया शराब तस्कर गिरफ्तार



**कसया, कुशीनगर।** रविवार को पुलिस ने पंद्रह हजार रुपये के इनामिया एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है ।मिली जानकारी के मुताबिक कसया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 122/2020 धारा 60(1)/60(2) आबकारी अधि0 व 272 भादवि में वांछित पंद्रह हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त संजय राय पुत्र जंगली को गिरफ्तार किया है, अभियुक्त कसया थाना क्षेत्र के भैसहा सदर टोला का निवासी है ।गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है ।गिरफ्तार करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष कसया गिरिजेश उपाध्याय, एसआई सभाजीत सिंह, का0 अभिषेक मौर्य, का0 महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# ऑटोमेटिक सिग्नलिंग की कमीशनिंग के चलते अनेक ट्रेनों का बदला मार्ग, हुई रद्द

जिला संवाददाता(vol)

**भटनी(देवरिया)** ।रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के गोरखपुर कैंट-भटनी खंड के कुसम्ही-सरदार नगर-चैरी चैरा स्टेशनों के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशनिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, निरस्तीकरण एवं शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया गया है ।दरभंगा से 09 जून, 2024 को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी सीवान-देवरिया सदर-गोरखपुर कैंट के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सीवान-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी देवरिया सदर स्टेशन पर नहीं रूकेगी।

इसी प्रकार नई दिल्ली से 09 एवं 10 जून,को चलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी,नई दिल्ली से 09 जून, 2024 को चलने वाली 02564 नई दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी, जयनगर से 10 जून, को चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस, लखनऊ जं. से 09 जून, को चलने वाली 15204 लखनऊ जं.-बरौनी एक्सप्रेस ,डिब्रूगढ़ से 09 जून, को चलने वाली 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस, लालगढ़ से 09 जून, 2024 को चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस,सहरसा से 10 जून, को चलने वाली 12203 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस ,नई दिल्ली से 10 जून, को चलने वाली 12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस ,आनन्द विहार टर्मिनल से 10 जून, 2024 को चलने वाली 04028 आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा विशेष गाड़ी ,ग्वालियर से 09 जून, 2024 को चलने वाली 04137 ग्वालियर-बरौनी विशेष गाड़ी ,बरौनी से 10 जून, 2024 को चलने वाली 04061 बरौनी-दिल्ली विशेष गाड़ी,बरौनी से 10 जून, 2024 को चलने वाली 04138 बरौनी-ग्वालियर विशेष गाड़ी,दिल्ली से 08 जून, 2024 को चलने वाली 04062 दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी ,मुम्बई सेंट्रल से 08 जून, 2024 को चलने वाली 09189 मुम्बई सेंट्रल-कटिहार विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैंट-देवरिया सदर-सीवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-सीवान के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी देवरिया सदर स्टेशन पर नहीं रूकेगी ।इसके साथ ही ।

बनारस एवं गोरखपुर से 09 एवं 10 जून, 2024 को चलने वाली 15104/15103 बनारस-गोरखपुर-बनारस एक्सप्रेस ,छपरा एवं नौतनवा से 09 एवं 10 जून, 2024 को चलने वाली 15105/15106 छपरा-नौतनवा-छपरा एक्सप्रेस,वाराणसी सिटी एवं गोरखपुर से 09 एवं 10 जून, 2024 को चलने वाली 15130/15129 वाराणसी सिटी-गोरखपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस ,भटनी एवं अयोध्या धाम जं0 से 10 जून, 2024 को चलने वाली 05425/05426 भटनी-अयोध्या धाम जं.-भटनी अनारक्षित विशेष गाड़ी, गोरखपुर एवं छपरा से 09 एवं 10 जून, 2024 को चलने वाली 05156/05155 गोरखपुर-छपरा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 09 एवं 10 जून, को चलने वाली 05142 गोरखपुर-सीवान अनारक्षित विशेष ,सीवान से 10 एवं 11 जून, 2024 को चलने वाली 05141 सीवान-नकहा जंगल अनारक्षित विशेष गाड़ी ,वाराणसी सिटी से 09 एवं 10 जून, को चलने वाली 15132 वाराणसी सिटी-गोरखपुर एक्सप्रेस ,गोरखपुर से 10 जून, को चलने वाली 15131 गोरखपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस मऊ से 09 जून, 2024 को चलने वाली 05309 मऊ-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी ,आनन्द विहार टर्मिनल से 10 जून, 2024 को चलने वाली 05310 आनन्द विहार टर्मिनल-मऊ विशेष ट्रेने निरस्त रहेगी ।शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन,अहमदाबाद से 08 एवं 09 जून, को चलने वाली 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर भटनी में यात्रा समाप्त करेगी ।गोरखपुर से 09 एवं 10 जून, 2024 को चलने वाली 19490 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर भटनी से चलाई जायेगी ।लखनऊ जं. से 08 एवं 09 जून, 2024 को चलने वाली 15008 लखनऊ जं.-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर गोरखपुर में यात्रा समाप्त करेगी ।वाराणसी सिटी से 09 एवं 10 जून, 2024 को चलने वाली 15007 वाराणसी सिटी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर गोरखपुर से चलाई जायेगी।

सियालदह से 08 जून, 2024 को चलने वाली 03131 सियालदह-गोरखपुर विशेष गाड़ी गोरखपुर के स्थान पर सीवान में यात्रा समाप्त करगी ।गोरखपुर से 09 जून, 2024 को चलने वाली 03132 गोरखपुर-सियालदह विशेष गाड़ी गोरखपुर के स्थान पर सीवान से चलाई जायेगी ।उक्त आशय की जानकारी जनसंपर्क अधिकारी, वाराणसी ने दी।

## बिजली कटौती से देहात में लोग परेशान

**शाही-बरेली।** उमस भरी गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली से राहत नहीं मिल पा रही है। देहात क्षेत्र में बिजली का संकट मंडरा रहा है ।हर 5 मिनट में बिजली का आना-जाना लगा हुआ है। इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है। सबसे ज्यादा दिन में देहात क्षेत्र में बिजली कटौती की जा रही है। जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। शिकायत के बाद भी बिजली में सुधार नहीं हो पा रहा है। दोपहर के समय उमस भरी गर्मी पड़ती है।

इसी दौरान बिजली का संकट सबसे ज्यादा मंडराता है। हर 5 मिनट में बिजली कटौती की जाती है। घर में लगे कूलर पंखा भी नहीं चल पा रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग एसी चलाना शुरू करते हैं। इसी दौरान बिजली को काट लिया जाता है। 5 मिनट बिजली देने के बाद आधे आधे घंटे तक लोगों को बिजली नसीब नहीं हो पा रही है करीब 8 घंटे में 25 से 30 बार से ज्यादा देहात क्षेत्र में दिन में बिजली कटौती की जा रही है। यह किरम दो-तीन दिन से ज्यादा देखने को मिल रहा है। बिजली कटौती को लेकर लोगों में आक्रोश है।

## प्रसिद्ध कथावाचक मुरारी बापू राजकोट हुए रवाना

**कसया, कुशीनगर।** रविवार को अंतराष्ट्रीय प्रसिद्ध कथावाचक मुरारी बापू अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर से जहाज से राजकोट (गुजरात) हो गए। इसके पूर्व बापू बीते 31 जून को काठमांडू नेपाल से कुशीनगर एयरपोर्ट पहुँचे थे। सारे अंतराष्ट्रीय मानको को पूरा करने के बाद हेलीकाप्टर से बाल्मिकीनगर रवाना हुए थे। आज पुनः कथावाचक मुरारी बापू सड़क मार्ग से कुशीनगर अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुँचे जहाँ अपने चार सहयोगियों के साथ राजकोट गुजरात के लिए जहाज से रवाना हो गए। इस दौरान सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त थे वही प्रशासन द्वारा चिकित्सकीय टीम लगायी गयी थी जिसमे डॉ एसके सिंह, फार्मासिस्ट अभिषेक पाण्डेय, अरुण आदि मौजूद रहे।

## सिविल सेवा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी करायें पंजीकरण

**ललितपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद में राजकीय इण्टर कॉलेज, ललितपुर में निशुल्क कोचिंग केन्द्र संचालित है। उक्त कोचिंग में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के अध्ययन, मार्गदर्शन हेतु सत्र 2024-25 के लिए अनुभवी एवं योग्य अतिथि शिक्षकों/विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। अतएव इच्छुक अतिथि विषय विशेषज्ञ 10 से 25 जून 2024 तक अपना बायोडाटा समस्त संलग्नकों के साथ कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन ललितपुर में केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित करें। चयनित अतिथि विषय विशेषज्ञों को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जायेगा।

संक्षेप

## पति ने लगायी फांसी

**बांदा।** शराब पीने को लेकर पति-पत्नी के बीच हो रहे विवाद के चलते पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना मरका के ग्राम इंगुवा निवासी सुनील उर्फ छोटू पुत्र देवराज सविता 36 शराब पीने का आदी था। शनिवार को देर रात वह नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी से गाली-गलौज करने लगा। पत्नी नंदनी को बर्दास्त नही हुआ और दोनो में विवाद हो गया। पत्नी ने कहा कि दो बेटे व एक बेटी हैं उनके भविष्य के बारे चिंता नही है। इतना होने के बाद सुरेश खाना खाने अपने कमरे में चला गया और नंदनी बच्चो के साथ सो गई। रविवार की सुबह पत्नी जगी और कमरे की ओर गई तो देखा पति गले में साफी का फंदा डालकर लकड़ी की धन्नी में लटक रहा था। यह देखकर परिजनों को आवाज लगाकर जानकारी दी और वह बेहोश हो गयी। परिजनों ने जब तक उसे नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पत्नी व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष नरेश कुमार प्रजापति ने बताया कि मृतक के पिता ने पुत्र के फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की लिखित सूचना दी है। सूचना के आधार पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दंपति के साथ मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम विलाटा में रहने वाली फूला पत्नी खिलान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 7 जून को शाम करीब 7 बजे वह घर के बाहर बैठी हुयी थी। इसी दौरान परिवार के पप्पू पुत्र स्व.दुर्गा, प्रदीप पुत्र पप्पू, सखी पत्नी पप्पू, नेहा पत्नी प्रदीप आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके व उसके पति के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह दोनों घायल हो गये। यह भी आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम भावनी निवासी महेन्द्र सिहं पुत्र सेवराज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम पठा-पचैरा मौजा में उसकी जमीन आरजी संख्या- 1288 रकवा 0.154 व 1692 रकवा 0.170 की पैमाइश लेखपाल-कानूनगो द्वारा पूर्व में की जा चुकी है। इस पैमाइश की पुष्टि भी हो चुकी है। आरोप है कि पैमाइश की पुष्टि होने के बावजूद भी गांव के दबंगों द्वारा उक्त जमीन पर अवैध कब्जा जमाया हुआ है। बताया कि विगत दिवस उसने थाना दिवस में लेखपाल की आख्या के अनुसार आरजी संख्या 1288 पर प्रवेश सिंह पुत्र तेज सिंह व शेरसिंह पुत्र प्रवेश सिंह का अवैध कब्जा होना बताया एवं आराजी संख्या- 1692 पर बृजलाल पुत्र मूलचंद्र कुशवाहा एवं सुरेश पुत्र मूलचंद्र कुशवाहा सभी निवासी ग्राम बछरावनी का अवैध कब्जा होना बताया। आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 व 447 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सब्जी बेचने आये युवक पर पत्थर से हमला

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम रजवारा निवासी सुरेन्द्र राय पुत्र रमेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 8 जून की सुबह वह सब्जी बेचने के लिए सब्जी मण्डी आया हुआ था। यहां से वह सब्जी बेचकर घर की ओर वापस जाने की तैयारी कर रहा था कि तभी गांव के ही मनोज पुत्र हजारी आया और उसके साथ गालियां देने लगा। गालियां देने का विरोध करने पर मनोज ने उसके साथ मारपीट करते हुये सिर में पत्थर दे मारा, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने बताया कि उसने मौके से डायल 112 पर पुलिस को सूचना भी दी, जिस पर मनोज उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मनोज के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**आंवला-बरेली।** आंवला के बिशारतगंज में एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल के एएसआई अनिल कुमार और कांस्टेबल मनोज कुमार पाठक घटनास्थल पर पहुंचे और देखा एक व्यक्ति रेल लाइनों के बीच में मृत अवस्था में पड़ा है। तत्काल थाना बिशारतगंज पुलिस को सूचना दी।

# नींद की झपकी बनी महिला का काल, दो मासूम घायल

जिला संवाददाता(vol)



**सिरौली-बरेली।** रविवार सुबह पांच बजे सिरौली क्षेत्र शिवपुरी मोड़ के समीप एक ऑटो चालक को नींद की झपकी लग गई। और विद्युत पोल से टकरा गया। जिसमें एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो मासूम बच्चे बुरी तरह घायल हो गए।पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए बरेली

- ऑटो चालक मौके से फरार

जिला अस्पताल भिजवाया है। जबकि ऑटो चालक घटनास्थल से मौके से फरार हो गया।दरअसल थाना सिरौली क्षेत्र के गांव ढकपुरा की रहने वाले राजवीर और उनकी पत्नी धर्मवती अपने दो बच्चों सहित चंडीगढ़ से मजदूरी करके रविवार की सुबह अपने गांव ढकपुरा लौट रहे थे।जानकारी के मुताबिक मुरादाबाद से उन्होंने एक ऑटो बुक किया जिसका नंबर यूपी 22 इळ 2479 पर चारों लोग सवार होकर सिरौली होते हुए शिवपुरी मोड़ के समीप पहुंचे। बताया जा रहा है कि टेंपो चालक को नींद की झपकी आ गई जिससे टेंपो अनियंत्रित होकर विद्युत पोल में जा टकराया। घटना के बाद टेंपो चालक मौके से फरार हो गया। जिसमें धर्मवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची थाना सिरौली पुलिस द्वारा उनको अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने धर्मवती को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेजा है। ऑटो में बैठे 5 वर्षीय कृष्णा तथा 7 वर्षीय खुशी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको थाना सिरौली पुलिस ने उपचार के लिए बरेली अस्पताल भिजवाया गया है। हादसे की सूचना पाते ही भारी संख्या में परिजन थाना सिरौली पहुंच गए जिसमें महिलाएं विलाप करने लगीं। हादसे की तहरीर दी गई है।परिजनों के मुताबिक राजवीर अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ रहकर मजदूरी करते थे जिससे उनका परिवार चलता था हादसे की सूचना से घरवालों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस विषय में उपनिरीक्षक नाहर सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## गंगा में डूबकर 6 साल के मासूम की मौत

**सिरौली-बरेली।** गंगा नदी में नहाने गए एक 6 वर्षीय बच्चे की गहरे पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। जबकि किसानों द्वारा दो भाइयों को पानी से सुरक्षित निकाल लिया गया। जानकारी के मुताबिक नगर सिरौली के मोहल्ला साहूकारा के रहने वाले जोगेंद्र का 6 वर्षीय बेटा दिलखुश रविवार की दोपहर 12 बजे घर से अपने दो भाइयों के साथ गंगा नदी में नहाने चले गए। तीनों ही भाई गंगा नदी में नहाने लगे इसी दौरान नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए। तीनों ही डूबने लगे आसपास खेतों में काम कर रहे किसान को जब जानकारी हुई तो वह गंगा नदी में कूद गए। उन्होंने दो भाइयों को सुरक्षित बचा लिया। जबकि दिलखुश का कोई पता नहीं चल पाया। कुछ समय बाद दिलखुश की बॉडी पानी में तैरती मिली। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा आनन फानन में दिलखुश को रामनगर पी एच सी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दिलखुश को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों द्वारा बताया गया कि जुगेंद्र पर पांच लड़के हैं जिसमें सबसे छोटा दिलखुश था। पिता जुगेंद्र राजस्थान में रहकर मजदूरी करते हैं उनको घटना की सूचना दी गई है। जहां रविवार को नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया गहरे पानी में डूबने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

# पीएनबी बैंक के मुख्य प्रबंधक पर कार्रवाई के लिए कारोबारी ने कोर्ट से लगायी गुहार

जिला संवाददाता(vol

**बिजनौर।** पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक द्वारा एक व्यवसायी के साथ की गई धोखाधड़ी व उनके मानसिक रुप से उत्पीड़न का बहुचर्चित मामला न्यायालय में पहुंच गया है। मामला न्यायालय में पहुंचने से मुख्य प्रबंधक सुनील वर्मा की गर्दन कानूनी शिकंजे में फसती दिखाई दे रही है।

नगीना थाना क्षेत्र के मोहल्ला कलालान निवासी मौ0 शहजाद पुत्र अबरार ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिजनौर की अदालत में 156(3) के अंतर्गत दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वर्ष 2015 में पंजाब नेशनल बैंक नगीना ने उसकी संपत्ति की कीमत 1 करोड 14 लाख रूपए तय कर उसके आधार पर उसने 85 लाख रूपए की दो सीसी लिमिट बनवाई थी। वर्ष 2016 में एक लिमिट खाता एक मुश्त समाधान योजना के तहत 46 लाख रुपए जमा कर बैंक से नोड्यूज प्राप्त कर लिया था। वर्ष 2022 में कोविड महामारी के कारण लेन देन नहीं हो पाया तो बैंक ने 52 लाख रूपए का नोटिस उसे भेज दिया था लेकिन मजबूरी के कारण शेष बकाया रकम जमा नहीं कर सका तो बैंक ने 17 जनवरी 2024 को पुनः वन टाइम सेटलमेंट 56 लाख रूपए में तय



किया। जिस पर उन्होने 15 लाख रूपए जमा कर दिए। पीड़ित व्यवसाई शहजाद का आरोप हैं कि पीएनबी बैंक के मुख्य प्रबंधक सुनील वर्मा ने गत 2 अप्रैल 2024 को नगीना आकर उनकी सम्पत्ति को सीलकर दिया। पीड़ित शहजाद ने मुख्य प्रबंधक सुनील वर्मा को आनन-फानन में पांच लाख रूपए दे दिए जिसकी रसीद उन्होंने नहीं दी। मुख्य प्रबन्धक सुनील वर्मा ने अपने नीजी लाभ के लिए व्यावसाई (पीड़ित) की करोड़ों रुपए कीमत की सम्पत्ति मात्र 45-50 लाख रुपए कीमत में नीलाम करने के लिए 10 अप्रैल 2024 को नीलामी का इश्तहार समाचार पत्र में प्रकाशित करा दिया। पीड़ित ने इस सबंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अपील दायर कर दी तो हाई कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए करोड़ों की सम्पत्ति आठ वर्ष बाद कीमत घटाकर 45 से 50 लाख रुपए में कैसे नीलाम की जा सकती है। इसी मामले को संदिग्ध मामले हुए पीड़ित को राहत दी। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद 12 जमा करने पर भी मुख्य प्रबंधक सुनील वर्मा ने सील की गई संपत्ति को आज तक सील मुक्त नहीं किया। पीड़ित व्यवसाई शहजाद ने मुख्य प्रबंधक सुनील वर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी व पांच लाख रुपए के गबन को लेकर न्याय पाने के लिए न्यायालय से गुहार लगाई है। मामला कोर्ट में जाने से पीएनबी बैंक के मुख्य प्रबंधक सुनील वर्मा की मुश्किले बढ़ गई है और कानून शिकंजे में उनकी गर्दन फंसी गई है।

## भारतीय संस्कारों से युवा पीढ़ी को जोड़ेंगेः संजीव जोली

**बरेली।** वर्तमान युवा पीढ़ी को विश्व की सर्वश्रेष्ठ भारतीय संस्कृति से जोड़ने का प्रयास भारत विकास परिषद द्वारा किया जाएगा। यह कहना है प्रांतीय अध्यक्ष संजीव जोली का। रोटरी भवन में आयोजित ज्ञानोदय कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आव्हान किया कि हम सबको मिलकर समाज के वंचित और पीड़ित समाज के बीच में जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ ही साथ भारतीय संस्कृति से भी जोड़े।

# ससुरालीजनों के विरुद्ध मारपीट और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता(vol

**बांदा।** दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर ससुरालीजनो ने महिला के साथ मारपीट की। पति ने रस्सी के फंदे से गले को दबाकर हत्या करने की कोशिश की। किसी तरह अपने को बचा महिला कमरे में बंद कर लिया तथा परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे महिला के परिजन के साथ भी ससुरालियों ने

- रवीशंकर की शादी हिंदू रीति रिवाज से हुई थी

मारपीट करते हुए नवजात को छीनकर बहू को घर से निकाल दिया। घटना की सूचना देने पहुंची पीड़िता की सुनवाई पुलिस ने नही की।

जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिला थाना में आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। कस्बा के मोहल्ला मूसा नगर निवासी ज्योति ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते 3 दिसंबर 2022 को उसकी शादी रवीशंकर के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही पति रविशंकर, सास विद्या देवी, ससुर राजाराम व चचिया ससुर अनिल अतिरिक्त दहेज में चार पहिया गाड़ी को लेकर मारपीट करते हुए उत्पीड़न करने लगे।

दहेज की मांग पूरी होते न देख बीते 4 जून की दोपहर लगभग 3 बजे पति, सास, ससुर व चचिया ससुर एकराय हाकरे गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। मौके पर पहुंची मां व परिजन को भी उक्त लोगों ने मारा पीटा। घटना के तुरंत बाद पीड़िता मां के साथ थाना पुलिस के पास पहुंची और कार्रवाई की मांग की, लेकिन सुनवाई नही हुई।

पीड़िता ने यह भी बताया कि पति रविशंकर की प्रताड़ना से परेशान होकर पहली पत्नी मायके चली गयी थी। उन लोगो ने सारी बातें छिपाकर शादी की है। पीड़िता शहर कोतवाली के मवई बुजुर्ग में रह रही है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिला थाना पुलिस ने पति समेत दस ससुरालियों के विरुद्ध धोखाधड़ी, जान से मारने की कोशिश समेत दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# जालसाजी के जरिए बने 3 महिलाओं के अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र निरस्त

शहजाद अंसारी

- विश्व दलित परिषद की शिकायत पर निरस्त हुए प्रमाणपत्र, एफआईआर की
- तैयारी से आरोपियों व जालसाजी कर जाति प्रमाणपत्र में सहयोग करने वाले
- अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाही तय

**बिजनौर।** विश्व दलित परिषद के अध्यक्ष की शिकायत पर डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्क्रूटनी कमेटी ने आरोप सही पाए जाने पर तीन महिलाओं के अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र निरस्त कर दिए है। विश्व दलित परिषद की शिकायत पर प्रमाणपत्र निरस्त होने के बाद अब आरोपियों पर एफआईआर की तैयारी से आरोपियों व जालसाजी कर जाति प्रमाणपत्र में सहयोग करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ भी जल्द कार्रवाही शुरु होगी।

नगीना के मोहल्ला अम्बेडकर नगर निवासी विश्व दलित परिषद के अध्यक्ष भूपेंद्र पाल सिंह ने अपने संगठन के सरदार बुद्ध सिंह, राजकुमार, प्रदीप कुमार एडवोकेट, सुभाष नरैनी, प्रमोद कुमार मौर्य के साथ पहुंचकर जिलाधिकारी बिजनौर को दिए शिकायती पत्र में कहा था थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम शादीपुर डल्ला निवासी सुनीता उर्फ सितारा पत्नी मोहम्मद हुसैन ने इस्लाम धर्म अपनाकर हुसैन से निकाह कर लिया। सुनीता उर्फ सितारा ने नियम विरुद्ध अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र बनवाकर जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ा। आरोप था कि अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र बनवाने में कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग किया गया है। जबकि दूसरी तरफ नीलम उर्फ खुशबू पत्नी सलीम अहमद ने नियम विरुद्ध अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र बनवाकार जिला पंचायत की नजीबाबाद चतुर्थ सीट से चुनाव लड़ा तथा तीसरी शकुंतला उर्फ शकीला बेगम पत्नी अब्दुल लतीफ निवासी ग्राम भागूवाला थाना मण्डावली ने भी अनुसूचित का प्रमाणपत्र बनवाकर जिला पंचायत सदस्य की रिजर्व सीट पर चुनाव लड़ा।

डीएम ने इन तीनों मामलों की संबंधित विभागों से जांच कराने के बाद उक्त प्रकरण सुनवाई के लिए जिला स्तरीय स्कूटनी में भेज दिए। जिला स्तरीय स्कूटनी कमेटी ने सुनीता उर्फ सितारा पत्नी मौ0 हुसैन के प्रकरण में सुनवाई की, लेकिन वह अपने पक्ष में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई। इस पर कमेटी ने तहसीलदार सदर से जारी किया गया सुनीता उर्फ सितारा का जाति प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया। वहीं कमेटी ने नीलम उर्फ खुशबू पत्नी सलीम अहमद के प्रकरण में उनका पक्ष सुनने के लिए दो बार बुलावा भेजा, किंतु वह सुनवाई के लिए कमेटी के समक्ष उपस्थित नहीं हुई।

इस पर कमेटी ने नीलम उर्फ खुशबू को जारी अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया तथा कमेटी ने शकुंतला उर्फ शकीला बेगम के प्रकरण में 4 अप्रैल 2022 और 13 अप्रैल 2022 को सुनवाई की। सुनवाई के दौरान शकुंतला उर्फ शकीला बेगम ने साक्ष्य के रूप में निकाह की रसीद दाखिल की, किंतु वह धर्म परिवर्तन की कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई। कमेटी ने शकुंतला उर्फ शकीला बेगम का भी अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र निरस्त कर दिया।

## दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

**बांदा।** महिला के साथ युवक ने तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। कुछ माह बाद गर्भवती होने पर महिला के पति को घटना की जानकारी हुयी। पति के विवाद करने के बाद महिला ने युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत कराया है। अतर्रा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की बीती 12 फरवरी 2024 की रात वह घर के आंगन मे अकेली सो रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला राम सिंह घर मे घुस आया आया और मेरे साथ अश्लील हरकतें करने लगा। मना करने पर उसने तमंचा निकाल लिया और मेरे साथ तमंचा के बल पर दुष्कर्म किया। साथ ही किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। भय के कारण पीड़िता ने घटना की जानकारी घर के किसी सदस्य को नही दी। चार माह बाद अचानक पीड़िता की तबियत बिगड़ने व पेट मे दर्द होने पर पति ने उसे अस्पताल में दिखाया। जहाँ पेट मे बच्चा होने की जानकारी हुई। जिस पर पति को सारी घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी पंकज सिंह का कहना है कि महिला की तहरीर के अनुसार युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। शीघ्र ही आरोपित को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे 10 नेता

**बांदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भाजपा हाई कमांड ने बांदा-चित्रकूट क्षेत्र से पार्टी के 10 नेताओं को आमंत्रित किया है। तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने के बाद इसके शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित सभी नेता दिल्ली पहुंच गये हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि आमंत्रित किए गये नेताओं में क्लस्टर इंचार्ज अनिल यादव, लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता, लोकसभा संयोजक बालमुकुंद शुक्ला, बांदा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिलाध्यक्ष चित्रकूट लवकुश चतुवेर्दी, सांसद प्रत्याशी आर के पटेल, मानिकपुर विधायक अविनाश द्विवेदी, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा एवं एमएलसी बाबूलाल तिवारी शामिल हैं। यह पार्टी नेता आमंत्रण मिलने के बाद शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रविवार की सुबह दिल्ली पहुंच गये हैं।

## फायजा ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा



**बांदा।** नीट परीक्षा में 676 अंक पाकर फायजा चगताई ने जिले का नाम रोशन किया है। परिजनों, दोस्तों और शिक्षकों ने शहर के प्रतिष्ठित कंप्यूटर सेंटर में फायजा को सम्मानित किया। स्वर्गीय अहमद हुसैन खान एडवोकेट निवासी खाई पार की नातिन व स्वर्गीय खालिद चगताई की बेटी फायजा चगताई ने 676 अंकों से नीट यूजी परीक्षा उत्तीर्ण की। फायजा ने बताया कि उसके स्वर्गीय पापा का सपना उसे डॉक्टर बनाने का था जो आज उसने उनके सपनों को पूरा किया। जिसमें उसके माता-पिता वा गुरुजनों परिवारजनों के सहयोग व उत्सावर्धन से सफलता प्राप्त की। उसकी इस सफलता में उसकी कड़ी मेहनत से साथ-साथ माता पिता का आशीर्वाद शामिल रहा और उसके साथ शिक्षारत सहयोगियों द्वारा लगातार उसका मनोबल बढ़ाया गया। जिस उत्साहवर्धन के चलते उसने नीट की परीक्षा पास की।

# पैलानी पुल से भारी वाहनों के निकलने पर रोक

जिला संवाददाता



**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने पैलानी पुल से निकलने वाले छोटे व तीन टन तक के वाहनों को आगामी 16 जून तक के लिए पूरी तरह से बंद करने के निर्देश दिए हैं। इस मार्ग से निकलने वाले वाहनों को अन्य मार्ग से निकालने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। पैलानी केन नदी पुल की पांचवी कोठी की बैरिंग के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद प्रशासन द्वारा एक तरफ ईंटो की दीवार खड़ी करके अभी तक तीन टन तक के वाहनों को गुजरने को लेकर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर निकाला जा रहा था तथा भारी वाहनों को रोकने के लिए होमगार्डों की पिकेट ड्यूटी लगा दी गई थी। रविवार को एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्रा, लोक निर्माण विभाग के एक्सियन रूपेश सोनकर व सीओ सदर अजय कुमार सिंह ने पैलानी केन नदी पुल पर चल रहे कार्य को लेकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नई दिल्ली से आई 10 सदस्यीय टीम द्वारा केन नदी पुल से गाटर निकालने के बाद संभावित खतरे को देखते हुए आगामी 16 जून तक पुल बंद किए जाने को लेकर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को रिपोर्ट भेज दी है। एसडीएम पैलानी ने बताया कि पैलानी पुल को ठीक करने में अभी समय लगेगा। पूर्ण रूप से बंद करने को लेकर जिलाधिकारी ने पूरी तरह बंद करने के आदेश दिए हैं।

# वोटरों की कृपा, नया इतिहास रचने में सफल हुए छत्रपाल



**बरेली।** हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में पिछले सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए नवनिर्वाचित सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार को वोटरों की कृपा से अपार सफलता मिली है। ज्ञात रहे की आठ बार के सांसद रहे संतोष गंगवार का टिकट काटकर छत्रपाल गंगवार को भाजपा नेतृत्व ने प्रत्याशी घोषित किया था। तमाम तरीके की चचाओं के बाद भी लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने भाजपा पर भरोसा जताते हुए इतना मतदान किया कि पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने में छत्रपाल गंगवार सफल हुए। 2014 के लोकसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले के बीच संतोष गंगवार 518258 मत प्राप्त करने में सफल हुए थे। ऐसे ही 2019 में त्रिकोणीय मुकाबले के बीच संतोष गंगवार को 565270 वोट पाकर चुनाव में सफलता पाई थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में पांचों विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों को 565486 वोट पाकर चार विधायक जीते और भोजीपुरा विधानसभा में हार का सामना करना पड़ा।

## बाइक पर जा रही महिला को मारी टक्कर

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्र के मुहल्ला पण्डयाना में रहने वाली संगीता कौशिक पुत्री ईश्वरदास कौशिक ने थाना तालबेहट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 मई को वह पाली से तालबेहट रहने वाली अपनी बहन के घर मोटर साइकिल अपने पति नन्दराम कौशिक के साथ जा रही थी। सुबह करीब 10.30 बजे वह जैसे ही ग्राम तेरई फाटक के पास पहुंची थी कि गाड़ी संख्या यू.पी. 94 ए.डी. 8658 ने पीछे से उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पति लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े और उन्हें काफी गंभीर चोटें आयीं। महिला ने बताया कि उसके पति को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर नन्दराम को झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसके पति नन्दराम की मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त मोटर साइकिल चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 व 427 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## महिला बाइक की टक्कर से घायल

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना खनियाधाना के ग्राम गोरबर निवासी आदेश पुत्र अनरथ सिंह लोधी ने तालबेहट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 मई को वह अपने घर से ग्राम बुदावनी रिश्तेदारी में गया हुआ था। रात करीब 8.30 बजे जब वह बुदावनी से घर की ओर वापस लौट रहा था कि ग्राम ककड़ारी नहर पुलिया के पास सड़क पार करते समय अज्ञात चालक द्वारा मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 डब्ल्यु 9808 को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी माताजी लीलावती लोधी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गयीं।

राहगीरों की मदद से लीलादेवी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में दाखिल कराया गया, जहां से उन्हें झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# बुंदेलखण्ड विकास सेना ने सीएमओ पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेना की आवश्यक बैठक स्थानीय कम्पनी बाग में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के सी.एम.ओ. कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और बदइंतजामी पर रोष व्यक्त किया गया। इस मौके पर सी.एम.ओ. के खिलाफ जमकर

- सीएचसी व पीएचसी पर अव्यवस्थाओं का लगा है अम्बार, स्वास्थ्य अधिकारी अपने में ही मशगूल

नारेबाजी की गई। सेना प्रमुख हरीश कपूर ने अध्यक्षता करते हुये कहा कि ललितपुर के सी.एम.ओ. कार्यालय में एक भी ऐसा पटल नही है, जहां पर बगैर सुविधा शुल्क के एक इंच भी फाइल नहीं आगे बढ़ती हो। कर्मचारी अपने पटल पर मौजूद नहीं मिलते हैं, यहां तक कि मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अपर चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद नहीं मिलते है तथा दौरे पर जाने का बहाना बना दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सी.एम.ओ. के अधीन ग्रामीण अंचलों में 25 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं। इन सभी 25 प्राथमिक तथा 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लापरवाही और स्वास्थ्य सेवाओं की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। इन स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात कर्मचारी और चिकित्सक अपनी ड्यूटी सही तरह से नहीं निभा रहे हैं। कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। यहां पर टेण्डरों में भरपूर धांधली की जाती हैं। सी.एम.ओ. टेण्डरों में धांधली करने के लिए पूल बनाकर चहेतों को लाभ पहुंचा रहे हैं। इसके अलावा प्रचार सामग्री को ललितपुर में नहीं छपवाकर अन्यत्र छपवाकर लाभ ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त ललितपुर नर्सिंग होम्स, प्राईवेट अस्पतालों, पैथोलोजी सेन्टरों से एवं अन्य विभागीय कार्यों में मनमानी वसूली की जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से अपील की है कि ललितपुर के सी.एम.ओ. कार्यालय में व्याप्त समस्याओं का संज्ञान लेकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगायें तथा सरकारी तंत्र को दलालों से मुक्त करके सरकार की मंशा के अनुरूप कार्यशैली को व्यापक बनायें। उन्होंने आगे यह भी कहा कि आगे आने वाले समय में सभी कार्यालयों में मुहिम चलाकर भ्रष्ट कार्यालयों को चिन्हित करके वहां जाकर उग्र प्रदर्शन करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश को आजाद हुए 75 वर्ष से अधिक समय होने पर एक ही उद्देश्य होना चाहिए कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगायी जाये। इस दौरान फूलचन्द रजक, कदीर खाँ, राजकुमार कुशवाहा, अमरसिंह बुन्देला, संजय त्रिवेदी, गफूर खाँ, भैयन कुशवाहा, विनोद साहू, पुष्पेन्द्र बुन्देला, रवि रैकवार, नन्दराम कुशवाहा, गौरव विश्वकर्मा, भजनलाल कुशवाहा, मनोहर कुशवाहा, लल्लूसिंह, खुशीलाल, हरीशंकर, शाहिद अली, प्रकाश रैकवार, विजय कुशवाहा, संजूराजा, जगदीश झा, अनिल कुमार, भजनलाल, लकी वाल्मीकी, भूरे रजक, रोहित कुमार, पर्वतसिंह, जगदीश, जानकी, शिवराज सिंह, पंकज रैकवार, टिंकू सोनी, प्रदीप साहू, कामता भट्ट आदि मौजूद रहे।

## मोटर साइकिल चोरी कर ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्रांतर्गत वार्ड संख्या- 01 वररयाना निवासी खुशीलाल वंशकार पुत्र हज्जूराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 मई को सुबह करीब 11.45 बजे उसकी मोटर साइकिल पैशन-प्रो हीरो संख्या- यू.पी. 94 ए.ई. 5936 जो कि घर के अन्दर रखी हुयी थी। आरोप है कि जब वह मजदूरी करने के लिए गया हुआ था, इसी का लाभ उठाते हुये थाना नाराहट के ग्राम डोंगराकलां निवासी सोनू वंशकार पुत्र मनोहर ने उसके घर में रखी उक्त मोटर साइकिल को चोरी कर ले गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त के खिलाफ धारा 380 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## मोदी 3.0 का आगाज

चुनाव परिणाम के बाद इंडिया गठबंधन की तरफ से शुरू की गयी अटकलबाजियों का पटाक्षेप करते हुए आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार शपथ लेकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर नेहरू की बराबरी कर ली है। इसके साथ ही देश में मोदी 3.0 की औपचारिक शुरूआत हो गयी है। चूंकि इस बार भारतीय जनता पार्टी को अकेले बहुमत नहीं मिला है इसलिए एनडीए सरकार के संचालन के लिए घटक दलों के साथ बेहतर तालमेल और सामंजस्य की जरूरत होगी। यह तालमेल शपथ ग्रहण में दिखा भी। सरकार में कैबिनेट मंत्री पद की मांग कर रहे एनसीपी को छोड़ दिया जाये तो बाकी सभी घटक दलों की तरफ से कोई नाराजगी नहीं दिखी। मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण भी हो गया और घटक दलों को इस बार उनकी हैसियत के बजाय लगता है सियासी रणनीति के तहत मंत्रिमंडल में जगह दी गयी है। बिहार से एक मात्र सीट समझौते के पाने और जीतने वाले जीतन राम मांझी को कैबिनेट मंत्री के रूप में मोदी मंत्रिमंडल में जगह दी गयी है। जबकि उत्तर प्रदेश में दो सीट जीतने वाले जयंत चौधरी को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का पद मिला है। महाराष्ट्र में दलित समाज से आने वाले रामदास अठावले तीसरी बार मोदी मंत्रिमंडल में जगह बनाने में सफल हुए हैं और मजे की बात यह है कि तीनों बार उनकी पार्टी का लोकसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। मोदी 3.0 की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वरिष्ठ मंत्रियों के स्तर पर कोई बदलाव नहीं दिखायी दे रहा है। देश में सड़कों का जाल बिछाने का श्रेय नितिन गडकरी को जाता है। मीडिया में बार-बार यह खबरें जगह बनाती रहती हैं कि मोदी और गडकरी के बीच मतभेद है। कई बार गडकरी इस तरह की बातें कहते भी हैं जिससे यह आभास होता है, लेकिन यह भी है कि गडकरी के खुलकर बोलने की वजह से कई बार उनके शब्दों का गलत अर्थ निकाला जाता है। बहरहाल राजनीति अपनी जगह लेकिन मोदी मंत्रिमंडल में तीसरी बार गडकरी के होने का मतलब है कि सरकार देश में बुनियादी संरचना विकसित करने को लेकर बेहद गंभीर है और इसलिए एक बार फिर गडकरी को मोदी मंत्रिमंडल में मौका मिला है। बीते दो कार्यकाल के दौरान गडकरी का प्रदर्शन मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि थी। तीसरे कार्यकाल में भी नितिन गडकरी जरूर देश में बहुत कुछ बदलाव लायेंगे। मोदी 2.0 में वित्त, विदेश, रक्षा, गृह जैसे चार सबसे बड़े मंत्रालय संभालने वाले वरिष्ठ मंत्री मोदी 3.0 में भी जगह बनाने में सफल रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार की चाल-ढाल में कमोवेश निरंतरता बनी रहेगी। राजनाथ सिंह, अमित शाह, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर फिर से मंत्री बनाये गये हैं और संभवतः इन चारों मंत्रियों को अपने ही विभागों में फिर से पदस्थापित किया जाये। चूंकि वित्त, विदेश, रक्षा और गृह मंत्री सीसीएस के भी सदस्य होते हैं जो सबसे अहम फैसले लेने के लिए जिम्मेदार है, इसलिए अगर इन चारों मंत्रियों को चार बड़े मंत्रालयों से अलग विभाग दिया जायेगा तो मीडिया में गलत संदेश जायेगा। चारों मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों में बेहतर प्रदर्शन किया है इसलिए संभवतः इनके विभाग बदलने के बजाय राजनाथ सिंह एक बार फिर रक्षा मंत्रालय संभाले, अमित शाह गृह मंत्रालय, निर्मला सीतारमण वित्त और एस जयशंकर विदेश मंत्रालय देखें। शासन के सर्वोच्च स्तर पर इस निरंतरता के साथ ही बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अन्य मंत्री मसलन अश्विनी वैष्णव, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल के साथ तमाम अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में मौजूद हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भले सरकार गठबंधन की हो लेकिन सरकार के कार्यकारी प्रदर्शन पर कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा।



**सभी वरिष्ठ मंत्रियों को नयी सरकार में जगह देकर मोदी ने सरकार की कार्यशैली में निरंतरता का संकेत दिया है।**

विचार

ताजा दुहा हुआ दूध जिसप्रकास शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसी प्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।

–महात्मा बुद्ध.

यदि कोई काम नहीं करता तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।

–बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने काप्रयास मत करो।

–स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है, वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।

–कालिदास.

जोकायरतासे शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अत: जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।

–मुनि गणेशवर्णी.

# सरकार चलाने के लिए जरूरी होगी सहमति



लोकमित्र

**वर्तमान परिदृश्य में भाजपा का एक और महत्वाकांक्षी एजेंडा ठंडे बस्ते में जा सकता है, वह है 'एक राष्ट्र, एक चुनाव'। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में जिस समिति ने मार्च 2024 में इसका मसौदा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा था, उसमें लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने का प्रस्ताव है। जिसे करीब करीब सभी क्षेत्रीय पार्टियां पसंद नहीं करतीं।**

इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी अठारहवीं लोकसभा चुनाव में भाजपा को उम्मीद या उसके दावे से काफी कम मिली सीटों को लेकर, उतने डिस्टर्ब नहीं दिखे, जितना डिस्टर्ब उनके दिखने की आशंका थी। हकीकत तो यह है कि पुरानी संसद में 7 जून 2024 को एनडीए का नेता चुने के बाद दिए गये अपने भाषण में वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरुद्ध तंज कसने के मामले में, अपने पुराने फॉर्म में ही दिखे। लेकिन बेफिक्री और बिंदास दिखने की सियासी कला अपनी जगह है, मगर इस बार यानी मोदी सरकार 3.0 को बिलकुल बेरोकटोक चला पाना तकरीबन असंभव बात होगी। इसकी ठोस वजहें हैं। एनडीए (नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस) में भाजपा के अलावा 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद शामिल हैं, इन सबकी मिलकर कुल 293 सीटें हैं। लेकिन गठबंधन में चंद्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टी (टीडीपी) 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। ये दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए बिलकुल अपरिहार्य हैं। एक साथ अगर ये दोनों एनडीए से छिटक जाएं तो मोदी जी के लिए सरकार बचाना करीबन असंभव हो जाएगा। इसलिए मोदी 3.0 सरकार के लिए सबसे ज्यादा और स्थाई सिरदर्द इन दोनों को साधना ही होगा। अभी भले नीतीश लड़खड़ाते हुए सेंट्रल हाल में मोदी जी के पैर छूने की अपनी विनम्रता रोक न पा रहे हों। लेकिन दरवाजे के दूसरी तरफ वह ऐसी ऐसी मांगें रख रहे होंगे कि मोदी ही जानते होंगे कि वह सब कितना मुश्किल है। दरअसल नीतिश और चंद्रबाबू अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री भी तो हैं। इसलिए ये अपने अपने राज्यों के विकास कार्यों की सारी जिम्मेदारियां आने वाले दिनों में मोदी यानी केंद्र सरकार पर ही डालते दिखेंगे। जब तक मोदी सरकार मनचाही मदद देती रहेगी तब तक चीजें आसानी से चलती रहेंगी। बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, चुनाव पूर्व भला नीतिश बाबू क्यों नहीं चाहेंगे कि वे विकास योजनाओं की झड़ी लगवाकर सुशासन के साथ विकास बाबू का तमगा भी हासिल करें? हालांकि आगामी विधानसभा चुनावों की वजह से ही उनके फिलहाल पलटी मारने की कोई गुंजाइश भी नहीं है, लेकिन यह समीकरण मोदी 3.0 सरकार को चैन की सांस भी नहीं लेने देगा।



एक बात और है। अपनी वाकचातुरी से भले प्रधानमंत्री यह साबित न होने दे रहे हों कि इन लोकसभा चुनावों में भाजपा को कम सीटें मिलने से कोई फर्क न पड़ा हो, लेकिन सच्चाई यह है कि भाजपा जिन बड़े बड़े वायदों के साथ चुनाव लड़ा था, उन्हें पूरा करना इस 3.0 मोदी सरकार के लिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन होगा। पिछले दिनों ऐन चुनावों के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने अपने एक मीडिया इंटरव्यू में कहा था कि अगले पांच सालों में वे देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर देंगे। लेकिन मोदी 3.0 सरकार शायद ही अब इसकी कोशिश भी करे, क्योंकि एक तो गठबंधन की सरकार, ऊपर से यूसीसी केंद्र के साथ-साथ राज्यों से भी जुड़ा विषय भी है और सबसे बड़ी बात कि अगले 6 महीनों के भीतर महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों में भाजपा ने अगर अप्रत्याशित प्रदर्शन नहीं किया तो उसकी स्थिति और ज्यादा कमजोर होनी तय है। इन चारों प्रदेशों में राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण प्रांत महाराष्ट्र है, जहां लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी हार मिली है। साल 2019 में जहां भाजपा ने महाराष्ट्र में 23 सीटें मिली थीं, वहीं इस बार उसे कुल 9 सीटें मिली हैं। अगर इन लोकसभा चुनावों को विधानसभा सीटों की नजर से देखें तो भाजपा को कुल 93 विधानसभा चुनावों में स्पष्ट हार मिली है। चूंकि विधानसभा चुनाव अगले 6 महीनों में ही होने हैं इसलिए लगता नहीं कि यहां वह कुछ अप्रत्याशित उलट पलट कर सकती है। हरियाणा में भी उसका यही हाल रहा है। लोकसभा चुनावों में भाजपा ने यहां भी पिछले बार की अपनी 10 सीटों में से 5 गंवा दी हैं, जबकि झारखंड में उसने इस बार पिछले बार के मुकाबले लोकसभा की 3 सीटें खोई हैं, सिर्फ दिल्ली में ही भाजपा अपने पुराने परफोर्मेंस को बरकरार रखा है। लेकिन दिल्ली में अभी भी विधानसभा के स्तर पर आम आदमी पार्टी जितनी मजबूत है, उससे नहीं लगता की फरवरी 2025 में भाजपा पूरी तरह से उलटफेर कर सकती है। ऐसे राजनीतिक माहौल में समान नागरिक संहिता जैसा बदलाव संभव नहीं होगा। फिर नीतिश सार्वजनिक तौर पर कई बार यूसीसी का विरोध कर चुके हैं। यह इसलिए भी मोदी 3.0 सरकार के पसीने छुड़ा देगी क्योंकि इसके कार्यान्वन में बहुत सारी जटिलताएं हैं। मुस्लिम ही नहीं आदिवासी समुदाय भी इसे लेकर खुश नहीं है, उन्हें ऐसा लगता है कि इसके बाद वो अपने मन का जीवन नहीं जी पायेंगे। किसी हद तक पारसी भी इसे पसंद नहीं करते, जबकि वो भाजपा को चाहते हैं।

**मोदी 3.0**

हालिया परिदृश्य में भाजपा के एक और महत्वाकांक्षी एजेंडे को ठंडे बस्ते में जाना तय है वह है- 'एक राष्ट्र, एक चुनाव'। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में जिस समिति ने मार्च 2024 में इसका मसौदा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा था, उसमें लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने का प्रस्ताव है। जिसे करीब करीब सभी क्षेत्रीय पार्टियां पसंद नहीं करतीं। इसलिए भले ही कोविंद समिति ने इस संबंध अपना काम पूरा कर लिया हो लेकिन एक एजेंडे के तौरपर वन नेशन, वन इलेक्शन को लागू कर पाना इस सरकार के बस में नहीं होगा। देशभर में चुनाव एक साथ कराने का विचार राज्यों की संवैधानिक स्वायत्तता का उल्लंघन कर सकता है, क्योंकि इससे सत्ता का केंद्रीकरण हो सकता है, जो भारत के संघीय ढांचे की आत्मा के विरुद्ध होगा। गौरतलब है कि वन नेशन, वन इलेक्शन के तहत पहले लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने की बात है फिर नगर पालिकाओं और पंचायतों तक इसे ले जाने की बात है। मोदी 3.0 सरकार के सामने एक महत्वपूर्ण मुद्दा परिसीमन का होगा। इसके तहत संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की कुल संख्या को फिर से तय किया जाना शामिल है। यह परिसीमन 2026 में होने वाली जनगणना के बाद संभव है यह भी एक बेहद संवेदनशील मुद्दा साबित हो सकता है। हालांकि जिस तरह से साल दर साल भाजपा का दक्षिण भारत में वोट शेयर बढ़ा है उससे नहीं लगता कि इस पूरे परिदृश्य में उत्तर बनाम दक्षिण का कोई पेच फंसेगा, जैसे पहले कई लोगों को ऐसी आशंकाएं थीं। लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं होगी कि जरा सा गलतफहमी भी हो जाने पर पर यह मोदी 3.0 सरकार के लिए मुश्किल में डालने वाला मुद्दा होगा। आगामी 1 जुलाई 2024 से नई आपराधिक कानून व्यवस्था 'भारतीय न्याय संहिता 2023' लागू होनी है।

गौरतलब है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, इन तीनों कानूनों पर दिसंबर 2023 में राष्ट्रपति राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हस्ताक्षर हो चुके हैं। हालांकि ऐसा कोई संकेत नहीं है कि इन कानूनों को ठंडे बस्ते में रखा जा सकता है लेकिन पूर्व में कुछ वकीलों ने इन कानूनों के प्रभाव को लेकर चिंता जताई थी और नायडू व नीतिश की इनमें स्पष्ट सहमति नहीं रही। इसलिए यह भी पेंच फंसाने वाला मुद्दा हो सकता है, हालांकि अभी तक ऐसी कोई बात सामने नहीं आयी। इस तरह देखें तो मोदी सरकार 3.0 नंबर गेम के चलते जितनी आसानी से बन गयी है, उतनी ही सहजता से चल पाना मुश्किल होगा।

सोशल मीडिया

हर पाली में दो या अधिक पेपर सेट जरूर होने चाहिए। प्रत्येक सेट के प्रश्न पत्र की छपाई अलग-अलग एजेंसी से करायी जाये, पेपर कोडिंग की आवश्यकता भी है। सीएम, योगी.



डाक्टरी की पढ़ाई के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में ली जाने वाली नीट परीक्षा के रिजल्ट में सैकड़ों अभ्यर्थियों के सौ फीसद नंबर आना, बड़ी धांधली का संकेत करता है। अखिलेश यादव



मीडिया की खबरों से लगता है कि सरकार की कमजोर स्थिति के कारण बिहार व आन्ध्र को विशेष राज्य का दर्जा मिलने वाला है, जबकि राजस्थान को विशेष दर्जा जरूरी है। अशोक गहलोत.



## ईश्वर के प्रति हमारी श्रद्धा

अंतर्दृष्टि

श्रद्धा हमारे सरल सवभाव, सोच और ह्रदय की एक ऐसी भावना है जो श्रद्धा में अभिव्यक्त होती है। परमात्मा के प्रति उदारतापूर्वक आत्मभावना पैदा होती है वही श्रद्धा है। सात्विक श्रद्धा की पूर्ण में अंतःकरण स्वतः पवित्र हो उठता है। श्रद्धायुक्त जीवन की विशेषता से ही मनुष्य स्वभाव में ऐसी सुन्दरता बढ़ती जाती है जिसको देख कर श्रद्धावान स्वयं संतुष्ट बना रहता है। श्रद्धा सरल ह्रदय की ऐसी प्रीतियुक्त भावना है जो श्रेय पथ की सिद्धि कराती है। श्रद्धा का अविर्भाव सरलता और पवित्रता के संयोग से होता है। पार्थिक वस्तुओं से ऊपर उठने के लिए सरलता और पवित्रता इन्हीं दो गुणों की अत्यंत आवश्यकता होती है। इच्छा में सरलता और प्रेम और पवित्रता का विकास जितना अधिक होगा उतनी ही अधिक श्रद्धा बलवान होगी। सरलता के द्वारा परमात्मा की भावानुभति होती है और पवित्र प्रेम के माध्यम से उसकी रसानुभूति, श्रद्धा दोनों का सम्मिलित स्वरूप है। उसमें भावना भी है, रस भी। जहां उसका उदय हो वहीं लक्ष्य प्राप्ति की कठिनाई का अधिकांश समाधान तुरन्त हो जाता है। अज्ञान अंधकार में भटके हुए लोकजीवन को सत्मार्ग पर अग्रसर करने का माध्यम उनके द्वारा जगाई हुई श्रद्धा का पूर्ण पाठ साधना की स्थिरता के लिए तब भी आवश्यक था। युग और परिस्थितियां बदल जाने पर आज भी आवश्यक है। परमात्मा सत्य है, उसके गुण और स्वभाव अपरिवर्तनशील हैं। इसी तरह वहां तक पहुंचने का मार्ग और माध्यम भी अपरिवर्तित ही है। उसे आज भी पाया और अनुभव किया जा सकता है पर उस स्थिति की परपक्वता के बीच में जो साधनायें, परिवर्तन, हलचल, कठिनाइयां और दुरभिसन्धियां आती हैं उनमें लक्ष्य प्राप्ति की भावना की स्थिरता के लिए श्रद्धा आवश्यक है।

यहां श्रद्धा की शक्ति का संक्षिप्त सा आभास दिया गया है कि उसे मानव जीवन की सर्वोपरि सामर्थ्य के रूप में समझ सकने में सुविधा हो। देवलोक यही है। देवता इसी क्षेत्र में जन्मते, बढ़ते, परिपुष्ट होते और वरदान दे सकने के लिए सक्षम बनते हैं। उनका उदय एवं अस्त भी इसी श्रद्धा के अनन्त अंतरिक्ष में होता रहता है। मंत्र देवता गुरु उपासना साधना सिद्धि आदि का सारा आधार श्रद्धा की आधारशिला पर खड़ा है। सच तो यह है कि साधा का विशालकाय कलेवर इसलिए खड़ा किया गया है कि उन लौह श्रृंखलाओं में जकड़ कर श्रद्धा विश्वास रूप महादैत्य को उपयोग प्रयोजन उत्पन्न कर सकने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। श्रद्धा से व्यक्तित्व का निर्धारण होता है। श्रद्धा अनेक क्रियाकलापों का सूत्र संचालन और उन्हें सफलता के उच्च स्तर तक पहुंचा सकना संभव होता है। आत्मा का सबसे विश्वस्त और सबसे घनिष्ठ सचिव श्रद्धा ही है।

## उत्तर आधुनिक डॉयलॉगबाजी

व्यंग्यलोक

उत्तर आधुनिक जमाने से डायलॉग फूट रहे हैं। एक डायलॉग मॉम ने अपने बेटे से किया- बेटे ! एक हाथ में मोबाइल ले ले और दूसरे हाथ में टीवी का रिमोट पकड़ ले ले। तब तक मैं खाना लगाती हूं। माय लवली चाइल्ड ! मैंने तुम्हारे लिए अभी एक बर्गर ऑर्डर दिया था, जो बाजार से हमारे ड्रोन ने डाइनिंग टेबल पे रख दिया है। हॉस्पिटल में डायलॉग भारी है। डॉक्टर किसी परिजन को कह रहे हैं- आप इन्हें सही समय पर ले आए हैं। अगर थोड़ी भी देर और हो जाती तो इन्हें मारना मुश्किल हो जाता। वैसे घबराने की कोई बात नहीं है। मैंने इन्हें इंजेक्शन दे दिया है। कल सुबह तक इन्हें होश नहीं आएगा। आपके ऑर्डर के मुताबिक कल तक यह इंसान मुर्दे में तब्दील हो जाएगा। लेकिन आप होश में रहना और और मेरा बिल कैश में ही देना। मेरी कोशिश पूरी है, लेकिन आपके लिए अगले 24 घंटे नाजुक हैं, भगवान से प्रार्थना करिए कि ये बंदा आपकी इच्छा अनुसार ही सलट जाए। इंसान से मुर्दे में तब्दील बंदे की सांसें कह रही हैं- भगवान के लिए मुझे छोड़ दो। ये लो ब्लैंक चेक ले लो। इस पर अपनी कीमत लिख लो और मुझे इस हॉस्पिटल से घर ले चलो। इस पवित्र अवसर पर डॉन बना परिजन अपनी निजी पत्नी को कहता है- मोना डार्लिंग ! ये तो खुशी के आंसू हैं ! इन्हें यूं ही कोई जाया नहीं करते। तभी एक दोस्त हॉस्पिटल में आया और कहने लगा- मैं इधर से गुजर रहा था सोचा आपसे मिलता चलूं। मुझे पता है कि आप अपने परिजन को मुर्दा बनाने के कार्यक्रम में इधर नए हॉस्पिटल टूरिज्म पर हैं। और हां ! इनसे मिलिए ये हैं शहर के मशहूर प्राइवेट श्मशान घाट के ग्रांड बिजनेसमैन ! करीब 9 देशों एवं 75 शहरों में उनके श्मशान घाट फैले हैं। मेरी कोई मदद हो तो जरूर कहिएगा। मीट माई सन विक्की, आज ही विलायत से पढ़ाई पूरी करके लौटा है। बाई दा वे आपकी डॉटर इधर नहीं दिख रही है। चुनावी साल में डायलॉग बहुत पल रहे हैं। सच तो यह है कि घर, परिवार और चुनावी अदालतें सबूतों से नहीं जज्बातों से ही चलती है। मेरे सभी सियासी फाजिल दोस्त चुनावी अदालतों में वोटरों का सिर्फ कीमती वक्त ही जाया करते हैं, मी लार्ड ! परिवार और चुनावी अदालतें सारे सबूतों और गवाहों के बयानों के मद्देनजर किसी भी खास नतीजे पर नहीं पहुंचती हैं और हमेशा की तरह है मामला सारा गुड़ गोबर ही रहता है। नेता चमचों को हड़का रहा है- ड्राईवर, उस गाड़ी का पीछा करो। जल्दी ! उसमें पिछली वाली गली का एक वोटर जा रहा है। इधर सरकार बन रही है और वोटर साहब कह रहे हैं- पता नहीं यह किसका पाप है ? मैं उस नेता का गुरूर तोड़ कर रहूंगा।



राम विलास जॉगिड़

## सोशल मीडिया पर कोई उकसाये, तो करें अनदेखी



डिजिटल लाइफ

अपराजिता

इंटरनेट पर कोई वेब सीरीज देखनी हो, आईपीएल के क्रिकेट मैच देखने हों, पढ़ाई या ऑफिस से जुड़ा कोई प्रोजेक्ट सर्च करना हो या सोशल मीडिया में यूं ही अजनबी लोगों के साथ चैट और मस्ती करनी हो। ऐसे हर क्षण अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखना जरूरी है। खासकर सोशल मीडिया में अपने विचार व्यक्त करते हुए। दरअसल सोशल मीडिया एक ऐसा माध्यम है, जिसमें हम एक दूसरे के साथ अपने ओपिनियन शेयर करते हैं। लेकिन कुछ लोग अपनी पहचान को गुप्त रखकर इसके माध्यम से दूसरों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते हैं, ऐसा किसी के भी साथ हो सकता है। कुछ लोगों को लगता है कि फेसबुक या दूसरे सोशल मीडिया मंच पर किसी को कुछ भी कहा जा सकता है। लेकिन ऐसा नहीं है। जो बात सामने नहीं कही जा सकती, उसे ऑनलाइन भी कहना उतना ही खतरनाक हो सकता है। सोशल मीडिया पर यदि कोई आपको उकसाता है तो इसे अनदेखी करना ही ठीक होता है। इन्हें कोई जवाब ही न दिया जाए। क्योंकि इंटरनेट ट्रॉल्स और बुलिज अकसर आपकी प्रतिक्रिया का इंतजार करते हैं, वह आपको उकसाते हैं इसलिए ऐसी स्थिति में चुप रहना ही बेहतर है। कई सोशल एप्स भी आपको उकसाने वाले होते हैं, इसलिए इस तरह की चीजों का सामना होने पर बेहतर है इस ओर कोई ध्यान न दिया जाए। यदि आप किसी दूसरे को ऐसा करते देखते हैं तो इसका विरोध करें और इसके बारे में शिकायत करें।

**याद रखें ये सब याद रखती है**

डिजिटल दुनिया यानी इंटरनेट के साथ सबसे बड़ा खतरा है कि यह कुछ नहीं भूलता। सोशल मीडिया में हम जो अपना कहते हैं या दूसरों का शेयर करते हैं इसका बहुत व्यापक स्तर पर असर होता है। आपके द्वारा कहे गये शब्द दूसरों पर असर करते हैं, क्योंकि इंटरनेट की याद्दाश्त बहुत अच्छी है। उम्र के किसी भी दौर में हों, लेकिन इंटरनेट को अपरिपक्व न समझें, आप अपरिपक्वता दिखा सकते हो, इसलिए अपने शब्दों के प्रति पूरी तरह सावधान रहें। ऑनलाइन आप जो कुछ भी पोस्ट करते हो, वह पूरी दुनिया में हमेशा के लिए सकुर्लेट हो जाता है। व्यक्तिगत जीवन में हम भले ही एक दूसरे के साथ कितना हंसी मजाक करें, लेकिन इंटरनेट एक ऐसा माध्यम है, जिसे सीरियसली लेना चाहिए। इंटरनेट पर हम किसी भी तरह की सूचना प्राप्त कर सकते हैं। भले ही आप एक बार अपना एकाउंट बनाकर उसे बंद ही क्यों न कर दें।

**सुरक्षित साइट्स**

इंटरनेट ने चीजों को बेहद आसान बना दिया है आज हम जिस भी चीज के बारे में सोचते हैं, उसे मात्र इंटरनेट पर टाइप करके क्लिक करके हम उसके बारे में विस्तार से जान सकते हैं। प्रतिदिन नयी साइट्स और सेवाएं रोज बनायी जाती हैं। यह जरूरी नहीं कि हर साइट सही हो और उनसे कई तरह के जोखिम भी हो सकते हैं, यदि आपको किसी भी साइट की विश्वसनीयता पर कोई शंका होती है तो उसके बारे में और ज्यादा खोजबीन करने से परहेज रखें। क्योंकि यह एक ऐसा संजाल है, जिसमें एक बार उलझने पर आप और ज्यादा उलझ सकते हैं।

**शोपिंग करते समय**

इंटरनेट पर शॉपिंग साइट्स पर शॉपिंग करते समय आपको अगर कोई चीज सस्ती मिलती है तो यूजर्स के रिव्यूज को जरूर देखें और खरीदने के ऑप्शंस पर क्लिक करने से पहले इस बात से पूरी तरह आश्वस्त हो जाएं कि आप उसकी सर्विस द्वारा दिये गये नियमों और शर्तों को अच्छी तरह जान, समझ चुके हैं। इंटरनेट पर अपने विषय में कोई भी सूचना देते समय सावधान रहें। क्योंकि यहां पर कई ऐसी वेबसाइट हैं जो आपकी महत्वपूर्ण सूचनाओं का दुरुपयोग कर सकती है। आप किसी प्रोडक्ट या सर्विस के लिए अपने बारे में निजी सूचनाएं शेयर करने से बचें, जिनमें खासतौर पर बैंक एकाउंट से संबंधित सूचना और पासवर्ड शेयर करने जैसी सूचनाएं न दें। यदि किसी साइट पर आपको कोई संदिग्ध बात पता चलती है या वह आपसे कोई गुप्त जानकारी आपके विषय में शेयर करने की बात करते हैं तो उस साइट को तुरंत बंद कर दें।

इंटरनेट पर सुरक्षा एक ऐसा मामला है, जो हम सबकी एक मिली-जुली जिम्मेदारी है और जिसमें हम सभी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक पढ़े लिखे और समझदार नागरिक होने के नाते इंटरनेट का इस्तेमाल करते हुए अपने परिवार और दोस्तों को ऑनलाइन सुरक्षा कवच के तहत रहकर उन्हें शिक्षित करें और इन छोटी-छोटी बातों को कभी न भूलें। इसके लिए गूगल के सेफ्टी सेंटर पर जाकर ऑनलाइन सेफ्टी के विषय में विस्तार से जान सकते हैं।

## आप की बात

### रोजगार मेलों का महत्व

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

### ई-वेहिकल को प्रोत्साहन

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## बकरा चोर गैंग सक्रिय, एक ही रात में दो बकरे चोरी

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** थाना इनायतनगर के चैकी क्षेत्र बारुन बाजार में एक सप्ताह में हुई ताबड़तोड़ चार चोरियों से भय का माहौल है ।बीती रात बकरा चोरों ने अलग-अलग स्थानों से दो बकरी चोरी कर लिया ।बाइक सवार बकरा चोरों ने खिहारन मजरे गैनों में मनीराम पाल तथा मेहदौना गांव में अतीक अहमद की बकरियों को एक ही रात में चोरी कर लिया। खिहारन मजरे गैनों में चोरों ने एक सप्ताह में दूसरी घटना को अंजाम देते हुए गरीब पशुपालक मनीराम पाल की सरिया में बंधी पन्द्रह हजार मूल्य की कीमती बकरी को चोरों ने रात के अंधेरे में चुरा लिया ।इससे अलावा पिछले रविवार को इसी गांव में पीड़ित के घर से 50 मीटर दूर स्थित दूसरे पशुपालक श्रीपाल पुत्र जगेसर का पन्द्रह हजार मूल्य का बकरा बाइक सवार चोरों ने ठीक इसी तरह चोरी कर लिया था ।पीड़ित के अनुसार रात में घर के सामने सड़क पर बाईक सवार दो संदिग्ध युवकों को उसने दो-तीन चक्कर लगाते हुए देखा था ।परंतु सड़क पर आवाजाही के कारण पीड़ित चोरों के मंसूबों को भांप नहीं पाया। गांव में एक सप्ताह में हुई लगातार दो चोरियों से गांव के पशुपालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** अयोध्या जिला प्रशासन व अवध विश्वविद्यालय की कड़ी निगरानी में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झॉसी द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा दो पलियों में सकुशल सम्पन्न हुई। रविवार को प्रातः अयोध्या जनपद के

- **दो पालियों की बीएड प्रवेश परीक्षा में 4453 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 517 व 512 अनुपस्थित**
- **परीक्षा को पारदर्शी के लिए पुलिस प्रशासन मौजदूगी परीक्षार्थियों को दिया गया केन्द्रों पर प्रवेश**

09 केन्दों पर जिला प्रशासन व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, नोडल समन्वयक प्रो0 फरूंख जमाल, उपसमन्वयक प्रो0 गंगा राम मिश्र, केन्द्र प्रतिनिधि व सचलदल में डायट प्राचार्य द्वारा कई केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दो पालियों की परीक्षा में परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के उपरांत परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश दिया गया। परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति कराई गई और ऑनलाइन डाटा बेस से वेरिफाई किया गया। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोके जाने के लिए सजीव रिकार्डिंग कंट्रोल रूम से कराई गई। इसके अलावा सभी केन्द्रों पर पर्यवेक्षकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। सभी केन्द्रों की परीक्षा शुचिता पूर्ण सम्पन्न हुई ।विवि बीएड नोडल समन्वयक प्रो0 फरूंख जमाल ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा 2 बजे से सायं 05 बजे तक सम्पन्न कराई गई। अयोध्या जनपद के नौ केन्द्रो पर कुल 4453 परीक्षार्थियों के सापेक्ष प्रथम एवं द्वितीय पाली में 517 व द्वितीय पाली में 512 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए विश्वविद्यालय मुख्य परिसर व आईईटी परिसर में तीन केन्द्र बनाये गये। इसके अतिरिक्त का0सु0 साकेत पीजी कालेज में तीन केन्द्र बनाये गये थे। नौ केन्द्राध्यक्ष, 18 पर्यवेक्षकों, 09 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, दो पर एक केन्द्र प्रतिनिधि एवं तीन केन्द्रों पर एक सचलदल की निगरानी में परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराई गई। सभी केन्द्रों पर इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबन्धित रहे। बीएड परीक्षा के सफल संचालन में डॉ0 मोहन चन्द्र तिवारी, जिला प्रशासन व कोषागार को विशेष सहयोग रहा।

## खरीफ फसलों से किसान कमा सकते हैं अधिक मुनाफाः जाफरी

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** भारत में किसान आमतौर पर मौसम के अनुसार खेती करते हैं। मई की शुरूआत में किसान खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारी शुरू कर देते हैं। इस समय में मक्का, ज्वार और संकर नेपियर घास उगाकर किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। ये फसलें 50-60 दिनों में तैयार हो जाती हैं, जिससे किसान कम समय और लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसी महीने में अरबी, अदरक और हल्दी की बुवाई भी की जाती है। ये फसलें अपने औषधीय गुणों के कारण महत्वपूर्ण मानी जाती हैं और विभिन्न बीमारियों के इलाज में उपयोगी होती हैं। इन फसलों को अन्य फसलों के साथ भी उगाया जा सकता है, जैसे कि अरहर, सोयाबीन, मूंग और उड़द। इससे किसानों को अलग खेत की आवश्यकता नहीं होती और वे दोहरी फसलों से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। ध्यान दें कि अरबी, अदरक और हल्दी की बुवाई के लिए छाया और अच्छी जल निकासी की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, समय-समय पर खेत से खरपतवार हटाते रहना चाहिए। इन फसलों को तैयार होने में 8 से 9 महीने लगते हैं, लेकिन औषधीय गुणों के कारण इनकी मांग साल भर बनी रहती है।

## इंडिया गठबंधन और पीडीए की एकता की जीत हुई है: ज्ञान सिंह यादव



**बाराबंकी।** लोकसभा चुनावो में इंडिया गठबंधन और पीडीए की एकता की जीत हुई है। यह जीत पीडीए को समर्पित नफरत पर मोहब्बत की जीत है। उक्त विचार सफदरगंज स्थित वरिष्ठ सपा नेता ज्ञान सिंह यादव ने अपने आवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम मे सभी विधानसभाओ से आये कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। कार्यक्रम मे सपा कार्यकर्ताओ ने श्री यादव को 11 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। सपा नेता श्री यादव ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने व गठबन्धन प्रत्याशी तनुज पुनिया को जीत की बधाई दी। इस मौके पर बबलू यादव, गोलू यादव, अनुज यादव, अजय यादव, विकास यादव, विनय यादव, अनिरुद्ध, जयपाल, लल्ला यादव, रमापति यादव, बृजकिशोर, सोनू लोधी, प्रदीप वर्मा, नवीन वर्मा, राजू वर्मा, वीरू पहाड़पुर, नीरज थापा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गामा यादव ने किया शिवपाल सिंह यादव का स्वागत



**बाराबंकी।** लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का गामा यादव एड्वोकेट ने प्रदेश कार्यालय पहुंच कर 51 किलो की माला व चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। तथा ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। बधाई देने वालो मे विजय यादव, नरेंद्र यादव गुन्नीर, राकेश यादव, भीमा यादव, लालजी यादव, विशाल यादव, अजय गुप्ता, मुकेश वर्मा, लवकुश यादव, राजेश चैबे, विनोद मौजूद रहे।

## पोस्ता छिलका बरामद, 3 गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना हैदरगढ़ पुलिस ने 3 मादक पदार्थ तस्करों मो0 वसीम पुत्र मो0 शहीम निवासी उस्मानपुर, रामफेर पुत्र झगई निवासी बुधनई, अनिरुद्ध पुत्र दुलारे निवासी ग्राम लालपुर थाना कोठी को ग्राम रौनी के पास से 3 अदद बोरी में कुल 20 किग्रा0 अवैध पोस्ता छिलका बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## 10 उपनिरीक्षको के कार्यक्षेत्र में फेदबदल

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने जनहित मे 10 उपनिरीक्षको के कार्यक्षेत्र मे फेदबदल किया है। एस0पी ने उ0नि0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह को चैकी प्रभारी बेलहरा से चैकी प्रभारी माती देवा, उ0नि0 चन्द्रहाश मिश्रा को एसएसआई थाना रामनगर से चैकी प्रभारी बेलहरा थाना मो0पुर खाला, उ0नि0 मृदुल मंयक पाण्डेय को चैकी प्रभारी सआदतगंज थाना मसौली से चैकी प्रभारी सिविल लाइन थाना नगर कोतवाली, उ0नि0 राजेश कुमार गुप्ता को थाना लोनीकटरा से चैकी प्रभारी सआदतगंज थाना मसौली, उ0नि0 रनवीर सिंह को थाना कोतवाली से चैकी प्रभारी कस्बा जैदपुर, उ0नि0 मंदीप सिंह को पुलिस लाइन से चैकी प्रभारी बड़ेल थाना नगर कोतवाली, उ0नि0 घनश्याम वर्मा को थाना हैदरगढ़ से थाना देवा, उ0नि0 श्रीनाथ यादव को पुलिस लाइन से थाना कोतवाली, उ0नि0 रमेश कुमार पाण्डेय को पुलिस लाइन से थाना कोतवाली, उ0नि0 विनोद कुमार सोनकर को पुलिस लाइन से थाना हैदरगढ़ स्थानांतरित किया है।

## ट्रैक्टर-ट्राली में भिड़ा ई-रिक्शा, 9 घायल

**अयोध्या।** प्रयागराज हाईवे पर रविवार को सुबह पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भरतकुंड स्थित पेट्रोल पंप के पास एक ट्रैक्टर-ट्राली और ई-रिक्शा में सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि दोनों वाहन पलट गए और ई रिक्शा सवार कुल नौ लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भजवाया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लिया है। सुबह लगभग नौ बजे बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के उमरनी पिपरी चैराहे से कुछ छात्राएं नगर कोतवाली स्थित एक कोचिंग जाने के लिए एक ई रिक्शा पर सवार हुई। कुछ दूर बाद तीन अन्य यात्री सवार हो गए।

पूराकलंदर थाना क्षेत्र में नन्हकऊ का पुरवा गांव के सामने पेट्रोल पंप पर तेल भराने के लिए सड़क पर मुड़े ट्रैक्टर ट्राली से ई रिक्शा की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहनघ पलट गए और ई रिक्शा सवार छात्राएं व यात्री घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी मसौधा भिजवाये जाने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि घायलों उमाशंकर मौर्य (38) निवासी रहेट जलालपुर माफी कोतवाली बीकापुर, प्रिया प्रजापति (17) पुत्री राम नारायन निवासी उमरनी पिपरी कोतवाली क्षेत्र बीकापुर, आसाराम (18) पुत्र बुधिराम निवासी सूल्हेपुर कोतवाली क्षेत्र बीकापुर, किरन (15) पुत्री प्रवीण कुमार निवासी सुल्हेपुर कोतवाली क्षेत्र बीकापुर, रीतू पांडे (17) पुत्री पवन कुमार निवासी कोदैला कोतवाली क्षेत्र बीकापुर, दिनेश कुमार (18) पुत्र राम अवतार निवासी नगरमा थाना क्षेत्र गोड़वा रामगंज कासगंज, मोहम्मद शाहिद (58) पुत्र स्वर्गीय रमाउल्ला निवासी नगर पंचायत भदरसा थाना पूरा कलंदर, देवी प्रसाद (60) पुत्र स्वर्गीय जुगनू निवासी अवस्थीपुर मजरुद्दीनपुर कोतवाली क्षेत्र बीकापुर, अंशु कुमारी (19) पुत्री बच्चू लाल निवासी उमरनी पिपरी कोतवाली क्षेत्र बीकापुर को लाया गया था। सभी को भर्ती का उपचार किया जा रहा है।

# महाराष्ट्र के पीडब्ल्यूडी मंत्री के साथ 70 सदस्यीय डेलिगेशन ने किया रामलला का दर्शन

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** महाराष्ट्र के पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर रविन्द्र चैहान रविवार को अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया। वहीं राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राम जन्मभूमि परिसर में महाराष्ट्र के मंत्री और मेहमानों का स्वागत किया। रविन्द्र चैहान ने अयोध्या में बनने वाले महाराष्ट्र भवन की जमीन का भी अवलोकन किया। महाराष्ट्र के कई विधायक और उनके परिवार के सदस्य भी इस दौरान उनके साथ में मौजूद रहे। 70 सदस्यीय डेलिगेशन के साथ अयोध्या पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाराष्ट्र से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चैबंद इंतजाम किए गए थे। अयोध्या पहुंचे महाराष्ट्र के पीडब्ल्यूडी मंत्री रविंद्र चैहान ने कहा कि महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश का हजारों सालों से बहुत ही गहरा रिश्ता बना हुआ है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। हमें आज यहां आने का सौभाग्य मिला है। इसके साथ ही पीएम मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण में भी शामिल होने का अवसर मिला है। इससे पहले हमने रामलला के दर्शन किये हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में सरकार के द्वारा चिन्हित जमीन पर भवन बनाने के लिए राज्यों को आमंत्रित किया गया था। उसके अंतर्गत हम भी अयोध्या आए हैं। यहां महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने बताया कि यहां ढाई एकड़ में महाराष्ट्र भवन का भक्त निवास बनेगा। यह राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंदिर से 4 किलोमीटर दूर होगा। ये जगह एयरपोर्ट के भी करीब है। हमें अच्छी लोकेशन पर जगह प्राप्त हुई है। रविन्द्र चैहान ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि उनके साथ महाराष्ट्र के पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ वार्ता की है। बताया कि अगले 2 महीने के अंदर यहां महाराष्ट्र भवन का कार्य शुरू हो जाएगा।

## थानाध्यक्ष ने सुनी फरियादियो की समस्या, 2 प्रार्थना पत्रो का मौके पर निस्तारण



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** थाना टिकैतनगर परिसर मे थानाध्यक्ष संजीत कुमार सोनकर की अध्यक्षता मे थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस मे थानाध्यक्ष की समक्ष 5 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। जिसमे 2 प्रार्थना पत्रो का मौके पर निस्तारण करवाया गया। शेष प्रार्थना पत्रो हेतु जल्द से जल्द निस्तारण करवाये जाने हेतु सम्बधितो को निर्देशित किया। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षण कृष्ण कांत सिंह ने बताया कि थाना परिसर मे आये फरियादियो की समस्याओ को सुनकर राजस्व टीम व पुलिस टीम को निस्तारण हेतु रवाना किया गया। इस मौके पर पुलिस मुंशी गर्जन सिंह, एसआई अनुभव मिश्रा, कृष्ण कुमार सिंह, संतोष कुमार राय, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र यादव, अजीत कुमार यादव, पवन कुमार यादव, आरक्षी अभय यादव, हेमंत कुमार, रामशंकर काजला, अतुल यादव, गौरव शर्मा, रंजीत यादव, गणेश गोस्वामी, महिला आरक्षी हर्षिता, रुचि, रीना, राजस्व टीम स्वामीनाथ, पन्ना लाल, अभिषेक पांडेय, दुर्गेश कुमार, अवधेश कुमार, समेत विकास व बिजली विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पानी के टैंकर में घुसी पिकअप एक की मौत, चालक गंभीर



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार पिकअप खड़े पानी टैंकर में पीछे से जा घुसी, हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही पिकअप में बैठे युवक की मौत हो गई। वहीं चालक की हालत गंभीर बनी हुई है सौ शैय्या अस्पताल में इलाज चल रहा है। पिकअप बरेली से सब्जी लेकर जौनपुर जा रही थी।

बरेली से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते सब्जी लेकर जौनपुर जा रही रही पिकअप यूपी 25 एटी 7484 एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 102 के पास पीली पट्टी के अंदर खड़े पानी टैंकर में तेज रफ्तार पिकअप सुबह करीब सात बजे जाकर घुस गई। हादसे की जानकारी होने पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरीके से पिकअप चालक को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया। जहां पर डॉ संतोष कुमार सिंह द्वारा इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर का कहना है कि अब पिकअप चालक खतरे से बाहर है।

पिकअप में बैठे युवक की मौके पर ही मौत हो गई यूपीडा की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक अमित सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह 22 वर्ष निवासी ग्राम मुझियाना थाना बीनार जनपद बदायूं के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं पिकअप चालक शैलेंद्र सिंह पुत्र मुकेश 28 वर्ष निवासी मुझियाना थाना बीनार गंभीर रूप से घायल है जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पिकअप चालक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि हर दूसरे दिन बरेली से सब्जी लेकर जौनपुर आया करता था। आज पानी का टैंकर बीच हाईवे पर खड़ा था जिसके चलते या हादसा हुआ है। घायल शैलेंद्र की पत्नी का कहना है कि अभी 15 दिन पूर्व तू की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी कर्मकांड करने के बद पहली बार जौनपुर जा रहे थे और अब इतना बड़ा हादसा हो गया।

## महिला की करंट लगने से मौत

**बीकापुर-अयोध्या।** रविवार को दिन में लगभग 10बजे बीकापुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बैतीकला मजरा बरौली क्षेत्र में खेत में घास काटने गई एक वृद्ध महिला को करंट लगने के बाद मौत हो गई। घटना के बाद मृतक महिला के परिजनों में जहां एक और कोहराम मचा हुआ है। वही एम्बुलेंस से सी एच सी बीकापुर लाने पर एमरजेन्शी मे तैनात डॉक्टर धर्मेंद्र रंजन ने मृत घोषित कर स्थानीय पुलिस को मेमो भेजने पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध मे कोतवाल लाल चंद सरोज ने बताया कि थाना हैदरगंज क्षेत्र के ग्राम बैंतीकला मजरा बरौली निवासी स्वर्गीय काशीराम की 60 वर्षीय पत्नी विमला देवी की मृत्यु के सन्दर्भ मे लोगो ने बताया कि पास मे स्थित मथुरा सिंह के गन्ने खेत में घास काटने गई थी, जब यह महिला घास काट रही थी इस बीच खेत में गिरे विद्युत तार महिला के शरीर से टच हो गई इसके बाद इस महिला की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के द्वारा एम्बुलेंस से सीएचसी बीकापुर लाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया।

## आईटीआई की नई फैकल्टी का विधायक ने किया भूमि पूजन



**रुदौली-अयोध्या।** राजकीय आईटीआई कालेज अमराईगांव में विधायक रामचंद्र यादव ने नई फैकेल्टी का भूमिपूजन किया। विधायक के साथ नगर पंचायत मां कामख्या धाम चेयरमैन शीतला प्रसाद शुक्ला भी रहे। उन्होंने कहा कि कहा कि सरकार हर सम्भव गरीबों की मदद करने के लिए तैयार है। राजकीय आईटीआई कालेज में कांफ्रेंस हाल, स्मार्ट क्लासरूम, साइकिल स्टैंड, गैराज, 6 नग टाइप 2 के आवास का निर्माण किया जाएगा। सत्यवीर सिंह, महेंद्र सिंह, अनिल कुमार, वलबीर गौड़, अवर अभियंता हर गोविंद वर्मा, अधिशासी अभियन्ता वीरेंद्र कुमार चैरसिया आदि मौजूद रहे। वहीं विधायक रामचंद्र यादव ने डाक बंगला रुदौली में लोक सभा चुनाव के बाद जन चैपाल में जन समस्या सुनी। विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र से लोगो ने जनता दरबार में समस्याएं बताई ।ज्यादातर मामले तहसील और पुलिस के आए। जनसमस्या के निस्तारण में की जा रही हवाली को लेकर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। इस मौके पर विकास मिश्रा, निर्मल शर्मा, राज किशोर सिंह, उबेद अहमद मौजूद रहे।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही व्यायाम शालाएं

जिला संवाददाता(vol)




**सोहावल-अयोध्या।** विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में स्वास्थ और समृद्धि की परिचायक के रूप में बनाई गई व्यायाम शालायें अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। शासन सत्ता का निजाम वही है। प्रधान तक वही हैं ।लेकिन इन व्यायाम शालाओं का कोई पुरसाहाल नहीं है। इन्हे बने हुए अभी तीन वर्ष ही बीते है। लेकिन इनकी दशा हरे भरे पार्कों की जगह बीरानगी में बदल चुकी है। कहीं इन पार्कों की दीवारें टूट रही हैं। कहीं गेट के दरवाजे टूटकर बिखर चुके है जहां पहले सुबह शाम बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और युवा पार्कों में लगे व्यायाम यंत्रों के सहारे अपना स्वास्थ्य ठीक करने के लिए बड़ी संख्या में इन पार्कों में घूमते रहते थे।

आज यह पार्क जानवरों के लिए चारागाह और पशुओं का आश्रय स्थल बन चुके हैं। 56 ग्राम पंचायतों वाले विकास खंड में ग्राम पंचायत तहसीनपुर सहित सात ग्राम पंचायतों में इनका निर्माण 2021 में कराया गया था। करीब 25 लाख से ज्यादा की इन पार्कों और व्यायाम शालाओं की संख्या अब डेढ़ दर्जन से ज्यादा हो चुकी है। इनकी निगरानी फूल पत्तियों की रखवाली सिंचाई आदि के लिए 6000 रू मानदेय पर पंचायत से ही कर्मचारी नियुक्त है। लेकिन सब केवल कागजों पर चलाया जा रहा है।

बिना कार्य किये घर बैठे कर्मी प्रधानों की मिली भगत से आबंटित धन की ऐसी की तैसी कर रहे है। कमोवेश पुरानी सभी व्यायाम शालाओं की हालत तहसीनपुर व्यायामशाला जैसी ही बतायी जाती है। लेकिन इस ओर झांकने की कोशिश अब तक किसी ने नहीं किया। इस सम्बन्ध में राजीव कुमार ए डी ओ पंचायत ने कहा कि गांव की इन व्यायाम शालाओं के संचालन और देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों की है। उपयोग भी पंचायत के लोग ही करते है। यदि कहीं पर गड़बड़ी है ।उसकी शिकायत आयेगी तब उस पर विचार जरूर किया जायेगा।

# प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्यः अमित अवस्थी



जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** नर सेवा ही नारायण सेवा है। जिसका जीता जागता उदाहरण आदर्श बाराबंकी जंक्शन पर देखने को मिला। धर्मजागरण धाम संस्था के तत्वाधान मे धाम संस्था के सहयोगी भीषण गर्मी के प्रकोप से आमजन मानस को निजात दिलाने की भावना रखकर गर्मी मे प्यासे व्यक्ति की सेवा करते हुये देखे गये। उनका मानना है कि अगर किसी प्यासे व्यक्ति को पानी दे दिया। तो उससे बड़ा पुण्य का काम कोई और हो नहीं सकता। आज धर्मजागरण धाम संस्था संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी के नेतृत्व मे धर्मसेवको ने आदर्श बाराबंकी जंक्शन पर इंटरसिटी, गोरखपुर एक्सप्रेस, बाघ एक्सप्रेस, जम्मूतवी आदि अनारक्षित ट्रेनो के यात्रियों के बीच मे पेठा, गुड़, बताशा सहित शीतल जल वितरण किया। अंत मे संस्था संयोजक अधिवक्ता श्री अवस्थी द्वारा अधिवक्ता/पत्रकार भूपिदर पाल सिंह शैन्की को धर्मजागरण प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अधिवक्ता योगेंद्र सिंह, संतोष कुमार, कर्नल रिटा0 रामेंद्र सिंह, अधिवक्ता सतीश पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा सुरेश चंद्र गौतम, युगल दीक्षित, नीरज वर्मा, नरेंद्र त्रिपाठी, अनूप यादव, सुनीत अवस्थी, अशोक कुमार वर्मा, प्रभात वर्मा, चन्द्रकांत गुप्त, डॉ तेज नरायन वर्मा, कार्तिकेय हरि त्रिपाठी, पवन जैन, संदीप सिंह, सचिन वर्मा, अंश, पंकज वर्मा, देवांश तिवारी आदि धर्मसेवक मौजूद रहे।

## प्रिया दूबे ने पास की नीट परीक्षा



**कुमारगंज-अयोध्या** ।ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है अयोध्या जनपद के अमानीगंज विकास खंड के धरौली गांव निवासी भूतपूर्व सैनिक प्रेमचंद दुबे की इकलौती बेटी प्रिया दुबे ने नीट परीक्षा में 720 अंकों में से 653 अंक प्राप्त कर परीक्षा क्वालीफाई कर ली है ।ऑल इंडिया रैंकिंग में 26765 वीं रैंक लाने वाली प्रिया दुबे ने ये सफलता प्रथम प्रयास मे प्राप्त की है, प्रिया दुबे ने सफलता का श्रेय अपने माता - पिता को देते हुए डॉक्टर बनकर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की सेवा को अपना लक्ष्य बताया, आर्मी पब्लिक स्कूल जोधपुर से हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा पास करने वाली प्रिया ने आकाश कोचिंग से शुरूआती प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी की। नीट की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए प्रिया का कहना है कि लगातार कड़ी मेहनत और 6 - 7 घंटा पढ़ाई करके बिना कोचिंग के भी बच्चे इस परीक्षा को पास कर सकते हैं जीवन में कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता है बस उसे प्राप्त करने के लिए सही दिशा में प्रयास किया जाए।

प्रिया की सफलता से एक ओर जहां उनके परिवार में खुशी का माहौल है वहीं उनके गाँव और क्षेत्र के लोगों ने बिटिया की सफलता के लिए उसे बधाई दी है। नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर भी परीक्षा में सफल हुए छात्रों के मन में नाराजगी देखने को मिली ।परीक्षा में सफल छात्रा प्रिया दुबे ने बताया कि नीट परीक्षा में जिस प्रकार एक ही रैंक के एक ही परीक्षा केंद्र की छात्रों का अंक आया है वह संदेह पैदा करता है, इसकी पूरी जांच होनी चाहिए और इसमें गड़बड़ करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

संक्षेप

## कार ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लखनऊ से प्रयागराज एनएच मार्ग पर गांव हसनगंज निकट रविवार की सुबह 6बजे के तकरीबन कार ने साइकिल सवार रामू 30वर्ष पुत्र रतीपाल निवासी हसनगंज को रौंद दिया।जिनकी मौके पर ही मौत हो गई है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साइकिल सवार रामू की मौत होने पर उनका शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है और कार को कब्जे में लेकर उसके चालक की तलाश किया जा रहा है।

## तलवार से केक काटा

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गांव हरनी में बर्थडे पार्टी में तलवार से केक काटने का वीडीओ सोशल मीडिया में वायरल हो गया है।जिसका वीडीओ वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वीडीओ के आधार पर जांच करके विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

## लैपटाप व नगदी चोरी कैमरे में संदिग्ध कैद

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के गांव सावांपुर नेवादा निवासी राजेन्द्र कुमार तहसील गेट के सामने दुकान व कार्यालय बना रखा है।जहां से 13हजार नगदी व 47हजार रूपए का लैपटाप अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया।घटना के दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध चोरों की तस्वीर सीसी कैमरे में कैद हो गया है।जिसके आधार पर पुलिस सीसी कैमरे के फुटेज की मदद से उनकी तलाश में जुट गई है।

## गांधी परिवार चुनाव बाद पहुंचेगा जिला

**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद सांसद राहुल गांधी अपने बहन प्रियंका गांधी व मां सोनिया गांधी के साथ पहली बार 11 जून को आएंगे।जिनके साथ अमेठी नवनिर्वाचित केएल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।जिलाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि 11जून को गांधी परिवार के तीनों सदस्य एक साथ आने की सूचना संभावित है।

## ब्लॉक प्रमुख का भवन तोड़ा, काटा हंगामा

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत तहसील के निकट गांव जलालनहार है। जहां पर लखनऊ से प्रयागराज एनएच मार्ग पर ब्लाक प्रमुख सत्यभामा मौर्या का मकान को वगैर मुआवजा के एनएचआई विभाग ने तोड़ दिया। जिस दौरान ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिध बीएन मौर्या अपने समर्थकों के साथ विरोध जताया लेकिन मौके पर एसडीएम सिद्धार्थ कुमार चैधरी अपने प्रशासनिक व पुलिस टीम की मौजूदगी में उसको जेसीबी से जमीदोज कर दिया गया।बीएन मौर्या ने बताया कि एनएचआई की तानाशाही के खिलाफ उच्चाधिकारी से शिकायत किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

## अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

रायबरेली।बछरावां थाना पुलिस ने 315बोर का तमंचा व एक कारतूस के साथ अभियुक्त राहुल पुत्र मोहन निवासी रिसालखेड़ा मजरे महेरी थाना बछरावां को गिरफ्तार करने का दावा किया है।थाना प्रभारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान गिरफ्तार करने पर अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धारा में अभियोग दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# बाइक को टक्कर मारने के बाद पेड़ से टकराई कार, 5 लोग मरे



**अमेठी।** अमेठी जिले के मुंशीगंज क्षेत्र में रविवार को एक कार के मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद एक पेड़ से टकराने की घटना में एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा पांच लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मुंशीगंज थाना क्षेत्र के आजाद नगर में जामो-भादर मार्ग पर एक कार के सामने अचानक मोटरसाइकिल आ गई जिससे कार और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हुई और फिर कार एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में 10 लोग घायल हो गये। स्थानीय लोग सात साल के बच्चे को भेटुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां से उसे सुलतानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गयी। शेष घायलों को गौरीगंज के अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सुलतानपुर के कुड़वार इलाके की रहने वाली शबनम (35), वंदना पाठक (29), उसके सात साल के बेटे, भाई दुर्गेश उपाध्याय (35) तथा एक अज्ञात महिला को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से तीन को लखनऊस्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। दो अन्य लोगों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिसकर्मी व पत्नी को कार ने रौंदा

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले में पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में तैनात हेड कांस्टेबल (प्रधान आरक्षी) और उनकी पत्नी की रविवार को अमहट इलाके के पास लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर एक कार की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने यहां बताया कि हेड कांस्टेबल रामकेवल (43) अपनी पत्नी रीता (38) के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे और रास्ते में एक तेज रफ्तार कार ने दम्पति और एक साइकिल सवार को रौंद दिया। उसने कहा कि टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति सड़क पर जा गिरे और सिर फट जाने के कारण दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसे में गम्भीर रूप से घायल साइकिल सवार कृष्ण प्रसाद यादव को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मृत दम्पति के शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे गये हैं।

### यांत्रिक खराबी के चलते बंद पड़ा राजकीय नलकूप

बल्दीराय, सुलतानपुर। बल्दीराय के अलियाबाद पूरे किशुन दंत गांव में स्थित नलकूप संख्या 62 कई वर्षों से खराब पड़ी हुई है। जिसके चलते किसानों को फसल की सिंचाई करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दोनों ग्रामीण कृषकों द्वारा धान की नर्सरी डाली जा रही है। नर्सरी डालने के लिए पानी की अति आवश्यकता है, ? लेकिन नलकूप खराबी के चलते मजबूरी में किसानों निजी नलकूप से अधिक मूल्य से सिंचाई करके धान की नर्सरी डाल रहे हैं। स्थानीय गांव के राम जियावन ने बताया कि कई

# अनियंत्रित होकर टैंकर से टकराई पिकअप, एक की मौत, एक घायल



**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** स्थानीय थाना क्षेत्र से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार की सुबह भीषण हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की इलाज के लिए ले जाते रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं दूसरे का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग पांच बजे लखनऊ से सब्जी लेकर एक पिकअप आजमगढ़ जा रही थी। तभी बल्दीराय थाना क्षेत्र के देहली के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माईल स्टोन 102.7 पर पहुंची ही थी कि वहीं किनारे खड़े पानी के टैंकर से अनियंत्रित होकर टकरा गयी। जिसकी सूचना मिलने पर यूपीडा की बचाव टीम ने मौके पर पहुंचकर पिकअप के अंदर फंसे खलासी अमित सिंह (27 वर्ष) को बाहर निकालकर इलाज के लिए एम्बुलेंस से भिजवाया। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में अमित सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह निवासी मुझियाना थाना विनावर जिला बदाँयू की मौत हो गई। वहीं चालक शैलेश कुमार सिंह पुत्र मुकेश सिंह ग्राम मुझियाना बदायूं गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज सौ शैय्या में चल रहा है। वहीं हादसा होते ही टैंकर चालक मौके से भाग निकला। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामविशाल सुमन ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। अब सोचने वाली बात यह है कि जब पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के नियमानुसार सड़क किनारे ज्यादा देर वाहन पार्क नहीं किया जा सकता। अगर ज्यादा देर वाहन पार्क है तो उसे यूपीडा कर्मियों द्वारा खींच कर टोल प्लाजा पर लाने का नियम है। मगर अक्सर एक्सप्रेस वे पर कहीं नींचे खुले ढाबों की वजह से तो कही खराब वाहन सड़क किनारे खड़े दिखाई देते हैं। जिसे खींच कर सड़क से हटाने की जहमत यूपीडा टीम नहीं उठाती, जिससे कभी उसे बचाने के चक्कर में तो कभी उसी पार्क वाहन में टकराने से आये दिन हादसा होने की संभावना बनी रहती है। मगर जब तक हादसा नहीं होता, तब तक यूपीडा टीम खड़े वाहनों को हटवाने की जहमत नहीं उठाती। जबकि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे कैमरों से लैस है और हर टोल प्लाजा पर कैमरों का कंट्रोल रूम भी स्थापित है।

# एनडीए सरकार बनने पर समर्थकों ने बांटी मिठाई



**गौरीगंज, अमेठी।** देश में मोदी सरकार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार तीसरी बार बने पर लोगों ने मंदिर पर पूजा कर मिठाई का वितरण किया। जनपद मुख्यालय नगर पालिका परिषद गौरीगंज के वार्ड 13 पूरे पंडित नेमधर निवासी भोला द्विवेदी ने गांव हनुमान मन्दिर पर तीसरी बार प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर 11 किलो लड्डू का वितरण किया। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

## शिवरतनगंज पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करना नहीं समझा मुनासिब

**तिलोई, अमेठी।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव पूरे कादिल मजरे जुगराजपुर में निमंत्रण में गये एक युवक की बेखौफ चोरों द्वारा मोटर साइकिल पार कर दी गई है। वाहन स्वामी द्वारा काफी खोजबीन की गई पर चोरी गई बाइक का कोई सुराग नही लग सका है। वाहन स्वामी ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंप दी है लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय वाहन स्वामी को ही तलाशने का पाठ पढ़ाकर बाहर का रास्ता दिखा दिया है। थाना क्षेत्र के देवीगंज चौराहा मजरे पन्हौना निवासी हरिकेश रावत पुत्र महादेव रावत शनिवार की शाम को अपनी मोटर साइकिल हीरो स्पलेन्डर यूपी 36 एस 1915 से ग्राम पूरे कादिल मजरे जुगराजपुर में निमंत्रण में गया था। वाहन स्वामी अपनी बाइक बाहर खड़ी कर अंदर चला गया और जब वापस आया तो मौके से बाइक नदारद मिली पीड़ित ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नही चल सका। वाहन स्वामी हरिकेश रावत ने बताया कि बाइक की डिग्गी में प्रार्थी व उसकी पत्नी रेशमा रावत का बैंक एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, इन्डियन गैस सिलेंडर की दो किताबे व बैंक पासबुक तथा अन्य कुछ आवश्यक कागजात भी रखे थे। वाहन स्वामी ने काफी खोजबीन किया लेकिन कोई पता नही चला। पीड़ित वाहन स्वामी ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंप दी है लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय ने बाइक चोरी की तहरीर मिलने की पुष्टि करते हुये बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और जांचोपरांत मुकदमा दर्जकर लिया जायेगा।

## विभागीय मिलीभगत से धड़ल्ले से बिक रहे मिलावटी खाद्य पदार्थ

**जगदीशपुर, अमेठी।** विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से दूकानदार खुलेआम मिलावटी व एक्सपायरी खाद्य पदार्थ बेचने से कोई परहेज नहीं कर रहे हैं जिसका सेवन करने के बाद लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं उच्च अधिकारीगण सबकुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। विकास खंड के अंतर्गत जगदीशपुर वारिसगंज रानीगंज आनंद नगर कमरौली जाफरगंज आदि स्थानों पर दूकानदार बिस्कुट नमकीन मसाला दाल दूध पनीर मक्खन मिठाई रिफाइनंड व सरसों का तेल आइसक्रीम गन्ने का रस आदि मिलावटी खाद्य पदार्थ खुलेआम बेंचकर लोगो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है तो वहीं एक्सपायरी डेट का सामान भी बेचने से कोई परहेज नहीं कर रहा है मजे की बात तो यह है कि कुछ दूकानदार पैकेट पर अंकित उत्पादन व एक्सपायरी की तारीख पर लेबल चिपका कर नवीन तारीख की लेबल चिपका कर ग्राहक को गुमराह कर जेबे भरने का काम किया जा रहा है इसके बावजूद भी विभागीय जिम्मेदार अधिकारीगण सबकुछ जानते हुए भी किसी भी तरह की कार्रवाई करने मे नाकाम हैं तो वहीं नाम ना छापने की शर्त पर दुकानदारों ने बताया कि इसके एवज मे संबंधित विभाग वालों को सुविधा शुल्क देना पडता है तो डर किस बात का है इस सम्बंध मे उप जिलाधिकारी अभिनव कनौजिया ने बताया कि जल्द ही टीम गठित कर दूकानों पर छापेमारी की जाएगी दोषी पाए जाने पर दूकानदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी लाल शर्मा के अमेठी सांसद निर्वाचित होने पर मिठाइयां बांटकर मनाई खुशी



**शुकुल बाजार,अमेठी।** इण्डिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के जीत एवं अमेठी लोकसभा क्षेत्र का सांसद निर्वाचित होने पर बाजार शुकुल क्षेत्र के जैनबगंज में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं व समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने रविवार को कांग्रेसी नेता असलम बाबा की अगुआई में आभार कार्यक्रम का आयोजन कर जहां जनसमर्थन करने के लिए आम जनमानस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया वहीं इण्डिया गठबंधन के पदाधिकारियों कार्यकताओं ने पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी की उपस्थिति में एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाते हुए जीत की खुशी मनाकर इण्डिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को जीत की बधाई दी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी ने सम्बोधित करते हुए जनता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष दिनेश द्विवेदी बब्बन, ओम प्रताप सिंह, असलम बाबा, अरुण शर्मा,, हामिद विनोद ब्लाक अध्यक्ष रवि संतोष शुक्ला पालमौर्य, आयाजखा चंदा, अनूप तिवारी, के० डी० मिश्रा, ममता पाण्डेय, मजहर बाबू, राम धीरज यादव, हरि प्रसाद शुक्ला, सुशील शुक्ला, सुरेश श्रीवास्तव, विकास तिवारी, आकाश तिवारी, सावल प्रसाद तिवारी, श्री निवास शुक्ला आदि इण्डिया गठबंधन के पदाधिकारी कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

# चीफ विभाग में एक लाख का घपला, जांच जारी

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के गांव पूरे मैकूलाल मजरे पुरवारा निवासी ऊषा पाण्डेय पत्नी आनन्द कुमार पाण्डेय ने ऊंचाहार डाकघर के अधिनस्थों पर एक लाख रूपए का हेराफेरी करने का आरोप लगाया है।जिसमें पैसा जमा करने के बावजूद कम्प्यूटर पंजीकृत न करने पर पैसा निकालने गई तो पैसा जमा न होने का दावा किया गया जबकि पीड़िता के पास रसीद भी है।जिसकी शिकायत पीड़िता ने पोस्ट मास्टर जनरल लखनऊ से लिखित किया है।पीड़िता की शिकायत पर जिला के चीफ डाक अधीक्षक ने बताया कि प्रकरण गंभीर है जिसकी जांच किया जा रहा है।

### चुनावी उपद्रव की हकीकत जानने जायेगी सपा की टीम

**रायबरेली।** लोस चुनाव के दिन डीह थाना इलाके के छतोह में कांग्रेस समर्पित में सपा के कार्यकर्ता जितेन्द्र यादव को पोलिंग एजेंट बनाया गया था जहां पर मारपीट में एजेंट का पैर टूट गया था।जिसका मामला अब तूल पकड़ लिया है। जिसकी जांच हेतु सपा सुप्रिमो अखिलेश यादव ने संज्ञान लेते हुए अपनी 6 सदस्यीय टीम 12 जून को जांच करने स्थली पहुंचेगी। विधायक कमाल अख्तरयपूर्व सदस्य विधान परिषद सुनील सिंह यादवयविधायक सरेनी देवेन्द प्रताप सिंहयविधायक बछरावां श्यामसुन्दरभारतीयविधायक हरचंदपुर राहुल लोधीयजिलाध्यक्ष बीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रतिनिध मंडल जांच करेगी। जिसको लेकर स्थानीय पुलिस महकमे से लेकर जिला स्तर तक में हड़कंप मच गया है।

### तहसीलदार के चालक पर खनन करवाने का आरोप

**रायबरेली।** डलमऊ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ताबड़तोड़ अवैध मिट्टी का खनन किया गया जा रहा है।जिसको लेकर खनन करवाने में तहसीलदार के चालक पर मिट्टी का अवैध खनन करवाने वालों को शरण देने का आरोप है।जिसका प्रकरण सोशल मीडिया में वायरल किया गया है।एडीएम प्रशासन ने बताया कि प्रकरण की जांच करवाया जा रहा है।

# हरे पेड़ों पर चल रहे आरे, पर्यावरण को खुलेआम नुकसान पहुंचा रहे ठेकेदार



- वन विभाग भी छोटी-मोटी कार्रवाई करके हो जाता है मौन

**लंभुआ, सुलतानपुर।** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांव में धड़ल्ले से हरे पेड़ों पर आरे चलाए जा रहे हैं। लकड़कट खुले आम पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। वन विभाग कर्मियों एवं पुलिस कर्मियों की मिली भगत से आए दिन हरे पेड़ों की कटान जारी है। शिकायत पर वन विभाग भी छोटी-मोटी कार्रवाई करके इति श्री कर लेता है। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के सखौली कला गांव में हर आम का पेड़ लकड़कट द्वारा काटा जा रहा था। इसके अलावा दो महुआ का पेड़ काटा जाना था। सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए लाखों वृक्षारोपण कराने का कार्य कर रही है, वहीं लकड़ी काटने वाले ठेकेदार पुलिस व वन विभाग कर्मियों की मिली भगत से लगातार हरे पेड़ों को काट रहे हैं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अभी हाल ही में कई गांव में हरे पेड़ काटे गए। रोक के बावजूद वन विभाग एवं पुलिस कर्मियों की मिली भगत से ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं। इसलिए वह किसी कार्रवाई से डरते नहीं और अंधाधुंध हरे पेड़ों की कटान पर लगे हुए हैं। हरे पेड़ों की कटान कर लाखों का वारा न्यारा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अगर हरे पेड़ों के काटने का यही सिलसिला चलता रहा तो अभी गर्मी से लोग व्याकुल हैं फिर आने वाले समय में पानी से व्याकुल होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने हरे पेड़ों की कटान पर रोक लगाई जाने की मांग की है।

### जेईई एडवांस की परीक्षा पास कर श्रेयस ने लहराया परचम

**सुलतानपुर।** आईआईटी मद्रास की तरफ से जेईई एडवांस परीक्षा का आयोजन 26 मई को किया गया था, जिसका रिजल्ट रविवार को जारी कर दिया गया। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भटपुरा निवासी श्रेयस तिवारी पुत्र विनोद कुमार तिवारी ने जेईई एडवांस परीक्षा पास कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। जारी रिजल्ट में श्रेयस ने सामान्य रैंक सूची (सीआरएल) में 3794वीं सामान्य ईडब्ल्यूएस में 398वीं रैंक प्राप्त की। श्रेयस ने घर पर रहकर ही खुद से परीक्षा की तैयारी की थी।

# सैनिक समाज सेवा संगठन की फिरोजाबाद इकाई की मासिक बैठक संपन्न



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** सैनिक समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट जयसिंह यादव फौजी के निर्देशानुसार फिरोजाबाद इकाई की मासिक बैठक संपन्न हुई। फिरोजाबाद इकाई की मासिक बैठक विशेष कुमार यादव की अध्यक्षता में आहूत की गई थी। बैठक में संगठन के अधिकांश पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य रूप से बैठक में सैनिकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा मिली शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कोषाध्यक्ष ध्रुवजीत सिंह ने संगठन के आय व्यय का सम्पूर्ण ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। संरक्षक इंजीनियर रामब्रेष यादव ने आगामी कार्यक्रम पर चर्चा करके अहम बिंदुओं पर प्रकाश डाला। विशेष कुमार यादव ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सबका आभार व्यक्त किया। संगठन की एकता और भारत माता के जयकारे के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक इंजीनियर रामब्रेस यादव, मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह यादव, अध्यक्ष विशेष कुमार यादव, उपाध्यक्ष दलबीर सिंह यादव, सचिव प्रयाग चन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष ध्रुवजीत सिंह, मीडिया प्रभारी मुरारी लाल, जसराना तहसील अध्यक्ष रवीश कुमार यादव, अनवर सिंह, रामऔतार सिंह, दलबीर सिंह, जितेंद्र कुमार, प्रेम सिंह, दान सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बीट सिपाहियों की सरपरस्ती में अवैध मिट्टी खनन जोरों पर

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में हल्का दरोगाओं एवं बीट सिपाहियों की सरपरस्ती में अवैध मिट्टी खनन जोरो पर है। अब इसे प्रशासन की अनदेखी कहे या उच्चाधिकारियों की मिलीभगत जिससे खनन माफियाओं के हौसले बीते कई माह से बुलंद देखे जा रहे हैं। इन खनन माफियाओं द्वारा जहां दिन दहाड़े मिट्टी खनन के जरिए पर्यावरण को खुले आम चोट पहुंचाई जा रही है वहीं कानून के इकबाल कों सरेआम चुनौती दीं जा रही।

बताते चले की शनिवार को भी कस्बा स्थित जाकिर हुसैन नगर के पीछे स्थित कब्रिस्तान के पास दिन भर खनन चलता रहा। दिन दहाड़े हो रहे खनन पर कार्यवाही तो दूर की बात किसी भी अधिकारी को खनन की जानकारी नही हुई हालाकि इसमें जरा सी भी सच्चाई नहीं है कि किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को क्षेत्र में हो रहे खनन की जानकारी न हो। सच्चाई तो यह है कि बीते छः माह से अधिकारियों की मिली भगत से क्षेत्र में जमकर मिट्टी खनन का कार्य बदस्तूर जारी है। जानकारी हो की पूर्व में रही कोतवाल रेखा सिंह कों खनन प्रकरण में लिप्त रहने की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी द्वारा निलंबित किया गया बावजूद इसके पुलिसिया महकमा मोटी कमाई के चक्कर में किसी प्रकार का सबक नहीं सीख रहा। प्रकरण में कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया की हल्का दरोगा व सिपाहियों कों खनन पर रोक लगाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं, संलिप्तता संबंधी किसी प्रकार की शिकायत आने पर उच्चाधिकारियों कों अवगत करा कार्यवाही कराई जाएगी।

# तेजस्वी यादव और कपिल शर्मा ने किया रायबरेली का नाम रोशन

**रायबरेली।** दिल्ली में इंटरनेशनल हेल्थ, स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फेस्टिवल द्वारा आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में रायबरेली के तेजस्वी यादव ने सब जूनियर केटेगरी में 145 किलो का बारबेल को उठाकर स्वर्ण पदक जीता है द्य तेजस्वी यादव ने आईएचएफएफ द्वारा आयोजित करवाए गए शेरू क्लासिक स्ट्रांगमैन डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में 60 किलो की केटेगरी में 145 का भार उठा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है द्य इसके साथ-साथ इसी प्रतियोगिता मे रायबरेली के ही कपिल शर्मा ने भी जूनियर केटेगरी मे गोल्ड मेडल जीता है द्य कपिल शर्मा ने 74 किलो की केटेगरी मे 210 का भार उठा कर यह पुरस्कार जीता है। यह प्रतियोगिता दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हुई है जिसमें कई देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है द्य रायबरेली के दोनों खिलाड़ियों ने वेट लिफ्टिंग मे कीर्तिमान स्थापित करके रायबरेली का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है दोनों खिलाड़ियों के परिजनों एवं साथियों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।




# उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया सेवा संकल्प दिवस

**रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भव्य रूप से सेवा संकल्प दिवस मनाया गया। उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रायबरेली द्वारा भव्य रूप से सेवा संकल्प दिवस का कार्यक्रम घंटाघर पर मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता विशिष्ट अतिथि प्रदेश युवा मंत्री सोनू वर्मा द्वारा छोले और शरबत का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, प्रदेश युवा अध्यक्षअतुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय संदीप बंसल जी के जन्मदिन को पूरे प्रदेश में सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है इसमें किसी भी रूप में जन सेवा का कार्यक्रम किया जाता है, विगत 24 वर्षों से मंडल द्वारा यह कार्यक्रम किया जा रहा है, जिला संरक्षक संदीप जैन जिला अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा ने बताया कि रायबरेली जनपद की समस्त इकाइयां बछरावां, महाराजगंज, सलोन, डलमऊ में भी सेवा संकल्प दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिला महामंत्री प्रभाकर गुप्ता कोषाध्य चंद्रप्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष मंडल ने प्रत्येक जून के माह में प्याऊ लगाकर एक माह तक जल सेवा करने का संकल्प लिया है, आज के कार्यक्रम प्रभारी वरिष्ठ जिला महामंत्री संदीप शुक्ला नगर अध्यक्ष केके गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक सिंह को सम्मानित किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्की सिंह, बीके रावत, संतोष साहू, प्रियंका अवस्थी, भवलीन चावला, शिखर श्रीवास्तव, दुर्गेश वर्मा, अब्दुल वाहिद, दिलदार राइनी, दिग्विजय सिंह, मुकेश अग्रवाल, संदीप मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।



### सुमित का आईआईटी में हुआ चयन

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार विकास खंड के धौरहरा गांव प्रधान प्रतिनिधि संदीप यादव के पुत्र सुमित यादव का जेईई एडवांस परीक्षा पास कर आईआईटी में चयन हुआ। सुमित की इस उपलब्धि पर परिवारीजनों सहित मित्रों, शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। सोशल मीडिया से लेकर निज निवास पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। बताते चले कि होनहार सुमित ने सरस्वती विद्या मंदिर सुलतानपुर से हाईस्कूल में 98 प्रतिशत, इंटर 97 प्रतिशत की परीक्षा पास करने के उपरांत पिछले वर्ष दो बार एनडीए की परीक्षा पास की। सुमित ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों व माता पिता को दिया है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने खड़ी दो बाइक और साइकिल को कुचला, बाल बाल बचे लोग

**रायबरेली।** तेज रफ्तार अनियंत्रित हुआ ट्रैक्टर एक घर के सामने खड़ी दो मोटरसाइकिलों का एक साइकिल पर जाकर चढ़ गया जिससे दोनों गाड़ियां व साइकिल छटग्रस्त हो गई वहीं घर के सामने बैठे लोग बाल बाल बच गए और बड़ा हादसा टल गया। बता दे कि रविवार को समय करीब सुबह के 8 मिल एरिया थाना क्षेत्र के कसेटी गांव में एक ट्रैक्टर चालक अनियंत्रित गति से गांव में जा रहा था तभी वह एक घर के सामने नियंत्रण होने पर खड़ी दो मोटरसाइकिल व एक साइकिल पर चढ़ा दिया जिससे दोनों मोटरसाइकिल व साइकिल छटग्रस्त हो गई वहीं घर के सामने बैठे लोग बाल बाल बच गए किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई घटना से मचे हड़काम के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और किसी तरह से ग्रामीणों ने मामले को शांत कराया मामला गांव का ही होने के चलते किसी ने पुलिस को घटित घटना की जानकारी देना उचित नहीं समझा फिलहाल इस घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है अगर समय रहते ट्रैक्टर ना रुक जाता तो बड़ी घटना भी हो सकती थी।

संक्षेप

## चोरी के आभूषण सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस ने चोरी के आभूषण सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना दक्षिण पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के मुकदमें में वांछित एक अभियुक्त सलमान पठान पुत्र नुसरत पठान निवासी मोहम्मदगंज थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को जूता वाली गली थाना दक्षिण से चोरी किये चाँदी के 2.5 जोडी पायल व 12 जोडी बिछि?ा सहित गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

## हत्या के केस में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना एका पुलिस टीम ने हत्या के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसएसपी द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश के अनुपालन में थाना एका पुलिस टीम ने रविवार को थाना एका पर पंजीकृत हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त सोमेन्द्र यादव पुत्र रघुवर दयाल निवासी नगला डम्बर थाना एका जनपद फिरोजाबाद को शीशीया पुल के पास अवागढ़ कट से गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

## विप्राजेई की बीमारी के चलते मौत

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण में कार्यरत अवर अभियंता की बीमारी के कारण मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है। शाहदरा निवासी 58 वर्षीय अतुल कुमार जैन पुत्र प्रेम कुमार जैन फिरोजाबाद शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण में अवर अभियंता पद पर कार्यरत थे। वह सन 2014 से फिरोजाबाद में ही तैनात थे। वह लगभग 6 माह से बीमार चल रहे थे। ऐसा साथ के लोगों का कहना था। उनकी रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथ के लोग उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सक ने भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया उपचार के बाद भी उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। स्टाफ के अन्य लोग उनके शव को लेकर जिला अस्पताल आए। जहां शव को विच्छेदन ग्रह में रखवाने के बाद सूचना पुलिस और परिजनों को दी। पता चलते ही परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है।

## तीसरी बार पीएम बनने पर जताया हर्ष

**सोनभद्र।** भाजपा एनडीए गठबंधन के नेतृत्व में रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बनने के खुशी में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकताओं ने स्वर्ण जयंती चैक पर मिठाई बाटकर खुशी का इजहार किया एक दूसरे को दी बधाई। वहीं जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने बताया कि देश के विकास व प्रदेश के विकास के लिए प्रधानमंत्री पीएम मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर भाजपा कार्यकर्ता व एनडीए कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी जगह-जगह जिले के विभिन्न बूथों सेक्टरों में कार्यकताओं ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर कार्यकताओं ने मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को दी बधाई महिला मोर्चा ने महिलाओं को मिठाई खिलाकर उनकी सुरक्षा व उनके विकास का दिलाया भरोसा।

# प्रचंड गर्मी पर भारी पड़ रही है आस्था



बांकेबिहारी मंदिर में भारी हुजूम

**मथुरा।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार की सुबह से ही भक्तों का भारी हुजूम दर्शन के लिए उमड़ पड़ा। ऐसे में उमसभरी गर्मी और भीड़ के दबाव में बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों की हालत बिगड़ती रही। पसीने से तरबतर श्रद्धालुओं का हुजूम मंदिर की ओर बढ़ता ही जा रहा था। पुलिस के बैरियर पर श्रद्धालुओं को रोके जाने से हालात बिगड़ने लगे। जैसे ही बैरियर खुलता तो श्रद्धालुओं की दौड़ मंदिर की ओर शुरू हो जाती। ऐसे में बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों की हालत बिगड़ती रही। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को सुबह मंदिर खुलने से पहले ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए पहुंच गई। मंदिर के पट खुलते ही भक्तों का हुजूम दर्शन के लिए मंदिर प्रांगण में उमड़ पड़ा। बाहर कड़ी धूप, और नंगे पैरों से मंदिर की ओर बढ़ते श्रद्धालुओं की हालत बिगड़ रही थी लेकिन बैरियर पर श्रद्धालुओं को रोके जाने पर उन्हें कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। बार-बार बैरियर पर श्रद्धालुओं को रोका जाता तो सिर पर तेज धूप और तपती धरती पर नंगे पैर श्रद्धालुओं का खड़ा होना मुश्किल हो रहा था। मंदिर के अंदर सुरक्षागार्ड श्रद्धालुओं को बाहर निकालने के लिए दिनभर पसीना बहाते रहे। लेकिन, मंदिर सेवायतों की हठधर्मिता के कारण श्रद्धालुओं का ठहराव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा जिसके चलते मंदिर के अंदर और बाहर श्रद्धालुओं को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

## सपा सांसद उत्तम पटेल ने किये बिहारी जी के दर्शन

**मथुरा।** यूपी में लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने वाली सपा के नेताओं का दर्शन लाभ प्राप्त करने के लिए वृंदावन आने का सिलसिला बना हुआ है। पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की फैमिली के पश्चात पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व नवनिर्वाचित सांसद फतेहपुर नरेश उत्तम पटेल वृन्दावन आए। उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शन करते हुए अपनी जीत के प्रति आभार व्यक्त किया। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष अंकित वार्ष्णेय और प्रदेश सदस्य अशोक कुमार ने नवनिर्वाचित सांसद नरेश उत्तम पटेल का स्वागत करते हुए उनको शानदार जीत की बधाई दी। इस अवसर पर सांसद श्री उत्तम ने कहा की मैं ठाकुर बांके बिहारी जी के चरणों में आशीर्वाद प्राप्त करने आया हूं और प्रार्थना करता हूं कि ठाकुर बांके बिहारी जी 2027 में उप्र में भी सपा की सरकार बनवाये।

## फायरिंग से दहशत फैलाने वाले भाजपा नेता सहित 15 अज्ञातों के खिलाफ केस दर्ज

**मथुरा।** गोवर्धन में एक भाजपा नेता की गुंडई थमने का नाम नहीं ले रही है। विगत दिनों पहले शहर की अशोका हाइट्स कॉलोनी में महिलाओं और बच्चियों के साथ मारपीट का मामला ठंडा नहीं पड़ा कि गोवर्धन के जुलहेंदी गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर उक्त भाजपा नेता समेत छह नाजमद और 15 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस आरोपी कथित भाजपा नेता की तलाश में तेजी



से जुट गई है। गौरतलब है कि विगत एक सप्ताह पूर्व मथुरा शहर के थाना हाइवे क्षेत्र स्थित अशोका हाइट्स में भाजपा नेता भूपेंद्र चैधरी ने बाउंसर के साथ कॉलोनी की महिलाओं एवं नाबालिग बच्चियों से मारपीट कर दहशत फैलाई थी, इस मामले में थाना हाइवे पर भूपेंद्र चैधरी समेत अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी कि अब गोवर्धन क्षेत्र के गांव जुलहेंद में जमीन पर कब्जे को लेकर भूपेंद्र चैधरी, उसके भाई सुशील चैधरी, कैलाश, प्रहलाद, सुरेश समेत अज्ञात लोगों पर फायरिंग का आरोप लगा है। भगत सिंह जादौन ने भूपेंद्र चैधरी समेत छह नामजद एवं 15 अज्ञात के खिलाफ फायरिंग कर जानलेवा हमला के आरोप में गोवर्धन थाने पर केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। थानाध्यक्ष विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि भूपेंद्र चैधरी ने जुलहेंदी में जमीन पर कब्जे को लेकर फायरिंग की है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## क्षत्रिय स्वर्ण कार सेवा समिति ने लगाया प्याऊ



**टूंडला।** भीषण गर्मी को देखते हुए क्षत्रिय स्वर्ण कार सेवा समिति के सौजन्य से न्यू रेलवे कॉलोनी में स्थित यज्ञशाला मन्दिर पर प्याऊ की व्यवस्था की गई। जिसमे लोगों को ठंडा व शुद्ध जल पीने को मिलेगा इस नेक कार्य से आम जनता को काफी राहत मिली है एवम राहगीर भी शुद्ध पीने का पानी पी रहे है इस नेक कार्य में सहयोग करने वाले ठा. मोती बाबू ठा. सिद्धार्थ सिंह अशोक वर्मा किशोर वर्मा सनी प्रकाश.पंडित अंकित श्रोत्रिया बाबा हनुमान दास डाल चंद.गोविन्द यादव.आशीष शर्मा.शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी.राजन प्रेस बाले राजेंद्र बघेल उर्फ ट्विंकल .सोनू पंडित ने सहयोग दिया।

## अघोषित विद्युत कटौती से घर व दफ्तरों में बैचेनी

**मथुरा।** अघोषित विद्युत कटौती से घर और दफ्तरों में लोग बैचेन हो रहे हैं। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। गर्मी में इसपरेशानी से लोग आग बबूला हो रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते जहां लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं वहीं इसगर्मी में अघोषित विद्युत कटौती ने घरों में बैठे लोगों को बैचेन करदिया है। रोजाना ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं तो कहीं लाइन मैनों को बंधक बनाया जा रहा है। रोजाना बिजली घरों पर हो रहे प्रदर्शन इस बात का संकेत हैं कि विद्युत विभाग समय से पहले व्यवस्थाएं पूरी नहींकरता, जिसकी वजह से लोगों को धरने, प्रदर्शन और तोड़फोड़ करनी पड़ती है। विभाग केपास पर्याप्त संसाधन न होने के कारण बिजली की व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाती। अंडर ग्राउंड लाइटिंग शहर में कई स्थानों पर होने के बाद भी जरा सी आंधी और वर्षा में विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती हैं, जिससे पता चलता है कि विभाग की तैयारियां पूरी नहीं है। बंगाली घाट फीडर से पोषित छत्ता बाजार की बिजली आपूर्ति घंटो अवरूद्ध रही। दिन भर लोग बिजली न मिलने से बेचैन नजर आए। यहां के लोग बताते हैं कि सुबह से ही बिजली नहीं थी। इंवर्टर भी बोल गए। विभाग के अफसर बताते हैं कि ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण अव्यवस्था रही। इससे एक रोज पूर्व पूजा एंकलेव, राधापुरम स्टेट से संबंधित क्षेत्रों में भी यही स्थिति रही। कोसी में तो विद्युत कटौती से नाराज लोगों ने तीन लाइन मैनों को बंधक बना लिया। वहां जर्जर विद्युत लाइनों से आपूर्ति आए दिन प्रभावित होती है, लेकिन उसका स्थायी हल नहीं ढूंढा गया।

## बांकेबिहारी मंदिर से कुछ दूरी पर पुरानी इमारत में लगी फिर आग

**मथुरा।** ठा. बांके बिहारी मंदिर मार्ग पर महज 36 घंटे के अंदर बैंक ऑफ बड़ौदा की पुरानी इमारत में दोबारा बीतीरात आग लग जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। मकान मालिक ने साजिशन आग लगाने का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की है। विद्यापीठ चैराहे से ठाकुर बांके बिहारी मंदिर मार्ग पर बैंक ऑफ बड़ौदा की खाली हो चुकी पुरानी इमारत में रविवार की सुबह करीब दस बजे अचानक आग की लपटें निकलती दिखाई दीं। रविवार होने के कारण मंदिर जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ थी। मकान से धुंआ निकलता देख राह से गुजरते लोगों में हड़कंप मच गया। इसी बीच सूचना पाकर इलाका पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस संबंध में इमारत स्वामिनी ममता ने बताया कि उनके मकान में दोबारा आग लगने की घटना हुई है। यह किसी साजिश की ओर इशारा कर रहा है। क्योंकि जब आए तो घर के किवाड़ टूटे हुए थे। उन्होंने मामले की जांच कराने की मांग की है। इस आगजनी की घटना से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।



# एडीआरएम ने किया शिकोहाबाद जंक्शन का निरीक्षण



**शिकोहाबाद।** अमृत भारत योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण एवं पुनर्निमाण के लिए एडीआरएम ने जंक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने माल गोदाम साइडिग के विस्तार एंव यार्ड के विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को भी निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान एडीआरएम संजय सिंह ने अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर हो रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को भी सुना। इस में माधौगंज और गढ़ूमा के लोगों ने रेलवे ओवर ब्रिज पर बीच में उतरने-चढ़ने के लिए सीड़ियां बनवाने की मांग की। जिसे एडीआरएम ने गंभीरता से लिए और उस पर विचार कर शीघ्र सीड़ियों के निर्माण का आश्वासन दिया। इस दौरान समाजसेवी राम प्रकाश गुप्ता ने रेलवे स्टेशन पर कई समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अवगत कराया कि नीम खेरियापास अंडर पास नगला हैंडल, नहर पटरी रेलवे कालोनी होते हुए फरुखावाद ब्राच से अंडर पास रेलवे स्टेशन वटेश्वर पुल से नीचे उतरने के लिए सीढीयां 1 व 2 नंबर प्लेट फार्म पश्चिम साइड़ पर शौचाचलय नही है। जिससे यात्रियो को परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। शौचालय की व्यवस्था की जाये। कोराना काल में कई ट्रेनो का ठहराव बन्द कर दिया गया था, उसको पुनः ठहराव किये जाये। जिसमें मगध एक्स., फरक्का एक्स., आम्रपाली एक्स., सूबेदारगंज देहरादून एक्स., महानंदा एक्सप्रेस और टूंडला से पैसेंजर दिल्ली सुबह जाने वाली उक्त पैसेन्जर ट्रेन को शिकोहाबाद से चलाया जाए। एडीआरएम संजय सिंह ने आश्वासन दिया कि इन बिंदुओं पर जल्द समाधान किया जाएगा। स्टेशन अधीक्षक राजेश्वर सिंह, बाबू लाल मीना, एसएसई सिग्धनल मनोज कुमार, उप स्टेशन अधीक्षक केसी मीना, माल अधीक्षक कुमार समस्त रेल स्टाफ मौजूद रहा।

## विज्ञान कैम्प में अंधविश्वास पर स्लोगन प्रदर्शन का आयोजन किया



**फिरोजाबाद।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर निःशुल्क विज्ञान कैम्प के पंद्रहवें दिवस पर जनजागरूकता के लिए अंधविश्वास पर एक स्लोगन प्रदर्शन का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस कैम्प में विज्ञान के चमत्कारों के माध्यम से अंधविश्वास को दूर करने के विषय के साथ विज्ञान के प्रयोग एवं अन्य क्रियाकलाप भी किए जा रहे है। कैम्प के पंद्रहवें दिवस पर स्लोगन प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने अंधविश्वास पर विभिन्न जन जागरूकता संदेश प्रदान करते हुए स्लोगन जैसे अंधविश्वास को हटाते चलो, जीवन को आगे बढ़ाते चलो, अंधविश्वास को दूर करो, जीवन को खुशहाल करो, ना होगा अब अंधविश्वास, जब होगा विज्ञान पर विश्वास, जीवन में शान्ति चाहिए, तो अंधविश्वास को दूर करने की क्रान्ति चाहिए, सभ्य समाज से दूर करो, अंधविश्वास तुम दूर करो, अपने रास्ते से क्यों हटते हो, अंधविश्वास को क्यों अपनाते हो, अंधविश्वास को क्यों अपनाते हो, अपने को कमजोर क्यों समझते हो, अंधविश्वास से नाता तोड़ो, विज्ञान से नाता जोड़ो आदि प्रदर्शित किए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के कार्य की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कु पायल कश्यप, रोशनी, करिश्मा, उपासना सिंह, गोसिया फारूकी, तान्या माथुर, साक्षी यादव, निशा कुमारी, वर्षा, खुशी, सारिका, अंजली, पूजा, शिवानी, प्रीती, मोहित सिंह, सोनवीर, ब्रजमोहन, आर्यन प्रताप सिंह, कृष्णा, अनुज कश्यप, मनीष कुमार, शिवांशु कुशवाह, नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हार के बाद कांग्रेसियों ने किया मंथन



- समीक्षा बैठक में माथुर और विद्रोहियों पर जमकर बरसे कांग्रेसी

**मथुरा।** होली गेट स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय पर मथुरा लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने की।

बैठक में कार्यकताओं ने एक स्वर से पार्टी प्रत्याशी का काम न करने वाले पार्टी नेताओं पर जमकर आक्रोश जताया। कार्यकर्ता दबंगई की वजह से भले ही कुछ नेताओं का नाम नहीं ले पाए, लेकिन पूर्व विधायक प्रदीप माथुर के खिलाफ खुलकर बोले और कहा कि इन जैसे नेताओं को जिले की राजनीति से बाहर किए बगैर पार्टी को मथुरा में पार्टी को उबारा नहीं जा सकता। हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी मुकेश धनगर को पार्टी द्वारा उम्मीदवार बनाए जाने के साथ ही पार्टी के स्थानीय स्तर के बड़े नेताओं को सांप सूंघ गया था। पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में कहीं भी यह नेता प्रचार और जनसंपर्क में नजर नहीं आए। उसके बाद भी कार्यकताओं और स्वयं की दौड़ भाग से मुकेश ने जो वोट हांसिल किए वो लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के पिछले दो दशक में नहीं मिल पाए। ऐसे में कार्यकताओं का मानना था कि पार्टी से अपनी अहमियत बनाने वाले नेता धनगर का साथ देते तो यह चुनाव जीता जा सकता था। पार्टी कार्यकताओं ने महानगर अध्यक्ष से ऐसे नेताओं के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रस्ताव भेजे जाने को कहा। समीक्षा बैठक में गठबंधन प्रत्याशी मुकेश धनगर, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि, राजकुमार रावत, निजाम खान, कृष्णवीर चैधरी, ब्रजेन्द्र बघेल, अप्रितम सक्सेना, विपुल पाठक, महेशचैबे, प्रवीण गौड़, उमेश शर्मा आदि मौजूद थे। संचालन मनोज गौड़ ने किया।

## बीडीसी सदस्य ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**म्योरपुर, सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुपा चुआ के क्षेत्र पंचायत सदस्य 35 वर्षीय रूप लाल पुत्र राम रूप का शव घर से दो किमी दूर भोला बथान के जंगल में रविवार की सुबह पेड़ से लटकता मिला है। थाने के एस आई शाहिद यादव और ग्राम प्रधान राम नारायण ने बताया कि रूप लाल पत्नी से मनमुटाव के बाद तीन दिन पहले शाम को घर से गायब था। घर वाले तब से उन्हें ढूंढने की कोशिश में लगे थे। उन्हे शक था की घर से नाराज होकर वह कहीं रिस्तेदारी में चले गया होगा। रविवार की सुबह चरवाहों ने पेड़ में रस्सी के सहारे लटकता शव देखा तो प्रधान को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार सिंह ने आशंका जताते हुए बताया कि बीडीसी सदस्य ने जिस दिन गायब हुआ था उसी दिन फांसी लगा लिया था। इसलिए उसका शव सड़ गया और दुर्गंध आ रही थी। मृतक के पिता रूप शाह के तहरीर पर पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पोस्ट मार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया। बताया कि उसने फांसी क्यूं लगाई इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

## 50 हजार की नगदी सहित जेवरात चोरी

**म्योरपुर, सोनभद्र।** स्थानीय कस्बे के हवाईपट्टी गेट से महज सौ मीटर दूरी पर कस्बा निवासी महेंद्र प्रताप सिंह के घर शनिवार की रात्रि में चोरो ने जेवर सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पत्नी का सोने का चैन, दो अंगूठी, मंगल सूत्र, पौजेब, कान का झुमका, सहित पैतालीस से 50 हजार रुपये नगदी थी सुबह 4 बजे बेटी को बनारस जाना था बेटी उठी यो दरवाजा बंद देख चिल्लाई तो हम लोग उठे घर को चेक किये तो अलमारी टूटा देख भौचक रह गए अलमारी से नगदी सहित पूरा जेवर गायब था। चोरो द्वारा गिरमिट नामक औजार से घर के पीछे का दरवाजा खोल पूरे घर की तलासी ले कर जिस कमरे में जेवर सहित नगदी था उसी कमरे में उन्होंने चोरी को अंजाम दिया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह बाइक सवार को कार ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हाइवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत देवीपुरा के वैष्णव नगर कालोनी में रहने वाले गोपाल सक्सेना (60) पुत्र हरि शंकर आज सुबह लगभग सात बजे किसी काम से बाइक पर सवार होकर गोकुल रेस्टोरेंट की तरफ जा रहे थे। तभी राधावैली के सामने तेज गति से आती कार ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग सामान्य में भाग लेने वाले स्वयं सेवक कर रहे है रोटियां एकत्र



**मथुरा।** कान्हा की नगरी मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा घर घर जाकर सुबह एवं शाम रोटियां एकत्रित की जा रही है। ये रोटियां ब्रज प्रांत के 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग सामान्य में भाग लेने आये 600 स्वयंसेवको के खाने हेतु मंगाई जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ब्रज प्रांत का 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग सामान्य 11 जून तक परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहा है जिसमें 600 स्वयंसेवक शिक्षार्थी, व्यवस्था एवं शिक्षक के रूप में सहभागिता कर रहे हैं। इन सभी स्वयंसेवकों के लिए सुबह एवं शाम भोजन की रोटियां परिवारों से ही एकत्रित होकर जा रही हैं। परिवारों से रोटी संग्रह सामाजिक समरसता, समानता एवम बंधुत्व हेतु संघ का अभिनव प्रयोग है। नित्य प्रति लगभग 350 परिवारों से साढे तीन हजार रोटियां समाज के माध्यम से संग्रहित होती हैं प्रत्येक परिवार से 10 रोटी देने का आवाहन किया जाता है।

## चौकी बरारी पर हुई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा



- आईपीएस टिंकल जैन व समस्त थाना पुलिस ने दी हवन मे आहुति

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी के अंतर्गत पुलिस चौकी बरारी परिसर मे सेकड़ो साल पहले बने शिव पार्वती मन्दिर का नवनिर्माण कराया व मंदिर मे गणेश जी माँ पार्वती राधा कृष्णा दुर्गा माँ हनुमान जी की प्रतिमा रखी व प्राण प्रतिष्ठा कराई गयी। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान आचार्य पंडित के साथ चौकी प्रभारी विपिन तोमर ने सर्वप्रथम सुन्दर काण्ड का पाठ किया। समापन पर भक्त जनो को प्रसादी वितरण की कार्यक्रम मे थाना प्रभारी रिफाइनरी प्रशिक्षू आईपीएस टविंकल जैन मुख्य अतिथि रही। वही मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम मे समस्त थाना पुलिस के साथ गाँव बरारी व आसपास के सेकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पंचगव्य चाणक्य गौ-उत्पाद स्वदेशी केंद्र शुरू

- व्यक्ति रोजाना पंचगव्य का सेवन करने से स्वस्थ व बलवान बना रह सकता है: किशन चौधरी

**मथुरा।** बीएसए रोड स्थित पंचगव्य चाणक्य गौ-उत्पाद स्वदेशी केन्द्र के उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चोधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने गौ माता की महिमा, गौ उत्पाद पंचगव्य पर प्रकाश डाला।

जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा कि सोरायसिस, त्वचा रोग, एक्जीमा, गठिया, सूजन तथा कुष्ठ रोग जैसी बहुत सी बीमारियों का इलाज, पंचगव्य उत्पाद से किया जा सकता हैं, जिसमें गाय का दूध और उससे बनी चीजें तथा गौ-मूत्र व गोबर आदि शामिल होते हैं। उन्होंने कहा रोजाना पंचगव्य का सेवन करने से, व्यक्ति स्वस्थ और बलवान बना रह सकता है। पंचगव्य का उपभोग करने से सोरायसिस जैसी खतरनाक बीमारियां, त्वचा रोग, एक्जीम और खुले घाव, बहुत जल्द ठीक हो जाते हैंह्व। दाऊजी मंदिर के रिसीवर एवं भाजपा पार्षद आरके पांडेय ने कहा कि गाय की प्रदक्षिणा करने से चारों धाम के दर्शन लाभ प्राप्त होता है क्योंकि गाय के चार पैर चार धाम माने गए है। जिस प्रकार पीपल का वृक्ष एवं तुलसी का पौधा आक्सीजन छोड़ते है उसी प्रकार यदि एक छोटा चम्मच देसी गाय का घी जलते हुए कंडे पर डाला जाए तो एक टन ऑक्सीजन बनती है। यही कारण है कि इसलिए हमारे यहाँ यज्ञ हवन अग्नि-होम में गाय का ही घी उपयोग में लिया जाता था। प्रदूषण को दूर करने का इससे अच्छा और कोई साधन नहीं है। चाणक्य युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पंचगव्य चाणक्य गौ उत्पाद स्वदेशी केन्द्र के संस्थापक आर्य अशोक शर्मा ने कहा कि गाय के मूत्र, गोबर, दूध इत्यादि से तैयार उत्पादको का केन्द्र है जिसका शुभारंभ शहर में हुआ है। पंचगव्य का उपभोग से कई गंभीर बीमारियों का इलाज संभव है। कार्यक्रम में इस दौरान चाणक्य युवा संगठन के सदस्य एवं संघ के स्वयं सेवक मौजूद रहे।




## निःशुल्क पेयजल प्याऊ से राहगिर बुझा रहे प्यास

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर स्थित बढ़ौली चैक पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत आयोजित निःशुल्क पेयजल प्याऊ का संचालन इन्फोटेक सैलूशन, नोएडा द्वारा किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था ने रसना युक्त एवम सादा ठंडा पानी व देशी गुड़ राहगीरों यात्रियों को उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में मॉनिटरिंग एजेंसी की देख रेख में एवं इंफोटेक सोल्यूशंस के जिला परियोजना समन्वयक सोनू सैनी, उप जिला समन्वयक अतुल सिंह, तथा टीम के कार्यकता गोलू, सुधीर, अरोहित, सुरज आदि का सहयोग रहा।

## मछली पालन केन्द्र पर पकड़ी बिजली चोरी

**मथुरा।** बिजली विभाग की टीम ने नौहझील क्षेत्र में शनिवार को मछली पालन केन्द्र पर बड़ी बिजली चोरी पकड़ी। यहां लोड करीब 34 किलोवाट मिला। एसडीओ नौहझील सामर्थ श्रीवास्तव एवं एसडीओ टेस्ट मनीष बंसल के निर्देशन में जेई अशोक शर्मा एवं जेई मीटर राम कुमार प्रेमी ने नौशेरपुर रोड नौहझील क्षेत्र स्थित मछली पालन केन्द्र को चेक किया। यहां बिजली कनेक्शन नलकूप एलएमबी फाइव का मिला जबकि उपयोग लघु उद्योग एमएलबी छह में बिजली का उपयोग किया जा रहा था। यहां करीब 34 किलोवाट का लोड मिला। समरसेबिल पंप तीन एसी आदि उपकरण चलते मिले।

संक्षेप

## डोसा, इडली बनाने पर देना होगा 18 फीसद जीएसटी

नयी दिल्ली। इडली, डोसा और खमन बनाने के मिश्रण को सत्तू के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाना चाहिए। गुजरात अग्रिम निर्णय अपीलीय प्राधिकरण (जीएएआर) ने यह फैसला सुनाया है। गुजरात स्थित किचन एक्सप्रेस ओवरसीज लिमिटेड ने जीएसटी अग्रिम प्राधिकरण के फैसले के खिलाफ एएआर से संपर्क किया था। कंपनी ने कहा था कि उसके सात इंस्टेंट आटा मिक्स तैयार भोजन नहीं है और उन्हें खाना पकाने की कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। कंपनी गोटा, खमन, दालवड़ा, दही-वड़ा, ढोकला, इडली और डोसा के आटे के मिश्रण को पाउडर के रूप में बेचती है। जीएएआर ने अपीलकर्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा कि इंस्टेंट आटा मिक्स बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री प्रासंगिक जीएसटी नियमों के तहत शामिल नहीं है, जैसा कि सत्तू के मामले में है।

## एशियन पेंट्स ने बनायी क्रिकेटरों की राह आसान



कानपुर। भारत की सबसे बड़ीपेंट और डेकॉर कंपनी, एशियन पेंट्स, ने 5 से 14 साल*के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर नियोभारत द्वारा पेश की गयी स्कॉलरशिप लॉन्चकी। यह पहल उनके ब्रांड के सिद्धांत - हर घर खेलेगा, हर घरखिलेगा को दर्शाती है, इससे हर घर में प्रगति और विकास के अवसर पहुंचाने के उनके गंभीर संकल्प का पता चलता है। इस नए अभियान के ब्रांड एंबेसडर विराट कोहली के साथ, एशियन पेंट्स का लक्ष्य माता-पिता और बच्चों को इस अवसर का लाभ उठाने और क्रिकेट स्कॉलरशिप के लिए नाम लिखवाने के लिए प्रेरित करना है। यह पहल टियर 2 और टियर 3 मार्केट में भारतीयों की उम्मीदों को मजबूत बनाने के नियोभारत के विचार का हिस्सा है। इसका उद्देश्य उभरती हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को खोजना और उनको सुविधाएं उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें अपने खेल को बेहतर बनाने और अपने जुनून को आगे बढ़ाने का मौका मिल सके। नियोभारत द्वारा दी जाने वाली इस क्रिकेट स्कॉलरशिप में 100 होनहार युवाओं में से प्रत्येक को 2 लाख रुपये की स्कॉलरशिप मिलेगी।

## स्टार्टअप के लिए मांगी जा सकती है ज्यादा राशि

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नई सरकार द्वारा घोषित आगामी बजट में स्टार्टअप के लिए अधिक धनराशि की मांग कर सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में बजट पेश कर सकती है। अप्रैल, 2021 में 945 करोड़ रुपये की धनराशि के साथ घोषित सीड फंड योजना 2025 में समाप्त हो जाएगी। मंत्रालय इसी तर्ज पर एक नई योजना प्रस्तावित करने पर विचार कर सकता है। सीड फंड योजना का उद्देश्य स्टार्टअप्स को अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार में प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना था। इस निधि को भारत भर में इनक्यूबेटरों के माध्यम से पात्र स्टार्टअप्स को शुरुआती वित्तपोषण प्रदान करने के लिए चार वर्षों में विभाजित किया गया था।

## बिनौला मजबूत, अन्य तेल तिलहन कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। सहकारी संस्था हाफेड की ओर से सरसों बिक्री के लिए निविदा मंगाने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में बाकी सभी तेल तिलहन कीमतों पर दवाब कायम हो गया तथा उनके दाम में गिरावट आई। सरसों के महंगा होने से सरसों खल की जगह बिनौला खल की मांग बढ़ने से केवल बिनौला तेल और बिनौला खल के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि सरसों बिक्री की यह पहल ऐसे समय में हो रही है जब किसानों के पूरी उपज अभी खपे नहीं हैं। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दाम पर किसी हालत में बिक्री करने को राजी नहीं है। वह खाद्यतेलों का आयात बढ़ने, सरसों के दाम और टूटने जैसी अफवाहों से मुंह फेरे हुए हैं।

# आठ कंपनियों की पूंजी 3.28 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह 10 सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनियों में आठ ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 3.28 लाख करोड़ रुपये जोड़े। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सर्वाधिक लाभ हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत उछल गया।

शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और आईटीसी को लाभ हुआ। इन कंपनियों ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल 3,28,116.58 करोड़ रुपये जोड़े। शीर्ष 10 कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में गिरावट हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 80,828.08 करोड़ रुपये बढ़कर 14,08,485.29 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने 58,258.11 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 6,05,407.43 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 54,024.35 करोड़ रुपये बढ़कर 19,88,741.47 करोड़ रुपये और इंफोसिस का मूल्यांकन 52,770.59 करोड़ रुपये बढ़कर 6,36,630.87 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 32,241.67 करोड़ रुपये बढ़कर 11,96,325.52 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 32,080.61 करोड़ रुपये बढ़कर 8,10,416.01 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी ओर एलआईसी का मूल्यांकन 12,080.75 करोड़ रुपये घटकर 6,28,451.77 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 178.5 करोड़ रुपये घटकर 7,40,653.54 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

# ओएनजीसी को मुंबई हाई तेल क्षेत्र के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश



नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) अपने प्रमुख तेल क्षेत्र मुंबई हाई में घटते उत्पादन की स्थिति बदलने के लिए विदेशी भागीदारों की तलाश कर रही है।

इसके लिए उन्हें बढ़े हुए उत्पादन से राजस्व का एक हिस्सा और एक निश्चित शुल्क की पेशकश की गई है। हालांकि, कोई इक्विटी हिस्सेदारी नहीं दी जाएगी। ओएनजीसी ने एक जून को एक अंतरराष्ट्रीय निविदा जारी की, जिसमें कम से कम 75 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक राजस्व वाले वैश्विक तकनीकी सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को आमंत्रित किया गया। टीएसपी को क्षेत्र के प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा करनी होगी और सुधारों की पहचान करनी होगी। साथ ही उत्पादन में सुधार के लिए उपयुक्त तकनीकी हस्तक्षेप और प्रथाओं को लागू करना होगा। बोलीदाताओं से 10 साल की अनुबंध अवधि के दौरान तिमाही आधार पर वृद्धिशील उत्पादन के साथ ही बेसलाइन उत्पादन के बारे में बताना होगा। इसके अलावा बढ़े हुए तेल और गैस उत्पादन की बिक्री से मिलने वाले राजस्व में उन्हें कितना हिस्सा चाहिए, यह भी बताना होगा। बोलियां 15 सितंबर, 2024 तक दी जानी हैं। निविदा दस्तावेज में कहा गया है कि उच्चतम वृद्धिशील उत्पादन और सबसे कम राजस्व हिस्सेदारी की पेशकश करने वाले टीएसपी को उसके प्रयासों के लिए एक निश्चित सेवा शुल्क भी दिया जाएगा। मुंबई हाई फील्ड (पहले बॉम्बे हाई फील्ड) मुंबई तट से अरब सागर में लगभग 160 किलोमीटर दूर स्थित है।

# यात्री वाहनों का निर्यात 2.68 लाख इकाई बढ़ा

नयी दिल्ली। पिछले चाल वित्त वर्षों में भारत से यात्री वाहनों के निर्यात में 2.68 लाख इकाई की वृद्धि हुई है। इस बढ़े हुए निर्यात में मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है।

उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में यात्री वाहनों का निर्यात 4,04,397 इकाई रहा। यह वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5,77,875 इकाई और वित्त वर्ष 2022-23 में 6,62,703 इकाई हो गया। बीते वित्त वर्ष में निर्यात 6,72,105 इकाई रहा, जो 2020-21 के मुकाबले 2,67,708 इकाई अधिक है। इस निर्यात वृद्धि में मारुति सुजुकी ने 70 प्रतिशत का योगदान दिया है। मारुति सुजुकी के निर्यात में वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच ।,85,774 इकाई की वृद्धि हुई।

इस बारे में मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा कि अधिक मॉडलों की पेशकश करने, वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन करने और टोयोटा के साथ गठजोड़ से निर्यात बढ़ाने में मदद मिली।

उन्होंने कहा कि कंपनी वर्तमान में दुनिया भर के लगभग 100 देशों में निर्यात कर रही है। कंपनी के शीर्ष विदेशी बाजारों में दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, चिली और मैक्सिको शामिल हैं।

# एफपीआई ने इक्विटी से 14,800 करोड़ निकाले



नयी दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले हफ्ते में घरेलू शेयरों से करीब 14,800 करोड़ रुपये निकाले। भारत के आम चुनाव के नतीजों और चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन से प्रभावित होकर उन्होंने ऐसा किया।

चुनाव नतीजों की अनिश्चितता, मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार बढ़ोतरी के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में 25,586 करोड़ रुपये और अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। उन्होंने जनवरी में 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। विशेषज्ञों ने कहा कि मध्यम से लेकर दीर्घ अवधि के नजरिए से बात की जाए तो विदेशी निदेशकों की नजर भारत में ब्याज दरों की दिशा पर होगी। आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस महीने (सात जून तक) 14,794 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। भारत में आम चुनाव के नतीजों ने जून में भारतीय इक्विटी बाजारों में विदेशी निवेशकों के प्रवाह को काफी प्रभावित किया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि चीनी शेयरों को लेकर एफपीआई की निराशा खत्म होती दिख रही है और हांगकांग एक्सचेंज में सूचीबद्ध चीनी शेयरों में निवेश बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि चीनी शेयरों का मूल्यांकन बहुत आकर्षक हो गया है।

दूसरी ओर, एफपीआई ने ऋण बाजार में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया।

# वैश्विक संकेत शेयर बाजारों को दिशा देंगे: विश्लेषक

नयी दिल्ली। अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जाहिर की। पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए, लेकिन उससे पहले भारी गिरावट भी हुई।

बीते सप्ताह में, बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 759.45 अंक या 3.37 प्रतिशत चढ़ा। शुक्रवार को दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि लोकसभा चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के नतीजे आ चुके हैं। अब निवेशकों का ध्यान वैश्विक कारकों पर है। इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल और जिंस की कीमतों से बाजार की चाल तय होगी।

# 448 परियोजनाओं की लागत में 5.55 लाख करोड़ की बढ़ोतरी



नयी दिल्ली। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2024 में 150 करोड़ रुपये से अधिक की 448 अवसंरचना परियोजनाओं की लागत में कुल 5.55 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। मंत्रालय 150 करोड़ रुपये और उससे अधिक मूल्य की अवसंरचना परियोजनाओं की निगरानी करता है। रिपोर्ट के मुताबिक ऐसी 1,838 परियोजनाओं में 448 की लागत में बढ़ोतरी हुई है और 792 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं।

मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट में अप्रैल 2024 के बारे में कहा गया है कि 1,838 परियोजनाओं के कार्यान्वयन की कुल मूल लागत 27,64,246.50 करोड़ रुपये थी और अब उनकी अनुमानित समापन लागत 33,19,601.84 करोड़ रुपये है। इससे लागत में 5,55,355.34 करोड़ रुपये (मूल लागत का 20.09 प्रतिशत) की कुल बढ़ोतरी को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक इन परियोजनाओं पर अप्रैल 2024 तक कुल 16,92,997.5 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो परियोजनाओं की अनुमानित लागत का 51 प्रतिशत है। रिपोर्ट में हालांकि कहा गया है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की ताजा समयसारिणी के अनुसार गणना की जाए तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या घटकर 514 हो सकती है।

# एनसीएलटी ने की हिमालयन मिनरल वाटर के खिलाफ दिवाला कार्रवाई शुरू




नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। इसमें एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स के लिए दी गई कॉरपोरेट गारंटी की चूक के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक की याचिका को स्वीकार कर लिया गया है।

एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने देहरादून स्थित इस कंपनी की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के लिए भूपेश गुप्ता को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) भी नियुक्त किया है।दो सदस्यों वाली पीठ ने पिछले सोमवार को दिए आदेश में कहा,' हम इस बात से संतुष्ट हैं कि आवेदकावित्तीय ज्णदाता (जेएंडके बैंक) ने ऋण और चूक को साबित कर दिया है, जो कि निर्धारित सीमा से अधिक है...। धारा 7 के तहत आवेदन कॉरपोरेट कर्जदार (हिमालयन मिनरल वाटर्स) के खिलाफ सीआईआरपी शुरू करने के लिए उपयुक्त पाया गया है। जम्मू और कश्मीर बैंक ने पेय पदार्थों के विनिर्माण के व्यवसाय में लगी हिमालयन मिनरल वाटर्स के खिलाफ 50 करोड़ रुपये के चूक का दावा किया था। हिमालयन मिनिरल वाटर्स एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स द्वारा प्राप्त ऋण सुविधाओं के लिए कॉरपोरेट गारंटर थी।एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स ने मई 2017 में अपना कारोबार हैवेल्स इंडिया को 1,550 करोड़ रुपये में बेचा था।अप्रैल, 2020 में एलईईएल इलेक्ट्रिकल्स के खिलाफ़ एनसीएलटी द्वारा दिवाला कार्यवाही शुरू की गई थी, क्योंकि इसके एक सक्रिय कर्जदार ने याचिका दायर की थी। बाद में, खरीदार न मिलने पर एनसीएलटी ने दिसंबर 2021 में परिसमापन आदेश पारित किया।

## पेज एक का शेष

### मोदी को

बधाई! मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी अविराम साधना का ही प्रतिफल है कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र का 'नव उत्थान' हुआ है। गरीब, महिला, युवाओं के साथ ही देश के वंचित वर्ग का जीवन आसान हुआ है। विरासत, विकास व विश्वास को संजोए यह अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि देश और एनडीए परिवार को गौरवभूषित तथा हर्षित करने वाली है। 140 करोड़ भारतवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए साधनारत प्रधानमंत्री का यह कार्यकाल निःसंदेह 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करते हुए भारत को विश्व में महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला सिद्ध होगा। भारत माता की जय !

### घाटी में श्रद्धालुओं

2008' रखा गया था। जम्मू-कश्मीर के अलग हादसे में मनवाल से गुजरू नगरोटा जा रही एक मिनीबस उधमपुर में बट्टल मोड़ के पास एक पुल से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमपुर जोगिंदर सिंह के मुताबिक, सभी घायलों को इलाज के लिए पीएचसी मजालता में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### राजनाथ को भाजपा

संस्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी थी।सिंह को 1986 में भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। बाद में वह 1988 में इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इसी साल सिंह उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए। साल 1991 में जब उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो राजनाथ को शिक्षा मंत्री बनाया गया। वर्ष 1994 में वह राज्यसभा भेजे गए और 1997 में उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बनाए गए। उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री रहते उन्होंने नकल-रोधी कानून लागू करवाया था। इसमें नकलची विद्यार्थियों को परीक्षा हॉल से गिरफ्तार किया जाता था और जमानत अदालत से मिलती थी। साथ ही वैदिक गणित को पाठ्यक्रम में भी शामिल करवाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। सिंह 20 अक्टूबर 2000 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। हालांकि उनका कार्यकाल दो साल से भी कम समय का रहा। इसके बाद केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी-नीत राजग सरकार में सिंह को भूतल परिवहन और कृषि मंत्री बनाया गया था। उनको पहली बार पार्टी की कमान 2005 से 2009 तक मिली तो दूसरी बार वह इस पद पर 2013 से 2014 तक रहे। सिंह 2009 में गाजियाबाद और 2014 तथा 2019 में लखनऊ से सांसद निर्वाचित हुए। वर्ष 2014 में जब भाजपा की सरकार बनी तो उन्हें देश का गृहमंत्री बनाया गया। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में उन्होंने रक्षा मंत्रालय का दायित्व संभाला था। रक्षा मंत्री के तौर पर वह राफेल विमान की पहली खेप लेने के लिए 2020 में जब फ्रांस गये थे और उन्होंने इस विमान की पूजा की थी तो वह काफी चर्चा में रहे थे।

### शेयर बाजार में

अनुसार, 20 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।इसने नियामक तंत्र पर फिर से सवालिया निशान खड़ा कर दिया है... अदालत के निर्देश के बावजूद, कुछ भी नहीं बदला है। एग्जिट पोल में भाजपा की शानदार जीत का अनुमान जताए जाने पर बीएसई सेंसेक्स गत सोमवार को 2,507 अंक या 3.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,469 अंक पर बंद हुआ।हालांकि, एक दिन बाद मंगलवार को शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली और सेंसेक्स 4,390 अंक या छह प्रतिशत लुढ़ककर 72,079 पर बंद हुआ। यह पिछले चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट थी।

# मुंबई में दो दिन पहले पहुंचा मॉनसून, भारी बारिश,यातायात प्रभावित



नयी दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 30 मई को समय से पहले पहुंचने के बाद मुंबई में भी सामान्य से दो दिन पहले रविवार को पहुंचा गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश हुई, जिससे तापमान कम हुआ और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण महाराष्ट्र के पड़ोसी पालघर जिले में सड़क का एक हिस्सा धंस गया जिससे रविवार सुबह मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर चार घंटे से अधिक समय तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि पाइपलाइन सहित मरम्मत कार्य जारी थे तभी भारी बारिश के कारण पालघर के मालजीपाड़ा इलाके में सड़क का एक हिस्सा धंस गया। उन्होंने बताया कि इससे यातायात ठप हो गया और सड़क के दोनों ओर आवाजाही बाधित हो गई। रविवार सुबह 5.30 बजे से यातायाज जाम में फंसे कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि समस्या पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। ठाणे, नासिक, छत्रपति संभाजीनगर, अहमदनगर, सातारा और जलगांव सहित महाराष्ट्र के कई अन्य जिलों में भी पिछले एक दिन में अच्छी बारिश हुई। रविवार सुबह 8.30 बजे समाप्त 24 घंटे की अवधि में मुंबई में 60 मिमी से अधिक बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दक्षिण मुंबई में स्थित कोलाबा वेधशाला, जहां राज्य सरकार के अधिकांश प्रशासनिक कार्यालय स्थित हैं, में 67 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास सांताक्रूज़ वेधशाला में इसी अवधि में 64 मिमी बारिश दर्ज की गई। कोलाबा वेधशाला ने अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.9 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान में गिरावट से रात में तापमान कम होने का संकेत मिलता है। आईएमडी के अनुसार, सांताक्रूज़ वेधशाला में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 1.9 डिग्री कम है। आईएमडी की रिपोर्ट के मुताबिक, कृषि के लिहाज से महत्वपूर्ण जिलों जैसे सातारा में पिछले एक दिन में 91 मिमी, नासिक में 64 मिमी, अहमदनगर में 57 मिमी, छत्रपति संभाजीनगर में 51 मिमी और जलगांव में 41 मिमी बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि ठाणे और पालघर जिलों में भी रात भर भारी बारिश हुई जिससे कुछ इलाकों में जल भराव हो गया। उन्होंने बताया कि ठाणे शहर के कुछ इलाकों में पेड़ गिरने की खबरें हैं। रविवार सुबह 8.30 बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि में, ठाणे शहर में 37.06 मिमी बारिश हुई। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा कि रविवार दोपहर 12.30 बजे से 1.30 बजे के बीच अधिकतम 16.76 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि तड़के 3.30 से 4.30 बजे के बीच 10.93 मिमी बारिश दर्ज की गई। सामान्यतः मॉनसून एक जून तक केरल और 11 जून तक मुंबई तथा 27 जून तक राष्ट्रीय राजधानी पहुंच जाता है।मौसम विभाग ने केरल में मॉनसून के 15 मई को 31 मई तक पहुंचने की संभावना जताई थी। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से मई के अंत में गुजरे चक्रवात रेमल ने मॉनसून को बंगाल की खाड़ी की ओर खींच लिया जिसके परिणामस्वरूप पूर्वोत्तर में मॉनसून का आगमन समय से पहले हो गया है। केरल में मॉनसून के आगमन की सामान्य तिथि एक जून तथा अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में पांच जून है। पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम, उत्तर-पश्चिम में सामान्य और देश के मध्य और दक्षिण प्रायद्वीप क्षेत्रों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

# मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए नयी दिल्ली के कुछ हिस्सों में सुरक्षा-व्यवस्था के कड़े इंतजाम

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर नयी दिल्ली के कुछ हिस्सों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन के चारों ओर अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियों, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद और स्नाइपर को तैनात किया गया है। इसके अलावा निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे भी लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने कहा, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली सशस्त्र पुलिस (डीएपी) के जवानों की पांच कंपनियों सहित 2,500 से अधिक पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति भवन के चारों ओर तैनात किया गया है। अधिकारी ने कहा, हमने इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है, यातायात परिवर्तित कर दिया गया है और अवरोधक भी लगाए गए हैं। किसी को भी कानून-व्यवस्था को भंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नरेन्द्र मोदी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा लोकसभा चुनाव में 293 सीटें जीतने के बाद ऐतिहासिक तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री का पदभार संभालेंगे। अधिकारी ने बताया कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के गणमान्य व्यक्तियों को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है, इसलिए राष्ट्रीय राजधानी में हाई अलर्ट रहेगा। उन्होंने कहा, हमने उनके होटल से कार्यक्रम स्थल तक और वापसी के लिए मार्ग निर्धारित कर दिए हैं। इस दौरान आम लोगों को इन रास्तों पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हमने लोगों को मार्ग परिवर्तन के बारे में पहले ही जानकारी दे दी है। शपथ ग्रहण समारोह में बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, भूटान, नेपाल, मॉरीशस और सेशेल्स के शीर्ष नेता शामिल होंगे। उनके ठहरने के मद्देनजर दिल्ली के लीला, ताज, आईटीसी मौर्या, क्लैरिजेस और ओबेरॉय जैसे होटल में भी सुरक्षा-व्यवस्था बढ़ा दी गई है। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, चूंकि यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन के अंदर आयोजित किया जाना है।



# रोमांचक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 रन से हराया

एजेंसी

न्युयार्क। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को 120 रन का टारगेट चेज नहीं करने दिया। आखिरी ओवर में 18 रन चाहिए थे, अर्शदीप ने इस ओवर में 11 रन दिए। भारत ने पाकिस्तान को 6 रन से हरा दिया। टी-20 इंटरनेशनल में भारत ने यह सबसे छोटा टोटल डिफेंड किया है। पाकिस्तान की टीम 7 विकेट पर 113 रन ही बना सकी। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी की। आखिरी 2 ओवर में पाकिस्तान को जीत के लिए 21 रन चाहिए थे। जसप्रीत बुमराह 19वां ओवर लेकर आए और सिर्फ 3 रन दिए। उन्होंने इफ्तिखार का विकेट भी लिया। आखिरी ओवर में पाकिस्तान को 18 रन चाहिए थे। अर्शदीप यह ओवर लेकर आए और सिर्फ 11 रन दिए।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को 120 रन का टारगेट दिया है। टीम इंडिया की ओर से सबसे ज्यादा 42 रन ऋषभ पंत ने बनाए। उनके अलावा कोई बल्लेबाज 20 का आंकड़ा नहीं पार कर पाया। पूरी टीम 19 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गई। टी-20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान ने पहली बार टीम इंडिया को ऑलआउट किया है।

टारगेट का पीछा कर रही पाकिस्तान ने 4 ओवर में बिना विकेट खोए 21 रन बना लिए हैं। ओपनर बाबर आजम और मो. रिजवान क्रीज पर हैं। शिवम दुबे ने तीसरे ओवर में बुमराह की गेंद पर रिजवान का कैच छोड़ दिया। इसके बाद सिराज ने अपनी ही गेंद पर बाबर का कैच छोड़ा। पाकिस्तान और इंडिया का मैच बारिश के चलते 50 मिनट देर से शुरू हुआ। इंडिया ने पावरप्ले तक 2 विकेट खोकर 50 रन बना लिए थे। बाद के 13 ओवर में सिर्फ 69 रन बनाए और 8 विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान की ओर से सभी विकेट पेसर्स ने लिए। नसीम शाह को 3, हारिस रउफ 3, मो. आमिर को 2 और एक विकेट शाहीन शाह अफरीदी को मिला। नसाउ में अब तक 4 मैच हुए हैं और 3 मैच चेज करने वाली टीम जीती है। टी-20 वर्ल्ड कप की बात करें तो इस टूनार्मेंट में भारत और पाकिस्तान की यह 8वीं टक्कर है। पिछले 7 मुकाबलों में 6 भारत और 1 पाकिस्तान जीता है। इंडियाः रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज। पाकिस्तानः मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), बाबर आजम (कप्तान), उस्मान खान, फखर जमान, शादाब खान, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह और मोहम्मद आमिर। पाकिस्तान की पारी के तीसरे ओवर में शिवम दुबे से मोहम्मद रिजवान का कैच ड्रॉप हो गया। रिजवान ने बुमराह की लेंथ बॉल को क्रॉस खेला और बॉल डीप फाइन लेग पर गई। जहां दुबे के पास कैच करने का मौका था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। अगले ही ओवर में मोहम्मद सिराज के पास फॉलो थ्रू पर बाबर को कैच करने का हाफ चांस था, लेकिन सिराज उसे भुना नहीं सके। अर्शदीप के विकेट के साथ भारतीय टीम 199 रन पर ऑलआउट हो गई है। ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए और अक्षर पटेल ने 20 रन का योगदान दिया। सभी विकेट पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने झटके। नसीम शाह और हारिस राउफ ने 3-3 विकेट लिए। मोहम्मद आमिर को दो सफलताएं मिली। शाहीन शाह अफरीदी को भी एक विकेट मिला। भारतीय टीम 19 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गई है। शाहीन शाह अफरीदी के ओवर की आखिरी बॉल पर कप्तान बाबर आजम से मोहम्मद सिराज का कैच छूटा, लेकिन एक रन लेने के प्रयास में नॉन स्ट्राइकर अर्शदीप सिंह रनआउट हो गए। 18वां ओवर डालने आए हारिस राउफ ने लगातार दो बॉल पर विकेट लिए। उन्होंने हार्दिक पंड्या (7 रन) के बाद जसप्रीत बुमराह को चलता किया। राउफ को तीसरी सफलता मिली है। इस ओवर के बाद भारत का स्कोर 113/9 हो गया। नसीम शाह ने अपने आखिरी ओवर में 3 रन दिए हैं। उन्होंने अपनी गेंदबाजी से बड़ा अंतर खड़ा किया। शाह ने अपने कोटे के 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट झटके। शाह ने कोहली, अक्षर और शिवम दुबे को पवेलियन भेजा। 16 ओवर में भारत ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है, हालांकि 7 विकेट गिर चुके हैं। भारतीय पारी का 15वां ओवर डालने आए मोहम्मद आमिर ने लगातार दो बॉल पर दो विकेट गंवाए। उन्होंने पहली बॉल पर पंत को बाबर आजम के हाथों कैच कराया। फिर रवींद्र जडेजा को इमाद वसीम के हाथों कैच कराकर चलता कर दिया। पंत 42 और जडेजा शून्य पर आउट हुए।







## संक्षेप

### सौरभ ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में दो स्वर्ण जीते

हमीरपुर (हिमाचल)। भारतीय धावक सौरभ शर्मा ने स्विट्जरलैंड के नोट्टविल सिटी में आयोजित विश्व पैरा एथलीट ग्रां प्री में दो स्वर्ण पदक जीते। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के इस खिलाड़ी ने टी12 वर्ग में 155 मीटर और 5000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया। वह इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर सात स्वर्ण पदक जीत चुके है। यहां के रूप खायाह गांव के निवासी सौरभ के बड़े भाई विकास ने बताया, सौरभ ने छोटी उम्र से ही अपने खेल का सफर शुरू कर दिया था और आज उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने और देश के लिए पदक जीतने का अपना सपना भी पूरा कर लिया है। सौरभ वर्तमान में देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में अध्ययनरत हैं। शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन पर उनके कोच नरेश सिंह नयाल ने खुशी जताते हुए कहा कि सौरभ ने देहरादून में कड़ी मेहनत की है और अब नतीजे सबके सामने है।

### शुभंकर शर्मा संयुक्त 26वें स्थान पर

हेलसिंगबर्ग, (स्वीडन)। भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया जिससे वह स्कैंडिनेवियन मिक्स्ड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गए। शुभंकर ने पहले दो दौर में समान 69 का स्कोर बनाया था लेकिन तीसरे दौर में वह अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने पहले आठ होल में एक बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाई। भारत के इस खिलाड़ी ने 13वें होल में ट्रिपल बोगी की और अगले होल में बर्डी करने के बावजूद वह 20वें से 26वें स्थान पर खिसक गए। स्वीडन के सेबेस्टियन सोडरबर्ग ने 6 अंडर 66 का कार्ड खेल कर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उनका कुल स्कोर 21 अंडर पार पर है और उन्होंने आठ शॉट की बढ़त हासिल कर रखी है।

### बांग्लादेश के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

न्यूयॉर्क। अपने पहले दो मैच में जीत दर्ज करके ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को अगर टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखना है तो बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दो नों टीम के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की अप्रत्याशित व्यवहार कर रही पिच से सामंजस्य से बिठाना आसान नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं इसलिए वह थोड़ा फायदे में रहेगा। बांग्लादेश ने भी भारत के खिलाफ यहां अभ्यास मैच खेला था।

## वेस्टइंडीज ने युगांडा को 134 रन से हराया

एजेंसी

प्रोविडेंस (गयाना)। बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में युगांडा को 134 रन से करारी शिकस्त दी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 173 रन बनाए जिसके जवाब में युगांडा 12 ओवर में 39 रन बनाकर आउट हो गया।

हुसैन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 रन देकर 5 विकेट लिए। युगांडा ने पुरुष टी20 विश्व कप में न्यूनतम स्कोर की बराबरी की। इससे पहले जॉनसन चार्ल्स (44) ने वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए जबकि आंद्रे रसेल ने 30 रन की आक्रामक नाबाद पारी खेली। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 22 रन, कप्तान रोवमैन पावेल ने 23 और शेरफन रदरफोर्ड ने 22 रन का योगदान दिया। युगांडा की तरफ से ब्रायन मसाबा ने 31 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने इस बड़ी जीत से अपना नेट रन रेट 3.574 पर पहुंचा दिया है जिससे उसे ग्रुप सी में शीर्ष पर जगह बनाने में मदद मिलेगी। वेस्टइंडीज के कप्तान पावेल ने मैच के बाद कहा, यहां से आगे का रास्ता कड़ा हो जाएगा लेकिन हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। हम प्रत्येक मैच में 10 से 15 प्रतिशत सुधार करने पर बात करते हैं। पहले मैच में हम अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए हम एक टीम के रूप में सुधार करना चाहते थे। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने युगांडा को क्रिकेट का कड़ा सबक सिखाया। युगांडा के कप्तान मसाबा ने कहा, हमारे लिए यह मुश्किल दिन था। इससे हमें कड़ा सबक मिला। हम हर विभाग में नाकाम रहे लेकिन इस मैच से हमें काफी सीख मिली। बल्लेबाजी में हमें बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था लेकिन गेंदबाजों का प्रदर्शन हमारे लिए सकारात्मक रहा। हम उन्हें 200 रन से कम पर रोकने में सफल रहे तथा डेथ ओवरों में हमने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। युगांडा की आधी टीम पावर प्ले में ही पवेलियन पहुंच गई थी। हुसैन ने गेंदबाजी का आगाज किया और अपने पहले तीन ओवर में तीन विकेट लिए। युगांडा के बल्लेबाज हुसैन की गेंदों को समझने में नाकाम रहे जिन्होंने पहली बार पांच विकेट लेकर टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। युगांडा की तरफ से नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे जुमा मियागी (नाबाद 13) दोहरे अंक में पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज थे। वेस्टइंडीज की तरफ से हुसैन के अलावा अलजारी जोसेफ ने तीन ओवर में 6 रन देकर दो विकेट लिए।



**अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक में कट से चूकी**

गैलोवे (अमेरिका)। भारत की अदिति अशोक आखिर में दो बर्डी बनाने के बावजूद एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गई। बेंगलुरु की रहने वाली इस गोल्फर ने पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया था, लेकिन दूसरे दौर में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। वह दूसरे दिन 13 होल के बाद दो ओवर पर थी।

## गुरप्रीत फीफा विश्व के लिए भारतीय कप्तान नियुक्त

दोहा। भारत की पहली पसंद के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को रविवार को यहां कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत मंगलवार को यहां के जसीम बिन हमद स्टेडियम में मेजबान कतर से खेलेगा। भारतीय टीम मैच के लिए शनिवार रात दोहा पहुची। टीम इस मैच को जीतकर विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे चरण में पहली बार प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। सुनील छेत्री के संन्यास के बाद यह भारत का पहला मैच है। छेत्री ने बृहस्पतिवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ रहे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदा ले ली। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने इस मुकाबले के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी जिसमें रक्षा पंक्ति के खिलाड़ी अमेय रानावाडे, लालचुंगनुंगा और सुभाशीष बोस शामिल नहीं है। बोस ने निजी कारणों से टीम में शामिल नहीं करने का निवेदन किया था। रानावाडे और लालचुंगनुंगा के बारे में स्टिमक ने कहा, मैं उन दोनों खिलाड़ियों से संतुष्ट हूं। हमने भविष्य के लिए उनके खेल के विभिन्न पहलुओं पर काम किया। उन्हें यहां आयी टीम से बाहर करने से पहले हमने अच्छी बातचीत की और उन्हें पता है कि उन्हें अपने खेल में कहां सुधार करना है।

## गॉफ और सिनियाकोवा ने फ्रेंच ओपन में जीता खिताब

एजेंसी

पेरिस। कोको गॉफ ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर अपना पहला महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। पिछले साल अमेरिकी ओपन का महिला एकल खिताब जीतने वाली 20 साल की अमेरिका की गॉफ और चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने जैस्मिन पाओलिनी और सारा इरानी की इटली की जोड़ी को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया।

गॉफ ने तीसरी बार ग्रैंडस्लैम महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले उन्हें 2022 में रोलां गैरो पर ही और 2021 में अमेरिकी ओपन में खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। गॉफ ने कहा, तीसरी बार में भाग्यशाली रही। मेरे साथ खेलने के लिए धन्यवाद कैटरीना। टूर्नामेंट से दो दिन पहले हमने एक साथ खेलने का फैसला किया। प्रशंसकों को भी धन्यवाद। मुझे पता है कि रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे अधिकांश लोगों के लिए जल्दी होता है। मेरे लिए यह जल्दी है। पाओलिनी को शनिवार को रोलां गैरो पर एकल फाइनल में चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। स्वियातेक ने एकल सेमीफानइल में गॉफ को हराया था। सिनियाकोवा ने महिला युगल में अपनी जोड़ीदार बारबरा क्रेसिकोवा के साथ करियर स्लैम (चारों ग्रैंडस्लैम जीतना) पूरा किया है। वह फ्रेंच ओपन में 2018 और 2021 की भी महिला युगल चैंपियन हैं।

इरानी भी अपनी पूर्व जोड़ीदार रॉबर्टा विन्सी के साथ युगल में करियर स्लैम पूरा कर चुकी हैं। इस जोड़ी ने 2012 में फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। उसी साल इरानी को एकल फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।




**अरेवालो और पाविच को फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब**

पेरिस। अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। अरेवालो और पाविच ने शनिवार को खेले गए फाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। पाविच ने इस तरह से चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया। पाविच ने मैच के बाद कहा,, यहां यह मेरा पहला खिताब है और इसलिए मैं बहुत खुश हूं।

## ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 36 रन से हराया

एजेंसी

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर टी20 विश्व कप में अपने चिर प्रतिद्वंदी इंग्लैंड को 36 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 201 रन बनाये जो वर्तमान विश्व कप में किसी टीम का अभी तक सर्वोच्च स्कोर है। इंग्लैंड की टीम इसके जवाब में 6 विकेट पर 165 रन ही बना पाई। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया है। इंग्लैंड को अभी पहली जीत का इंतजार है।

उसे अब ओमान और नामीबिया का सामना करना है जबकि स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के कारण उसे अंक बांटने पड़े थे। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद डेविड वार्नर (16 गेंद पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 39 रन) और ट्रेविस हेड (18 गेंद पर 34 रन, दो चौके, तीन छक्के) ने पहले 5 ओवर में 70 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को आक्रामक शुरूआत दिलाई। इन दोनों के चार रन के अंदर पवेलियन लौट जाने के बाद कप्तान मिशेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल ने जिम्मेदारी संभाली। मार्श ने 25 गेंद पर 35 रन बनाए जिसमें दो चौके और इतने ही छक्के शामिल हैं। मैक्सवेल ने 25 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। इसके बाद मार्कस स्टोइनिस ने 17 गेंद पर 30 और पैट कमिंस ने 10 गेंद पर नाबाद 17 रन बनाकर उपयोगी योगदान दिया। टिम डेविड ने 11 रन की पारी खेली। स्टोइनिस ने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए। इंग्लैंड की तरफ से क्रिस जॉर्डन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 44 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

इसके बाद फिल साल्ट और कप्तान जोस बटलर ने पावर प्ले में 54 रन जोड़े और फिर मिशेल स्टार्क के अगले ओवर में 19 रन बनाकर पहले विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। एडम जंपा (28 रन देकर दो विकेट) ने साल्ट को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापसी दिलाई। साल्ट ने 23 गेंद पर 37 रन बनाए, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल हैं। जंपा ने इसके बाद बटलर को बैकवर्ड प्वाइंट पर कैच कराया जिन्होंने 28 दिन पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। इंग्लैंड का स्कोर 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 92 रन था लेकिन इसके बाद आस्ट्रेलिया ने कसी गेंदबाजी की और उसका क्षेत्ररक्षण भी शानदार रहा। इंग्लैंड के बाद के बल्लेबाजों में मोईन अली (25), हैरी ब्रूक (नाबाद 20) और लियम लिविंगस्टोन (15) अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जंपा के अलावा कमिंस ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। स्टार्क महंगे साबित हुए। उन्होंने तीन ओवर में 37 रन लुटाए।



**आईपीएल से हटने का फैसला सही साबित हुआः जंपा**

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जंपा ने कहा कि आईपीएल 2024 से हटने का उनका फैसला सही रहा क्योंकि इससे उन्हें टी20 विश्व कप की तैयारी करने में मदद मिली और साथ ही उन्होंने अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताया।

जंपा ने टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की इंग्लैंड पर 36 रन से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जंपा ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, निश्चित तौर पर विश्व कप को ध्यान में रखते हुए आईपीएल से हटने का मेरा फैसला सही रहा।

## एशियाई चैंपियनशिप में संजीवनी का दस हजार मीटर में प्रथम स्थान

एजेंसी

पोर्टलैंड (अमेरिका)। एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता धाविका संजीवनी जाधव ने पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफॉर्मेंस प्रतियोगिता में महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ 32 मिनट 22.77 सेकंड में पूरी करके पहला स्थान हासिल किया। इस 27 वर्षीय धाविका ने इससे पहले भी पोर्टलैंड में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रही थी।

इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय सीमा 32 मिनट 55.91 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रही। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 8 मिनट 21.85 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 8 मिनट 11.20 का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए रजत पदक जीता था लेकिन यहां वह इस प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाए। महिला वर्ग में पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण (5000 मीटर) और रजत (3000 मीटर स्टीपलचेज) जीतने वाली पारुल चौधरी स्टीपलचेज में तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने नौ मिनट 31.38 सेकंड का समय निकाला, जो पिछले साल बुडापेस्ट में बनाए गए उनके नौ मिनट 15.31 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से लगभग 16 सेकंड अधिक था।




## महिला हॉकी टीम ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हारी

लंदन। भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग में कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हार गई जिससे टीम की हार का सिलसिला आठ मैचों तक पहुंच गया। इस तरह से भारत ने अपने प्रो लीग सत्र का अंत घरेलू टीम के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के साथ किया। मैच में अधिकतर समय तक अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भारत को अंतिम लम्हों में ग्रेस बाल्डसन (56वें और 58वें मिनट) के दो गोल के कारण हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ दो फैसले लिए गए जिसमें एक वीडियो रिव्यू भी शामिल है जिससे कोच हरेंद्र सिंह निराश हो गए। स्कोर जब 2-2 से बराबर था और अंतिम हूटर बजने वाला था तब बाल्डसन ने शक्तिशाली ड्रैग फ्लिक पर विजयी गोल दागा जो निचले कोने पर लगा। बाल्डसन ने तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक के मुकाबले में विजयी गोल करने के तीन साल बाद एक बार फिर भारतीयों का दिल तोड़ दिया।

# एनडीए ने रचा इतिहास, तीसरी बार बनी सरकार

## 72 मंत्रियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ, सहयोगी दलों को मिला बड़ा तोहफा

### पीएम मोदी के साथ तीस केंद्रीय मंत्रियों ने ली शपथ


मनसुख मांडविया


सर्वानंद सोनोवाल


चिराग पासवान


हरदीप सिंह पुरी


वीरेन्द्र कुमार


ज्योतिरादित्य सिंधिया


कृष्ण पाल गुर्जर


गजेंद्र सिंह शेखावत


गिरीराज सिंह


राम दास आठवले


भूप्रेंद्र यादव


जुरल ओरांव

### अश्विनी वैष्णव को मोदी कैबिनेट में दोबारा एंट्री



नयी दिल्ली। नौकरशाह की जिम्मेदारी निभाने के बाद राजनीति में आए अश्विनी वैष्णव, मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में रेलवे क्षेत्र में सुधार और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल की स्थापना की कोशिशों के लिए जाने जाते हैं। उन्हें मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए भी रविवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। ओडिशा से राज्यसभा सदस्य वैष्णव (53) को 2002 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यालय में उप सचिव नियुक्त किया गया था। उस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का बीजू जनता दल (बीजद) के साथ गठबंधन था। जुलाई 2021 में नरेन्द्र मोदी मंत्रिमंडल 2.0 में उनका शामिल होना कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के पूर्व छात्र वैष्णव को रेलवे, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने न केवल प्रधानमंत्री से बल्कि कई अवसरों पर अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों से भी प्रशंसा अर्जित की। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, वैष्णव ने ओडिशा के सुंदरगढ़, बालासोर और कटक के लोगों की सेवा की और अक्टूबर-नवंबर 1999 में पूर्वी राज्य में आए भीषण चक्रवात के दौरान उनके सक्रिय उपायों के लिए उनकी सराहना की गई। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय में अपने संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल को आगे बढ़ाने के उनके प्रयासों की सराहना की गई थी।

## शपथ से पहले मोदी पहुंचे राजघाट महात्मा गांधी को किया नमन



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्मारक राजघाट पर रविवार सुबह श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी प्रधानमंत्री के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शाम को राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान मोदी और उनके मंत्रिपरिषद को शपथ दिलाएंगी। राजघाट में गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात मोदी भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के स्मारक सदैव अटल पहुंचे और उन्होंने वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इन स्मारकों पर मोदी के पहुंचने के कारण वहां बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। मोदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की, जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों का स्मारक है।

## जयंत चौधरी सरकार में बने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख और राज्यसभा सदस्य जयंत चौधरी ने रविवार को केंद्र सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। जयंत चौधरी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पोते हैं। राज्यसभा की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, जयंत चौधरी का जन्म 27 दिसंबर 1978 को डलास (अमेरिका) में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह और राधिका सिंह के घर हुआ था। फिलहाल जयंत चौधरी उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सदस्य हैं। इससे पहले वह 2009 से 2014 तक मथुरा से 15वीं लोकसभा के सदस्य रहे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रभावी जाट समुदाय से आने वाले जयंत चौधरी किसानों और पिछड़ों के प्रमुख नेता के रूप में जाने जाते हैं। चौधरी ने बीकॉम (ऑनर्स), एमएससी (एकाउंटिंग एंड फाइनेंस) की उपाधि हासिल की है। उन्होंने श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से शिक्षा प्राप्त की। राजग में शामिल होने से पहले रालोद विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया का हिस्सा था। वर्तमान में प्रदेश विधानसभा में इसके नौ विधायक हैं। मोदी सरकार-दो में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से मरणोपरांत सम्मानित किया था।

## जितिन प्रसाद पहले भी रह चुके हैं केंद्रीय मंत्री



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी तीसरी सरकार में राज्य मंत्री पद की शपथ लेने वाले 50 वर्षीय जितिन प्रसाद उत्तर प्रदेश के एक प्रसिद्ध ब्राह्मण राजनीतिक परिवार से आते हैं और कांग्रेस नीत संप्रग सरकार में भी केंद्र में मंत्री रह चुके हैं। जितिन प्रसाद 2021 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए और उन्हें विधान परिषद का सदस्य बनाकर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। साल 2022 में उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दोबारा सरकार बनने के बाद उन्हें लोक निर्माण विभाग का जिम्मा दिया गया। 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने पीलीभीत के सांसद रहे वरुण गांधी का टिकट काटकर जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया और वह चुनाव जीत गये। प्रसाद का परिवार तीन पीढ़ियों से कांग्रेस से जुड़ा रहा था। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में दो बार केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया था। वह 2004 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के सबसे युवा मंत्रियों में शामिल थे। वह 2004 में शाहजहांपुर संसदीय सीट से पहली बार लोकसभा पहुंचे। उनके पिता जितेंद्र प्रसाद भी शाहजहांपुर से सांसद रह चुके थे। मगर जितिन प्रसाद 2014 का लोकसभा चुनाव हारने और तीन साल बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हारने के बाद राजनीतिक वनवास में रहे।

### मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने छात्र राजनीति से शुरू किया था सफर

नयी दिल्ली/गुवाहाटी। असम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल केंद्र में नरेन्द्र मोदी-नीत मंत्रिपरिषद में तीसरी बार रविवार को शामिल किये गए। सोनोवाल 2014 से दो साल तक खेल और युवा कल्याण राज्य मंत्री थे। असम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखने और मुख्यमंत्री बनने से पहले वह केंद्रीय मंत्रिपरिषद में पूर्वोत्तर के एकमात्र प्रतिनिधि थे। हालांकि, वह बाद में मुख्यमंत्री पद त्याग कर 2021 में मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री बने थे।

## मनकापुर नरेश कीर्तिवर्धन सिंह बने केंद्रीय मंत्री



नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले की पूर्व रियासत मनकापुर के वारिस और पांच बार के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने रविवार को केंद्र सरकार में राज्य मंत्री पद के रूप में शपथ ली। आजादी के बाद पूर्वजों द्वारा स्थापित राजनीतिक विरासत को ठीक से संभाला और क्षत्रिय समाज से आने वाले करीब 58 वर्षीय कीर्तिवर्धन सिंह ने 1998 में पहली बार समाजवादी पार्टी (सपा) के टिकट पर गोंडा संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतकर संसद में कदम रखा, लेकिन 1999 में वह भाजपा के बृजभूषण शरण सिंह से पराजित हो गए। वर्ष 2004 में कीर्तिवर्धन पुनः गोंडा से सपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीत गए। लेकिन 2009 में उन्हें फिर पराजय का सामना करना पड़ा। इस बार उन्हें कांग्रेस के दिग्गज नेता बेनी प्रसाद वर्मा ने चुनाव हराया। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के अत्यंत करीबी रहे बेनी प्रसाद वर्मा की सपा में वापसी के बाद कीर्तिवर्धन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की और 2014 में वह फिर से गोंडा सीट जीतने में कामयाब हुए। इसके बाद भाजपा ने उन्हें 2019 और 2024 में भी लगातार उम्मीदवार बनाया और वह जीत की हैट्रिक लगाने में सफल रहे। इसके पहले कीर्तिवर्धन के पिता पूर्व महाराज आनन्द सिंह 1971, 1980, 1984 और 1989 में गोंडा से कांग्रेस से सांसद चुने गये थे। वह विधानसभा के भी सदस्य रहे और उत्तर प्रदेश में (2012-2017) में अखिलेश यादव के नेतृत्व की सपा सरकार में कृषि मंत्री के रूप में भी कार्य किया। आनन्द सिंह ने 2017 में सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया। मनकापुर राजघराने के राजा आनन्द सिंह और रानी वीणा सिंह के घर एक मार्च 1966 को जन्मे कीर्तिवर्धन सिंह को क्षेत्र के लोग प्यार से राजा भैया कहकर बुलाते हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से भूविज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की है। उन्होंने 16 नवंबर 2002 को मधुश्री सिंह से विवाह किया। वह प्रकृति, पर्यावरण सुरक्षा एवं साहसिक कार्यों को लेकर वह काफी चर्चित रहते हैं। वर्ष 2016 में जिले में अवैध खनन को लेकर उन्होंने जिला प्रशासन व उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण में एक याचिका लगाई थी, जिसका फैसला जुलाई 2018 में उनके पक्ष में आया।

## इंटरटेनमेंट...

### ‘बिग बॉस’ ओटीटी 3 की मेजबानी करेंगे अनिल कपूर




नयी दिल्ली। बिग बॉस ओटीटी 3 की इस बार मेजबानी अभिनेता अनिल कपूर करेंगे और इसका प्रीमियर 21 जून से जियो सिनेमा पर होगा। अनिल कपूर ने कहा कि इस अनस्क्रिप्टेड रियलिटी शो जिसमें प्रतिभागियों को कुछ समय तक समाज से अलग एकांत में रखा जाता है और कैमरा उनकी हर गतिविधि पर नजर रखता है, को अपने अंदाज में प्रस्तुत करने का वह बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कपूर इससे पहले डैनी बॉयल की ऑस्कर विजेता फिल्म ‘स्लमडॉग मिलियनेयर’ में एक रियलिटी शो मेजबान की भूमिका निभा चुके हैं। एक बयान में अनिल कपूर ने कहा, ‘बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैंउ हम दोनों दिल से जवान हैंअ लोग अक्सर मजाक में कहते हैं कि मैं रिवर्स एजिंग कर रहा हूं, लेकिन बिग बॉस वास्तव में कालातीत है। यह कुछ हद तक वापस स्कूल जाने जैसा अहसास है, कुछ नया और रोमांचक करने का प्रयास इसका लक्ष्य है। उन्होंने कहा, ‘मैंने हमेशा अपनी सभी परियोजनाएं ईमानदारी और कड़ी मेहनत व प्रतिबद्धता के साथ (पूरी) की हैं और बिग बॉस में भी मेरी ऐसी ही ऊर्जा दिखेगी। पिछले सत्रों की मेजबानी क्रमशः करन जौहर और सलमान खान ने की थी।

### ‘बैड कॉप’ 21 से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी प्रसारित



मुंबई। अभिनेता गुलशन देवय्या और फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अभिनीत एक्शन-ड्रामा सीरीज बैड कॉप 21 जून से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित की जाएगी। ओटीटी मंच ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बैड कॉप का निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है। गुलशन देवय्या इसमें दो जुड़वा भाई करण और अर्जुन का किरदार निभा रहे हैं। करण एक पुलिस कर्मी और अर्जुन एक शातिर चोर है।

### नकारात्मक भूमिका निभाना चाहते हैं जमील खान

मुंबई। सोनी लिव पर धारावाहिक गुल्लक में मिश्रा परिवार के मुखिया की भूमिका निभाने वाले अभिनेता जमील खान को उम्मीद है कि उनका लोकप्रिय अभिनय उनकी पहचान पिता के किरदार वाली नहीं बनाएगा।

खान ने हाल में राजकुमार राव अभिनीत फिल्म श्रीकांत में एपीजे अब्दुल कलाम की भूमिका के लिए प्रशंसा अर्जित की। अब वह गुल्लक के संतोष मिश्रा से अलग दूसरे किरदारों की तलाश में हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा, मैं कोई भी भूमिका निभाना चाहूंगा, चाहे वह छोटी हो, बड़ी हो या मध्यम, जो भी मुझे रचनात्मक संतुष्टि देती हो और जिसमें बहुत सारे रंग हों, जिसका केवल एक आयाम नहीं हो। यह मेरी इच्छा है कि लोग मुझे भविष्य की परियोजनाओं में इस तरह के किरदार निभाते हुए देखें। अभिनेता ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मुझे गुल्लक की तरह पिता की भूमिका नहीं निभाते रहनी पड़ेगी। मैं इस तरह के किरदार में बांधने की धारणाओं को तोड़ना चाहता हूं। मैं चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाना चाहता हूं, चाहे वे नकारात्मक हों या सकारात्मक, मैं इसके लिए तैयार हूं। जमील खान ने चीनी कम में अमिताभ बच्चन, मिशन रानीगंज और गैंग्स ऑफ वासेपुर में अक्षय कुमार सहित फिल्मी सितारों के साथ सहायक भूमिकाएं निभाई हैं।

### 'लव की अरेंज मैरिज' की स्क्रीन शेयर




मुंबई। ‘टीकू वेड्स शेरू’ के बाद एक्ट्रेस अवनीत कौर पहली बार सनी सिंह के साथ फिल्म 'लव की अरेंज मैरिज' में स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। यह फिल्म जी फाइव पर 14 जून 2024 को रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म को लेकर सनी सिंह, अवनीत कौर, राइटर- प्रोड्यूसर राज शांडिल्य और डायरेक्टर इशरत आर. खान से खास बातचीत की। अवनीत कौर ने बताया कि उन्हें कॉमेडी फिल्में सबसे ज्यादा पसंद हैं। सनी सिंह ने रिजेक्शन पर बात करते हुए उसे सफलता का हिस्सा बताया। उन्होंने यह भी कहा कि जब काम नहीं मिलता है तो हर एक्टर की लाइफ में हार्ट ब्रेक मोमेंट जरूर आता है।

अवनीत, सबसे पहले आप बताएं फिल्म 'लव की अरेंज मैरिज के लिए आप कैसे तैयार हुईं? इस फिल्म की बहुत ही खूबसूरत कहानी है। खूबसूरत कहानी के साथ-साथ फिल्म की टीम बहुत अच्छी है। मैं हमेशा से कॉमेडी फिल्म करना चाह रही थी। मेरे दोस्त अक्सर मुझसे बोलते हैं कि मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर अच्छा है। इस वजह से यह फिल्म कर ली। सनी, आपका शादियों वाले सब्जेक्ट से बहुत पुराना नाता रहा है, बार- बार ऐसी फिल्में आपको ऑफर होती हैं? मुझे नहीं पता कि ऐसी फिल्में मुझे क्यों ऑफर होती हैं। रही बात इस फिल्म की, तो इसमें किरदार थोड़ा अलग है। इस फिल्म में एक अलग कहानी हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com